YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-255 | शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



केंद्र सरकार का विशेष ध्यान लद्दाख की नई पीढ़ी पर है। युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्थानीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े।
नरेंद्र मोदी

राहुल गांधी अराजकता के प्रतीक : भाटिया 11

बिहार में रबी महाअभियान 2026 का आगाज 12

संक्षेप



फोन बजते ही स्क्रीन पर कॉलर का नंबर और नाम दिखेंगे

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग ने एक नवंबर 2026 से मोबाइल नेटवर्क पर कॉल करने वाले का नाम दिखाने की सेवा लागू करने का निर्देश दिया है। इस सुविधा का नाम कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन है। इसके तहत फोन नंबर के साथ कॉल करने वाले का नाम भी दिखाई देगा। सेवा शुरू में 4क्रऔर इससे नई तकनीक वाले नेटवर्क पर लागू होगी। देशभर के सभी सेवा क्षेत्रों में दूरसंचार कंपनियों को यह सुविधा लागू करनी होगी। इसके लिए विभाग ने 13 अक्तूबर को सर्कुलर जारी किया है। 1. फोन पर क्या-क्या दिखाई देगा? आने वाली कॉल के समय मोबाइल स्क्रीन पर दो जानकारियां दिखाई देंगी। पहली, कॉल करने वाले का फोन नंबर और दूसरी, उसका नाम। इससे अनजान नंबर से आने वाली कॉल की पहचान करने में मदद मिलेगी।

यूपी-पंजाब समेत 17 राज्यों में अपडेट होगी वोटर लिस्ट

नई दिल्ली। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने 17 राज्यों में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कराने की घोषणा की है। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा जैसे वे राज्य भी शामिल हैं, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर इस प्रक्रिया की जानकारी दी है। आयोग के मुताबिक, पुनरीक्षण के लिए एक जनवरी 2027 को अर्हता तिथि निर्धारित किया गया है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम शामिल करना है। इसमें खास तौर पर युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले लोगों पर ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा, मौजूदा मतदाता सूची में दर्ज गलतियों को सुधारने और सूची को सटीक व अद्यतन बनाने का प्रयास किया जाएगा।

दूषित भोजन से बीएसएफ के 84 जवानों की तबीयत बिगड़ी

इंफाल। मणिपुर में तैनात बीएसएफ के 84 जवानों की तबीयत दूषित भोजन के कारण बिगड़ गई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जवानों ने नाश्ते में पूरी और आलू की सब्जी खाई थी, जिसके बाद उन्हें उल्टी होने लगी। तबीयत बिगड़ने के बाद इन्हें रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) लाया गया। इस बीच, मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने अस्पताल में भर्ती जवानों को लेकर चिंता जताई है। सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि हमारे सुरक्षाकर्मियों की सेहत हमारी प्राथमिकता है। मैं सभी प्रभावित जवानों के जल्द और पूरी तरह से ठीक होने की कामना करता हूं।

राहुल के धरने का उल्लेख होने पर सीजेआई की टिप्पणी

'कोई भी न्यायपालिका को धौंस नहीं दिखा सकता'

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग और अन्य को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी नेताओं द्वारा दायर एक याचिका पर दिया गया है, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) और कथित तौर पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने इस याचिका पर चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू तथा विवेक जोशी से जवाब मांगा है।

कोर्ट ने 13 याचिकाकर्ताओं में से एक के आचरण पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। इन याचिकाकर्ताओं ने उस तरीके को चुनौती दी है, जिससे चुनाव आयोग मतदाता सूची का 'विशेष गहन पुनरीक्षण' कर रहा है। राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए, सीजेआई ने कहा, 'हम याचिकाकर्ताओं में से एक से उसके आचरण के बारे में पूछना चाहेंगे'।

सुनवाई के दौरान राहुल गांधी और अन्य नेताओं के कथित एसआईआर अनियमितताओं के विरोध में सुप्रीम कोर्ट तक मार्च का जिक्र होने पर सीजेआई ने कहा, 'कोई भी न्यायपालिका को दबाव में नहीं डाल सकता'। वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने अदालत में राजनीतिक जुलूस और उसके घटनाक्रम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि करीब 200 वकीलों ने इस तरह के दबाव बनाने के प्रयास पर चिंता जताते हुए ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अदालत ऐसी घटनाओं से अनजान नहीं है और वह एकांतवास में नहीं



हम एक याचिकाकर्ता से उसके आचरण के बारे में भी पूछना चाहेंगे। याचिकाकर्ता को अपने व्यवहार पर सफाई देनी होगी। कोई भी हमें धौंस नहीं दिखा सकता।
चीफ जस्टिस सूर्यकांत

'इस्लाम अपनाने वाला पिछले आधार पर आरक्षण पाने का हकदार नहीं'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि इस्लाम धर्म अपनाने वाला कोई व्यक्ति, धर्म परिवर्तन से पहले की अपनी स्थिति के आधार पर पिछड़े वर्ग के आरक्षण का हकदार नहीं है। शीर्ष अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को बहाल रखते हुए कहा है कि 'जो व्यक्ति हिंदू सामाजिक व्यवस्था से किसी गैर-हिंदू सामाजिक व्यवस्था में धर्म परिवर्तन करता है, वह केवल धर्म परिवर्तन से पहले की अपनी सामाजिक स्थिति से जुड़े पिछड़ेपन के आधार पर, संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत विशेष लाभ का दावा नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एस. चंद्रशेखर की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की अपील खारिज कर दी। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि कोई व्यक्ति जो मुस्लिम धर्म अपनाता है, तो केवल इस कार्य से वह राज्य में अधिसूचित सात पिछड़े सामाजिक समुदायों में से किसी एक का सदस्य नहीं बन जाता। उसकी पुरानी जाति की स्थिति को मुस्लिम पिछड़े वर्ग की श्रेणी में नहीं जोड़ा जा सकता और न ही कोई निजी धार्मिक संस्था यह तय कर सकती है कि वह व्यक्ति इस ● शेष पेज 11 पर

वापस हिंदू बनने पर मूल्यांकन जरूरी

पीठ ने यह भी कहा कि जब कोई व्यक्ति हिंदू सामाजिक व्यवस्था से किसी गैर-हिंदू सामाजिक व्यवस्था में धर्म परिवर्तन कर लेता है और बाद में वापस हिंदू सामाजिक व्यवस्था में आ जाता है, तो उसे मिलने वाले विशेष अधिकारों ?का निर्धारण केवल उसकी पिछली स्थिति के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसके लिए एक स्वतंत्र और तथ्यों पर आधारित मूल्यांकन की जरूरत होती है कि क्या धर्म परिवर्तन के बाद उसकी मूल जाति या सामाजिक पहचान वास्तव में फिर से बहाल हो गई है, और क्या उस व्यक्ति ने संवैधानिक और कानूनी शर्तों को पूरा किया है।

फैजुल्लागंज से आईआईएम रोड तक शीघ्र बनेगा बांध : राजनाथ



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। देश के रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि फैजुल्लागंज को बाढ़ के संकट से स्थायी राहत दिलाने के लिए आईआईएम रोड से फैजुल्लागंज तक नया बांध शीघ्र बनाया जाएगा। इसका शिलान्यास जल्द कराने की तैयारी है। मुख्यमंत्री बांध के लिए 182 करोड़ रुपये की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना किसी पर एहसान नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है। वह हमारे भाग्य विधाता हैं। उन्होंने गुरुवार को फैजुल्लागंज पहुंचकर बाढ़ प्रभावितों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र को बाढ़ के संकट से उबारने के लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। आईआईएम रोड स्थित अल्लूनगर डिगुरिया चौक में आयोजित सभा में वह बाढ़ पीड़ितों से मिले, बात की और पीड़ा जानी। इस दौरान 500 परिवारों को राहत सामग्री बांटी गई। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाढ़ आने के बाद से ही मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, संबंधित अधिकारियों और स्थानीय विधायक डॉ. नीरज बोरा से लगातार बातचीत हो रही थी। क्षेत्र में पानी भरा होने के कारण पहले पहुंचना संभव नहीं था। पानी घटने के बाद उन्होंने प्रभावित इलाके का दौरा करने का निर्णय लिया। विधायक नीरज बोरा ने उन्हें क्षेत्र के हालात और राहत कार्यों की जानकारी दी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से तत्काल बातचीत की गई। सांसद ने कहा कि आईआईएम रोड से फैजुल्लागंज तक नए बांध के निर्माण का प्रस्ताव तैयार है। जिलाधिकारी और एलडीए के अधिकारियों ● शेष पेज 11 पर

हर जरूरतमंद परिवार तक पहुंचेगा राहत पैकेट

सांसद ने बताया कि अक्षय पात्र संस्था की ओर से बाढ़ प्रभावितों के लिए 10 हजार राहत पैकेट और उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने विधायक डॉ. नीरज बोरा से राहत सामग्री का व्यवस्थित वितरण सुनिश्चित कराने को कहा, ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार छूटने न पाए।

पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल ने बनाई 'जननीति भारत पार्टी'

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल ने गुरुवार को यूपी में राजनीति करने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपनी नई राजनीतिक पार्टी 'जननीति भारत पार्टी' के गठन की सोशल मीडिया पर घोषणा की। उन्होंने घोषणा की है कि उनकी पार्टी वर्ष 2027 का यूपी विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। उनकी पार्टी व्यवस्था को जनता के हिसाब से चलाएगी। उन्होंने स्वयं चुनाव लड़ने पर तो कुछ नहीं कहा है, लेकिन उनके मिर्ज़ापुर से विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा है।

दिव्या मित्तल ने बुधवार को सोशल मीडया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'अगला कदम', अपने राजनीतिक सफर का गुरुवार को एक बजे आपके सामने रखूंगी। उन्होंने तय समय पर एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें राजनीतिक पार्टी बनाने और भविष्य की योजनाओं के बारे में खुलासा किया। उन्होंने कहा कि देश में राजनीतिक पार्टियों की कोई कमी नहीं है, कमी है तो आम जनता की सुनवाई की, गंगा की हर बूंद के उदाहरण से अपनी बात रखते हुए कहा कि उनकी पार्टी में हर व्यक्ति एक बूंद और पार्टी गंगा की तरह होगी। जहां पारंपरिक राजनीति जनता पर राज करती है, वहीं 'जननीति' में असल राज जनता का होगा। उन्होंने इसके साथ ही तीन वचन भी दिए। पहला वचन (जन से नीति, नीति से भारत): देश की नीतियों के केंद्र में आम लोग होंगे। नीतियां एसी कमरों में नहीं बल्कि जनता की वास्तविक जरूरतों (जैसे किसानों की फसल से मंडी तक की समस्या और छोटे व्यापारियों के अनुभवों) को ध्यान में रखकर विशेषज्ञों ● शेष पेज 11 पर

पाकिस्तान के पेशावर में निजी स्कूल की छत गिरने से 34 छात्रों एवं एक शिक्षक की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में बृहस्पतिवार को एक निजी स्कूल की छत गिरने से कम से कम 34 बच्चों और एक शिक्षिका की मौत हो गई । अस्पताल के अधिकारियों एवं पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पेशावर के पुलिस प्रमुख मियां सईद ने बताया कि हादसा शहर के भीतरी इलाके दीर कॉलोनी में हुआ। उन्होंने कहा कि तीन मंजिला स्कूल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इमारत की छत का निर्माण ठीक से नहीं किया गया था। स्कूल का संचालन एक शैक्षणिक न्यास के तहत किया जा रहा था। सईद के मुताबिक, स्कूल में कुल 110 बच्चे नामांकित थे और हादसे के समय ऊपरी मंजिल की कक्षाओं में 30 विद्यार्थी मौजूद थे। लेडी रीडिंग अस्पताल (एलआरएच) के प्रवक्ता मोहम्मद आसिम ने बताया कि मृतकों में 34 विद्यार्थी शामिल हैं, जिनमें छह लड़कियां हैं। हादसे में एक शिक्षिका की भी मौत हुई है। घायलों में 20 विद्यार्थियों सहित 40 से अधिक लोग शामिल हैं। ● शेष पेज 11 पर


अमेरिका के हिंदू मंदिर में नरसंहार की साजिश नाकाम

एजेंसी

शिकागो। अमेरिका के इलिनोइस राज्य में शिकागो के उपनगरीय इलाके में एक बड़े हिंदू मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को निशाना बनाकर सामूहिक गोलीबारी की कोशिश नाकाम हो गई। आरोपी ने जब राइफल चलाने का प्रयास किया, तो वह जाम हो गई। इससे उसकी कथित नरसंहार की योजना विफल हो गई और एक बड़ा हादसा टल गया।

पुलिस ने 19 वर्षीय आरोपी युवक को 11 अक्तूबर गिरफ्तार किया। उसके पास से एक पत्र मिला है, जिसमें श्वेत वर्चस्ववादी विचारधारा व्यक्त की गई है और भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ हिंसा का उल्लेख है। पैलेटाइन गांव के एलेक्जेंड्रोस पापोरकिस पर आतंकवादी धमकी देने और गैरकानूनी तरीके से हथियार रखने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, अधिकारियों ने उस मंदिर का नाम नहीं बताया है, जिसे कथित तौर पर निशाना बनाया जाना था। मामले का खुलासा तब हुआ, जब आरोपी के सहकर्मियों ने उसके भेजे गए संदिग्ध संदेशों और तस्वीरों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पैलेटाइन पुलिस विभाग के खुफिया अधिकारियों ने पापोरकिस से जुड़े संदेशों और एक दस्तावेज की जांच की जिसका शीर्षक 'व्हाई आई फॉट : ए.के.ए. (औरोरा शूटर्स मैनिफ़ेस्टो)' था। इस दस्तावेज में श्वेत वर्चस्ववादी और चरमपंथी विचारधाराओं को व्यक्त करने वाले बयान थे ● शेष पेज 11 पर

- राइफल जाम होने के चलते बची लोगों की जान, घर से राइफल और 300 कारतूस मिले
- आरोपी को भारतीय मूल के लोगों से नफरत



हिंदू-विरोधी सोच और भारतीयों के खिलाफ हिंसा बर्दाश्त नहीं : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली। भारत ने अमेरिका में हिंदू मंदिर को निशाना बनाकर गोलीबारी की साजिश की घटना का कड़ा विरोध किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह घटना अमेरिका में बढ़ती नस्लीय नफरत और भारत-विरोधी भावना को बढ़ाती है। ऐसी घटनाओं के प्रति ठोस कदम उठाने की जरूरत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि इलिनोइस राज्य के ऑरोरा इलाके में एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाकर सामूहिक गोलीबारी करने की कथित साजिश की खबरें बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना अमेरिका में बढ़ती नस्लीय नफरत और भारत-विरोधी भावना को लेकर उठ रही चिंताओं को और बढ़ाती है।

वैश्वीकरण को पलटना संभव नहीं मजबूती से आगे बढ़ना होगा

एजेंसी

अबू धाबी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि वैश्वीकरण को पलटा नहीं जा सकता, लेकिन इससे निपटने के लिए अधिक मजबूती और तैयारी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी क्षमताओं को मजबूत करने के साथ भरोसेमंद साझेदारियां भी स्थापित कर रहा है।

जयशंकर ने अबू धाबी में आयोजित 'रायसीना डायलॉग' के पश्चिम एशिया संस्करण में 'द कॉन्टिनेंटल कॉरिडोर्सः हू कनेक्ट्स द हार्टलैंड?' विषय पर चर्चा के दौरान ये बातें कही। इस परिचर्चा में ट्यूनीशिया के पूर्व प्रधानमंत्री मेहदी जोमा, डीपी वर्ल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक रिजवान सूमार और लंदन स्थित सेंटर फॉर यूरोपियन रिफॉर्म की वरिष्ठ शोधकर्ता आर्मिडा वान रिज भी शामिल हुईं। जयशंकर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा तेज हुई है, व्यापार और संपर्क के नए अवरोध सामने आए हैं तथा देश अपने रणनीतिक लाभ का इस्तेमाल करने के लिए पहले से अधिक तत्पर हैं। उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में जारी अस्थिरता के बीच आई है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध के बाद से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज में तनाव बना हुआ है और पोतों पर बार-बार हमले हो रहे हैं। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहले से ही क्षेत्रीय संपर्क को लेकर सोच को आकार दे रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में ● शेष पेज 11 पर

- अबू धाबी में आयोजित 'रायसीना डायलॉग' बोले- विदेश मंत्री - कहा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच भारत मजबूत हो रहा



माफियागिरी करने वाले मिट्टी में मिलने को तैयार रहें : मुख्यमंत्री

कसारी-मसारी अब श्रीकृष्णपुरी के रूप में होगा विकसित : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज में माफिया और समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए चेतावनी दी कि अब कोई माफियागिरी करने का दुस्साहस करेगा तो मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर ले। उन्होंने कहा कि सपा आती है तो माफिया और बदमाश लेकर आती है, जबकि भाजपा विकास और बदलाव लेकर आती है। मुख्यमंत्री योगी ने कसारी-मसारी में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त कराई भूमि पर पद्मलोक आवास योजना के तहत 602 आवासों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कसारी-मसारी को श्रीकृष्णपुरी के रूप में विकसित करने और महाराजा बिजली पासी के नाम पर राजकीय आईटीआई बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री योगी ने 9,811 वर्ग मीटर भूमि पर 191 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले आवासों का मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से भूमि पूजन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पीपलगांव में निर्मित 556 आवासों की चाबियां भी लाभार्थियों को वितरित कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रयागराज विरासत और विकास की नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कभी प्रयागराज में माफिया अतीक और अशरफ जिस जमीन पर पैर रख देते थे, वह उनकी हो जाती थी। तत्कालीन सरकारें उनके सामने घुटने टेककर मौन रहती थीं। माफिया सड़कों पर असलहे लहराते थे और बेटियों की सुरक्षा खतरे में थी। इसी धरती पर विधायक राजू पाल की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वर्ष 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। उन्होंने कहा कि असुरक्षित वातावरण में न विकास हो सकता है, न निवेश आ सकता है और न युवाओं को रोजगार मिल सकता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कसारी-मसारी की करीब 15 बीघा जमीन पर अतीक अहमद और उसके गुंडों ने कब्जा कर अस्तबल और अय्याशी का केंद्र बना रखा था। सरकार ने उसके अवैध साम्राज्य को ध्वस्त कर जमीन मुक्त कराई। अब यहां पहले चरण में 602 और दूसरे चरण में 598 आवास बनाए जाएंगे। कुल 1200 परिवारों के करीब छह से साढ़े छह हजार लोगों के लिए आधुनिक टाउनशिप विकसित होगी। इसमें बाजार, पार्क, खेलकूद, जिम और अन्य आवश्यक सुविधाएं होंगी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण इसकी व्यवस्था करेगा। इससे पहले लूकरगंज में भी माफिया से मुक्त कराई गई जमीन पर 86 गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब कोई किसी की संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकता। यदि किसी ने ऐसा किया तो उसकी बाप-दादों की कमाई भी जब्त कर ली जाएगी। उस संपत्ति पर भी गरीबों के लिए आवास बनाए जाएंगे। उन्होंने ● शेष पेज 11 पर

योगी बोले

- माफिया अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त कराई भूमि पर पद्मलोक आवास योजना के तहत 602 आवासों का किया भूमि पूजन, पीपलगांव के 556 आवासों की सौंपी चाबियां
- सपा आती है तो माफिया और बदमाश लाती है, भाजपा आती है तो विकास और बदलाव लेकर आती है
- सपा ने यूपी के सामने खड़ा किया था पहचान का संकट, आज उत्तर प्रदेश का नाम सुनकर गले लगाने आते हैं लोग



शहरों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने की कार्य योजना बनाएं: एके शर्मा

- ऊर्ज़ा क्षेत्र में निवेश और मूल्य संवर्धन की संभावनाएं तलाशें लखनऊ, विशेष संवाददाता
- शहरों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने की कार्य योजना बनाएं: एके शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा ने यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर विकास व ऊर्ज़ा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं, परियोजनाओं और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करें।

नगर विकास विभाग की समीक्षा में आय बढ़ाने के साथ ही विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि शहरों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। विकसित और आधुनिक नगर के मानकों की तरह यूपी के शहरों को सुविधाएं दें। ई-नगर सेवा योजना को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप पुनर्गठित (रीस्ट्रक्चर) करने और इसे अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। नगरीय सेवाओं में सुधार, निकायों के राजस्व में वृद्धि और विकास परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दी जा सकती है। ऊर्ज़ा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना की गति दोगुनी हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में बायो एनर्जी और कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा विद्युत बिक्री के माध्यम से भी आय अर्जित की जा रही है। उन्होंने उपलब्ध संभावनाओं का अधिकतम लाभ उठाने पर जोर देते हुए कहा कि विभाग की योजनाओं और परियोजनाओं का आर्थिक दृष्टि से भी आकलन किया जाना चाहिए।

पंचमी पर मां कल्याणी ने स्कंदमाता स्वरूप में दिए दर्शन, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । शारदीय नवरात्र की पंचमी पर महाशक्तिपीठ मां कल्याणी देवी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मां कल्याणी देवी ने चतुर्भुजी स्कंदमाता स्वरूप में सिंह पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। मां की गोद में भगवान बालरूप में विराजमान थे। माता के दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंजता रहा। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी मां के दरबार में पहुंचकर मत्था टेका, दर्शन-पूजन किया और आरती उतारी।

मंदिर में तड़के से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह 5:15 बजे पंडित श्याम जी पाठक ने मां का पूजन कर मंगला आरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर मां के दर्शन किए। दर्शन-पूजन का क्रम दोपहर एक बजे तक चला। इसके बाद मां का पूजन और महाभिषेक किया गया। शाम सात बजे मां की महाआरती हुई, जबकि रात 12:30 बजे पंडित सुशील कुमार पाठक ने शयन आरती उतारी।नवरात्र के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में शतचंडी यज्ञ का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में भाग लेकर विधि-विधान से पूजन और हवन किया। भक्तों ने मां के चरणों में सुख-समृद्धि और परिवार के कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में बच्चों के मुंडन और कर्णभेदन संस्कार भी कराए गए। पूरे दिन मंदिर में भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

मंदिर के मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि शुक्रवार, 16 अक्टूबर को नवरात्र के षष्ठी दिवस पर मां कल्याणी देवी का श्रृंगार भगवती कात्यायनी स्वरूप में किया जाएगा। मां चतुर्भुजी स्वरूप में सिंह पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगी। इस अवसर पर मां का बहुरंगी पुष्पों और अनेक आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। गर्भगृह को भी आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा।

नवरात्र मेले की व्यवस्था में पंडित संतोषानंद महाराज, अनिल पाठक, राजेश केसरवानी, कृष्ण कुमार पाठक, महेंद्र तिवारी और सुधीर पाठक सहित अन्य लोग जुटे रहे। मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और दर्शन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।

उप्र के हमीरपुर में फर्राटा पंखे की चपेट में आने से युवक की मौत

हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मौदहा कोतवाली क्षेत्र के पढोहरी गांव में फर्राटा पंखे की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक के ऊपर अचानक पंखा गिर गया, जिसमें करंट उतरने से उसकी मौके पर ही मौत हुई है। गुरुवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पढोहरी गांव निवासी करन सिंह के पुत्र योगेंद्र सिंह (22) बेड से उठे थे। मृतक के चाचा चंद्रभान ने जानकारी दी कि उठने के दौरान बगल में रखा फर्राटा पंखा अचानक उनके ऊपर आ गिरा। पंखे में करंट उतरने से योगेंद्र उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से अचेत हो गए। स्वजन उन्हें गंभीर हालत में निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक योगेंद्र तीन भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हॉस्टल के अंदर छात्र ने पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

नोएडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित एक हॉस्टल में रहने वाले बीए के छात्र ने मानसिक तनाव के चलते बृहस्पतिवार को हॉस्टल के अंदर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि 15 अक्टूबर की शाम को पुलिस को सूचना मिली कि नॉलेज पार्क -3 में स्थित एक हॉस्टल में रहने वाले छात्र निशांत शाक्य (21 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार मूल निवासी जनपद कन्नौज द्वारा हॉस्टल के अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मौके पर पुलिस के अधिकारी और एफएसएल की टीम पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है।

घाघर नहर में मिला अज्ञात युवक का शव, क्षेत्र में सनसनी

मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के राजगढ़ थाना क्षेत्र के दरवान और भवानीपुर गांव के बीच घाघर नहर में गुरुवार शाम एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मछली पकड़ने गए युवकों ने नहर में शव देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया और उसकी पहचान कराने में जुट गई। सिंचाई के लिए इन दिनों सोनभद्र के धंधरौल बांध से निकली घाघर नहर में पानी छोड़ा गया है। गुरुवार शाम करीब चार बजे कुछ युवक मछली पकड़ने के लिए नहर की ओर गए थे। दरवान और भवानीपुर गांव के बीच पुल के पास मछली पकड़ने की तैयारी कर रहे युवकों की नजर नहर किनारे घास और झुरमुट में फंसे शव पर पड़ी। शव देखकर युवक घबरा गए और इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राजगढ़ थाना प्रभारी बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि घाघर नहर में अज्ञात युवक का शव मिला है। उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

बांदा की प्रगतिशील महिला किसान लीलावती को मिला सम्मान, कृषि मंत्री ने किया पुरस्कृत

बांदा, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में गुरुवार को आयोजित संयुक्त रबी मंडलीय उत्पादकता गोष्ठी एवं महिला किसान दिवस समारोह में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और प्रमुख सचिव एमके शनमुगा सुंदरम ने बांदा की प्रगतिशील महिला किसान लीलावती को पुरस्कृत किया। जनपद बांदा के पचुल्ला गांव निवासी स्वर्गीय बद्री प्रसाद की पत्नी लीलावती कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। वह एक नवयुवक किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड नामक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) का संचालन करती हैं। इसके माध्यम से प्राकृतिक खेती से उत्पादित देशी अरहर की दाल, मिलेट्स से बने उत्पाद और कठिया गेहूं से तैयार दलिया सहित विभिन्न कृषि उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण और पैकेजिंग का कार्य किया जाता है। लीलावती के प्रयासों से कृषि उत्पादों को मूल्यवर्धित रूप में तैयार कर बाजार तक पहुंचाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उनका यह प्रयास प्राकृतिक खेती और पारंपरिक कृषि उत्पादों को प्रोत्साहित करने के साथ ही किसानों के लिए स्वरोजगार एवं आय बढ़ाने के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। लीलावती को मिला यह सम्मान जिले में कृषि क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि पारंपरिक खेती, प्राकृतिक कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण और किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की नई राह बनाई जा सकती है।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक अदिति मिश्रा बनीं एक दिन की प्रधानाध्यापिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमानीगंज, अयोध्या। मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत गुरुवार को थाना खंडासा पुलिस की टीम ने पीएम श्री विद्यालय ओरवा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्रा अदिति मिश्रा को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। विद्यालय पहुंचने पर उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्हें उपहार स्वरूप एक पौधा भेंट किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के कक्षा-कक्षों का निरीक्षण भी किया।पुलिस टीम ने छात्राओं को विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन और सुकन्या समृद्धि योजना सहित शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूक करते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी पुलिस 112, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक लालता प्रसाद, उपनिरीक्षक रजनेश कुमार, आरक्षी बालमुकुंद मिश्रा तथा महिला आरक्षी नेहा अग्निहोत्री, शिखा और सपना गुप्ता उपस्थित रहीं। विद्यालय के शिक्षक जीत बहादुर सिंह तथा ब्लॉक मंत्री उद्धव श्याम तिवारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी देना तथा महिला सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

ऑपरेशन रेल सुरक्षा' से रेलवे संपत्ति चुराने वालों पर शिकंजा, नौ माह में 260 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में रेलवे संपत्ति की चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन रेल सुरक्षा' के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने प्रभावी कार्रवाई की है। जनवरी से सितंबर 2026 तक चोरी के 130 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 120 मामलों का खुलासा किया गया। इस दौरान 260 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरपीएफ ने करीब 9.94 लाख रुपये मूल्य की चोरी गई रेलवे संपत्ति भी बरामद की।

मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में रेलवे संपत्ति की सुरक्षा और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। नौ माह के दौरान दर्ज मामलों में चोरी गई संपत्ति का अनुमानित मूल्य 12,20,608 रुपये आंका गया। आरपीएफ की कार्रवाई में 9,94,443 रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की गई।

सितंबर 2026 में रेलवे संपत्ति की चोरी के 11 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में चोरी गई संपत्ति का अनुमानित मूल्य 68,973 रुपये था। आरपीएफ ने छह मामलों का खुलासा करते हुए 46,973 रुपये मूल्य की चोरी गई संपत्ति बरामद की। इस अवधि में 13 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

यूआई-यूएक्स में देश में दूसरा स्थान किया प्राप्त

- प्रयागराज आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के राष्ट्रीय तकनीकी महोत्सव 'कॉन्सेटो 2026' में रज्जू भैय्या विश्वविद्यालय के छात्र अभिनव चौबे ने हासिल की ऐतिहासिक सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज के वाणिज्य संकाय के लिए आज का दिन एक ऐतिहासिक और अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि का साक्षी बना। विश्वविद्यालय के बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर के मेधावी छात्र अभिनव चौबे ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी - आईएसएम), धनबाद द्वारा आयोजित देश के प्रतिष्ठित वार्षिक टेक्नोलॉजी एवं प्रबंधन महोत्सव 'एधद्वदद्गप्ध्य 2026' में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परचम लहराया है।इस त्रि-दिवसीय राष्ट्रीय महोत्सव में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित तकनीकी और प्रबंधन संस्थानों (ऋऋद्गप, गत्रद्गप स्त्रऋद्गप) से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इस कड़े मुकाबले और उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा के बीच अभिनव चौबे ने अपनी असाधारण रचनात्मकता, सुदृढ़ तार्किक क्षमता और उत्कृष्ट तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए बहुआयामी सफलता अर्जित की। अभिनव ने महोत्सव के अंतर्गत आयोजित तीन प्रमुख राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान सुरक्षित किए, यूआई/यूएक्स डिजाइनिंगः इस अत्यंत तकनीकी प्रतियोगिता में अभिनव ने अपनी अनूठी डिजिटल डिजाइनिंग और रचनात्मक सोच के बल पर देश भर में द्वितीय स्थान (रजत पदक) प्राप्त किया।

टेक्नोलॉजी एवं प्रबंधन 2026): कॉर्पोरेट और तकनीकी कौशल पर आधारित इस हैकाथॉन में अभिनव ने राष्ट्रीय स्तर पर छठी रैंक हासिल की। लॉजिक ओडिसी जटिल कोडिंग और तार्किक विश्लेषण की इस विधा में उन्होंने देश भर के मेधावियों के बीच नौवीं रैंक पर अपना नाम दर्ज कराया।

अभिनव की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विवेक कुमार सिंह ने इसे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की बड़ी जीत बताया। उन्होंने कहा, ''अभिनव की यह बहुआयामी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, नवाचारी दृष्टिकोण और विषय के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है। वाणिज्य के छात्र होते हुए भी तकनीकी विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर आईआईटी जैसे मंचों पर शीर्ष स्थान पाना यह साबित करता है कि हमारे विद्यार्थियों में असीमित क्षमताएं हैं।''कार्यक्रम के संयोजन और छात्र के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. गौतम कोहली ने अभिनव के तकनीकी और विश्लेषणात्मक कौशल की सराहना करते हुए कहा कि विभाग निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अभिनव को आगामी भविष्य में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष उपलब्धि पर वाणिज्य विभाग के शिक्षक डॉ. पार्वती अग्रहरि, डॉ. अंशुमान सिंह एवं डॉ. माहरुख खान सहित विभाग के समस्त शिक्षकों ने अभिनव को मिठाई खिलाकर अपनी शुभकामनाएं दीं। सभी शिक्षकों ने एक सुर में कहा कि अभिनव ने राष्ट्रीय पटल पर विश्वविद्यालय और विभाग का नाम रोशन कर पूरे संस्थान को गौरवान्वित किया है। यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।विश्वविद्यालय प्रशासन और संपूर्ण वाणिज्य संकाय अभिनव चौबे के इस सराहनीय प्रदर्शन पर अत्यंत आनंदित है और उनके उज्ज्वल व स्वर्णिम भविष्य की कामना करता है।

गृहकर बकायेदारों के विरुद्ध नगर निगम की कार्रवाई, रॉयल गार्डन लॉन सील



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर गुरुवार को नगर निगम लखनऊ द्वारा गृहकर बकायेदारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को जोन-8 में कुर्की एवं सीलिंग की कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में वार्ड श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी स्थित दो बकायेदार भवनों/प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान भवन संख्या एए-25 (आईडी संख्या 9157117281) एवं एए-15 (आईडी संख्या 9157117285) के विरुद्ध कुर्की/सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस दौरान आईडी संख्या 9157117285 के अंतर्गत 2,50,000 की धनराशि मौके पर नगर निगम कोष में जमा कराई गई। वहीं, गृहकर बकाया होने के कारण रॉयल गार्डे न लॉन प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी, जोन-8 श्री आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में कर अधीक्षक श्री कुलदीप अवस्थी, राजस्व निरीक्षक श्री राजा भैया तथा अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई।

नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा गृहकर बकायेदारों से बकाया धनराशि की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गृहकर का बकाया जमा न करने वाले भवन स्वामियों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कुर्की और सीलिंग सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

काशी विश्वनाथ धाम में मां भगवती की आराधना, नवदुर्गा सप्तशती का पाठ संपन्न

वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन गुरुवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में मां भगवती की विधिवत आराधना की गई। इस अवसर पर पूरे दिन नवदुर्गा सप्तशती का पाठ हुआ। अनुष्ठान के उपरांत शक्तिपीठ मां विशालाक्षी मंदिर के निमित्त श्रृंगार सामग्री भगवान श्री विश्वेश्वर अर्थात बाबा विश्वनाथ को विधि-विधानपूर्वक अर्पित कर समर्पित की गई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अनुसार, धाम में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान जगत जननी मां दुर्गा की स्तुति की गई और बाबा विश्वनाथ की कृपा प्राप्ति के लिए मंगलकामना की गई। मां विशालाक्षी के श्रृंगार के निमित्त समर्पित सामग्री को बाबा विश्वनाथ के चरणों में अर्पित करने की परंपरा के माध्यम से देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा और समर्पण का भाव प्रकट किया गया। नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित इन धार्मिक अनुष्ठानों से श्री काशी विश्वनाथ धाम का वातावरण भक्तिमय बना रहा। मां भगवती की आराधना, नवदुर्गा सप्तशती के पाठ और विधिवत पूजन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा एवं बाबा विश्वनाथ के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने एक दिन के लिए संभालीं अधिकारियों की जिम्मेदारी

देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रामपुर कारखाना की छात्राओं को एक दिन के लिए विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षिक पदों का दायित्व सौंपा गया। छात्रा अनन्या यादव ने एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वाटिका ने सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, विजय लक्ष्मी ने खंड शिक्षा अधिकारी, करिश्मा ने जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, समग्र शिक्षा, देवरिया का एक दिवसीय पदभार ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं अंजलि, नव्या, लाली, रागिनी, करिश्मा, ब्यूटी आदि ने जनपद के विभिन्न विकासखंडों में एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी का दायित्व संभाला। छात्राओं ने शिक्षकों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में आवश्यक पहल की। एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनीं कुमारी अनन्या यादव ने विभागीय कार्यप्रणाली को समझने के उद्देश्य से सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी का दायित्व संभाल रहीं छात्रा वाटिका से समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्राप्त धनराशि एवं उसके सापेक्ष किए गए व्यय, विद्यालयों में एसएमसी खातों की स्थिति, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों के मानदेय, उनकी लाभार्थी सूची तथा कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय के भुगतान से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

प्रदेश में 6.22 लाख से अधिक पशुओं का हुआ टीकाकरण पशुपालकों को दी योजनाओं की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में पशुपालकों के कल्याण, पशुधन के संरक्षण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित 'पशुपालन विभाग आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर में पशुओं को सुलभ एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा, उपचार, टीकाकरण तथा पशुपालकों को विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य प्रभावी ढंग से किया जा रहा है।

पशुपालन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक प्रदेश के दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल वेटरनरी यूनिट के माध्यम से कुल 16,311 पशु चिकित्सा शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से 1,99,722 पशुओं का त्वरित एवं निःशुल्क उपचार किया गया, जबकि संक्रामक रोगों से पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 6,22,733 पशुओं का टीकाकरण कराया गया। इसके अतिरिक्त, नस्ल सुधार कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 785 नर पशुओं का वैज्ञानिक विधि से बधियाकरण किया गया।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत 30,430 पशुपालकों को विभागीय योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री एवं लीफलेट वितरित किए गए, जिससे उन्हें पशुपालन से जुड़ी योजनाओं, पशुओं की देखभाल तथा उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके।

प्रदेश सरकार का उद्देश्य 1962 हेल्पलाइन और मोबाइल वेटरनरी यूनिट के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर अंतिम पशु को भी समय पर सुलभ एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'पशुपालन विभाग आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से पशुपालकों को उपचार, टीकाकरण और विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का यह अभियान प्रदेशभर में जारी रहेगा।

ओडीओपी से वंदना ने पकड़ी आत्मनिर्भरता की राह, सॉफ्ट टॉयज ने दिलाई पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी। योगी सरकार की एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना झांसी की महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रही है। इसी योजना से जुड़कर वंदना चौधरी ने सॉफ्ट टॉयज बनाने के हुनर को कारोबार का रूप दिया और अब प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित आयोजनों में अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर पहचान बना रही हैं। इससे उन्हें परिवार की आर्थिक जरूरतों में सहयोग करने का अवसर भी मिला है।

वंदना ने वर्ष 2022 में ओडीओपी योजना के तहत सॉफ्ट टॉयज निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सरकार की ओर से उन्हें प्रमाण पत्र के साथ सॉफ्ट टॉयज बनाने की निःशुल्क किट भी उपलब्ध कराई गई। इसी प्रशिक्षण और किट के सहारे उन्होंने अपने हुनर को निखारा और धीरे-धीरे अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना शुरू किया। वंदना अब प्रदेश के कई जिलों में आयोजित प्रदर्शनियों और ट्रेड शो में हिस्सा ले चुकी हैं। पिछले महीने ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में भी उन्होंने अपने सॉफ्ट टॉयज की प्रदर्शनी लगाई। 25 से 29 सितंबर तक आयोजित इस ट्रेड शो के लिए झांसी के ओडीओपी से जुड़े छह उद्यमियों का चयन किया गया था, जिसमें वंदना भी शामिल थीं। यहां उनके उत्पादों को लोगों ने काफी सराहा। इसके अलावा इटावा, लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में भी वंदना अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर चुकी हैं। अब वह अपने कारोबार को और विस्तार देने की तैयारी में जुटी हैं। वंदना चौधरी ने बताया कि वह प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा योजना के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सॉफ्ट टॉयज के काम को बड़े स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रही हैं। साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से उत्पादों की बिक्री बढ़ाने की योजना है। उनका कहना है कि ओडीओपी के प्रशिक्षण और सरकार से मिली किट ने उन्हें अपने हुनर को रोजगार में बदलने का अवसर दिया।

रेलवे निर्माण परियोजनाओं की निगरानी में एआई और बीआईएम की होगी अहम भूमिका, आरडीएसओ में कार्यशाला शुरू

❐ 5डी बीआईएम आधारित डिजिटल प्रणाली से परियोजनाओं की प्रगति, लागत और समय-सीमा की होगी निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) में भारतीय रेल की निर्माण परियोजनाओं के डिजिटल प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर को दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। ब्रभारतीय रेल की रैखिक निर्माण परियोजनाओं में बीआईएम आधारित परियोजना प्रबंधन सूचना प्रणाली का कार्यान्वयन विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों और रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। तकनीक तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर मंथन किया जा रहा है।

भारतीय रेल वर्तमान में लगभग 40 हजार किलोमीटर क्षेत्र में फैली 8.31 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 514 प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं पर काम कर रही है। इनमें नई रेल लाइनों का निर्माण, दोहरीकरण, संरक्षा संबंधी सुधार और आधुनिकीकरण के कार्य शामिल हैं। इतनी बड़ी परियोजनाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए 5कबिल्डिंग इन्फॉर्मेशन मॉडलिंग क्षमताओं से युक्त परियोजना प्रबंधन सूचना प्रणाली अपनाने पर जोर दिया जा रहा है।

आरडीएसओ के अपर महानिदेशक काजी मेराज अहमद ने कार्यशाला में महानिदेशक प्रभास दनसाना, रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (कार्य) राजेश अग्रवाल तथा विभिन्न रेलवे संगठनों के अधिकारियों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रीय रेलों एवं रेलवे उपक्रमों द्वारा बीआईएम आधारित परियोजना प्रबंधन प्रणाली के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों और अनुभवों को एक मंच पर लाना महत्वपूर्ण है। इससे भारतीय रेल के लिए एक समान और समन्वित कार्यप्रणाली विकसित करने में मदद मिलेगी। कार्यशाला में अर्थवर्क, पुलों, सुरंगों और वायाडक्ट सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की डिजिटल निगरानी, निर्धारित समय-सारणी के अनुसार लक्ष्यों की समीक्षा तथा एस-कर्व के माध्यम से परियोजनाओं की संचयी प्रगति का आकलन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही डिजिटल मापन एवं बिलिंग, मॉडल से प्राप्त निर्माण मात्राओं के आधार पर रनिंग अकाउंट बिलों के सत्यापन और मोबाइल एप के जरिए निर्माण स्थलों से प्रगति की रिपोर्टिंग पर भी विचार-विमर्श हुआ।

परियोजना प्रबंधन में AI के इस्तेमाल पर भी जोर

निर्माण परियोजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन को बेहतर बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका भी कार्यशाला का प्रमुख विषय रही। इसमें तस्वीरों के विश्लेषण से निर्माण कार्यों की प्रगति का आकलन, चैटबॉट के माध्यम से परियोजना संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने तथा काम में देरी कम करने के लिए समय-सारणी को अनुकूल बनाने जैसे अनुप्रयोगों पर चर्चा की गई। संसाधनों के बेहतर उपयोग और समयबद्ध क्रियान्वयन में इन तकनीकों की उपयोगिता पर भी विचार किया गया।

शराब के नशे में पति बना हैवान, रस्सी से गला कसकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

❐ मोहनलालगंज के धनुवासांड़ गांव में दिल दहला देने वाली वारदात, घरेलू कलह में उजड़ गया हंसता-खेलता परिवार

❐ तीन बेटों और एक बेटी के सिर से उठा मां का साया, आरोपी पति पुलिस हिरासत में, बेटे की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के धनुवासांड़ गांव में घरेलू कलह के चलते एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां शराब के नशे में धुत एक पति ने अपनी पत्नी की रस्सी से गला कसकर हत्या कर दी। बीती देर रात हुई इस सनसनीखेज वारदात से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के धनुवासांड़ गांव निवासी राधाकृष्ण पुत्र हरिलाल का अपनी 40 वर्षीय पत्नी रेखा देवी से घरेलू बातों को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। जानकारी के मुताबिक घटना वाली रात भी पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी दौरान शराब के नशे में राधाकृष्ण ने अपना आपा खो दिया और पत्नी रेखा देवी के गले में रस्सी कसकर उसकी हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर महिला की मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाई।मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने मृतका के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह के मुताबिक हत्या के पीछे घरेलू विवाद की बात प्रारंभिक जांच में सामने आई है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों की विस्तृत जांच की जा रही है। मृतका रेखा देवी के तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। मां की मौत और पिता के हत्या के आरोप में पुलिस हिरासत में होने से बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में भी इस वारदात को लेकर शोक और स्तब्धता का माहौल है। ग्रामीणों के बीच इस बात की चर्चा है कि घरेलू विवाद ने इतना भयावह रूप ले लिया कि एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। जिस घर में परिवार के साथ खुशियां बसनी चाहिए थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है।

राम बारात का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ । श्री बंशी बाबा रामलीला एवं दशहरा मेला समिति के तत्वावधान में गुरुवार को भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा (राम बारात) के साथ श्री बंशी बाबा की पालकी भी साथ मे निकाली गई। श्री बंशी बाबा रामलीला परिसर से ढोल-नगाड़ों के साथ शुरू हुई यह बारात क्षेत्र के भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही।

राम बारात श्री बंशी बाबा मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर नगर पंचायत मोहनलालगंज के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह बंशी बाबा के भक्तों ने बंशी बाबा व भगवान राम की पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। बारात में विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां भी शामिल रही । नगर में जगह-जगह बारात का भव्य स्वागत किया गया और अंत में शोभा यात्रा का समापन पुनः श्री बंशी बाबा मंदिर प्रांगण में हुआ श्री बंशी बाबा रामलीला एवं दशहरा मेला समिति के प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा 'काका जी' ने बताया कि गुरुवार को शोभा यात्रा के समापन के बाद रात्रि 9 बजे से बंशी बाबा मंदिर प्रांगण के मुख्य मंच पर 'नारद मोह' से रामलीला का मंचन आरंभ किया जाएगा। इसके बाद क्रमशः धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद, दशरथ मरण, सीता हरण और लक्ष्मण शक्ति आदि का मंचन किया जाएगा।

20 अक्टूबर को न्यू जेल रोड स्थित दशहरा मेला मैदान में सायं 4 बजे से कुंभकर्ण वध, मेघनाथ वध तथा राम-रावण युद्ध के पश्चात रात्रि 8 बजे रावण के पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा। इसके बाद उसी दिन रात्रि 10 बजे से बंशी बाबा मुख्य मंच पर भगवान श्री रामचन्द्र जी का राज्याभिषेक किया जाएगा। राम बारात के दौरान पूर्व प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता, उप प्रधान अरुणेश प्रताप सिंह 'दल्लू', बाराती मिश्रा, अशोक कुमार तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह भंडारी धीरेंद्र सिंह शिवबाला गौतम अवनीश पांडे विपिन यादव, समिति के सदस्य आशीष द्विवेदी 'सोनू', मनीष तिवारी राहुल सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकिशोर रावत, , अमरेंद्र बहादुर सिंह सतीश अवस्थी, , हिमेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। ?शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शोभा यात्रा के दौरान इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह कस्बा इंचार्ज अतुल सिंह उप निरीक्षक परवेज आलम सिपाही जितेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल व पी ए सी बल मौजूद रहा।

डांडिया-गरबा के रंगों के बीच महिला उद्यमियों को मिला स्वावलंबन का मंच

❐ विमेंस आर्मी ट्रस्ट ने रेवांता होटल में कराया आयोजन, घर से कारोबार करने वाली महिलाओं के लगाए निशुल्क स्टॉल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सीतापुर रोड स्थित रेवांता होटल में बुधवार को विमेंस आर्मी ट्रस्ट की ओर से डांडिया और गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां की आराधना को समर्पित इस आयोजन में उत्सव के रंगों के साथ महिला सशक्तीकरण और स्वावलंबन का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में घर से अपना व्यवसाय संचालित कर रहीं महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनके लिए निशुल्क स्टॉल लगाए गए। इसके माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पादों और हुनर को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। आयोजन में लखनऊ की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने भी सहभागिता कर सहयोग दिया। विमेंस आर्मी ट्रस्ट की रश्मि सिंह ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा तथा स्वावलंबन के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। इसी उद्देश्य से महिला उद्यमियों को कार्यक्रम में आमंत्रित कर निशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर रश्मि सिंह, एकता खत्री, रचना सिंह, अलका रस्तोगी, आरती सरकार, उषा किरण, चंद्रप्रभा, मधुकीर्ति, मधुलिका त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

सरोजनीनगर में महिला का पर्स छीनने वाला गिरफ्तार, दो हजार रुपये बरामद

लखनऊ, सरोजनीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस ने महिला का पर्स छीनने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से छीना गया पर्स और दो हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, कृष्णानगर थाना क्षेत्र के आशुतोष नगर निवासी रीना मिश्रा 14 अक्टूबर को पुरानी चुंगी के पास सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान एक युवक उनका पर्स छीनकर भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर सरोजनीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर आकाश कुमार भारती (19) निवासी गांधीनगर, स्कूटर इंडिया चौराहा, सरोजनीनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने सड़क पर अकेले जा रही महिलाओं को निशाना बनाकर पर्स छीनने की बात स्वीकार की है। बरामदगी के आधार पर मामले में संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

सपा जिला कार्यालय में मनाई गई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग में बुधवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा देश के विकास में उनके योगदान को याद किया। सपा जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने कहा कि डॉ. कलाम ने वैज्ञानिक के रूप में देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डीआरडीओ और इसरो में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम और मिसाइल विकास में अहम योगदान दिया। अग्नि और पृथ्वी मिसाइलों के विकास में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित डॉ. कलाम ने अपनी प्रतिभा और समर्पण से देश का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव एसयू खान 'भईया जी', महेश सिंह लोधी, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष टीबी सिंह, इब्राहीम मंसूरी, असफाक सिद्दीकी, रामप्रकाश यादव, रामअवतार धीमान, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष हारून अजीज, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष संजय यादव सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मलिहाबाद और माल पुलिस नें छात्राओं को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुण



मलिहाबाद, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। 'मिशन शक्ति' अभियान के छठवें चरण के तहत गुरुवार को कमिश्नरेट लखनऊ के उत्तरी जोन अंतर्गत मलिहाबाद और माल थाना क्षेत्रों में विशेष जागरूकता और करियर गाइडेंस कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। थाना मलिहाबाद पुलिस टीम ने कनार स्थित विद्यास्थली इंटर कॉलेज में छात्राओं के साथ संवाद सत्र आयोजित किया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को सोशल मीडिया सुरक्षा, डिजिटल गोपनीयता और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के महत्वपूर्ण तौर-तरीके समझाए। साथ ही किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया बताई गई। इसके अलावा छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराने वाली 'मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना' से जुड़ने और बेहतर करियर विकल्प चुनने के लिए भी प्रेरित किया गया। थाना माल पुलिस द्वारा लतीफपुर स्थित श्री महेश सिंह सरस्वती इंटर कॉलेज तथा एस.आर. मंगलम शिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यशालाएं की गईं। इस दौरान पुलिस ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल, साइबर बुलिंग, व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग और वित्तीय धोखाधड़ी के खतरों से आगाह किया। पुलिस टीम ने जोर देकर कहा कि इंटरनेट का इस्तेमाल सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ करें तथा किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ निजी विवरण व ओटीपी साझा न करें। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को आश्वस्त किया कि डिजिटल सुरक्षा और महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस सदैव तत्पर है और किसी भी अप्रिय स्थिति में बिना झिझक पुलिस की मदद ली जा सकती है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सफाई अभियान तेज, जोन-3 में 600 और जोन-6 में 550 कर्मचारियों की तैनाती

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।। बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता बहाल करने और मच्छरों एवं संक्रमण से होने वाली बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए लखनऊ नगर निगम ने जोन-3 और जोन-6 में सफाई अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को भी प्रभावित मोहल्लों में सफाई, कूड़ा उठान, गाद हटाने, झाड़ियों की कटाई और एंटी लार्वा छिड़काव का कार्य जारी रहा। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर संबंधित अधिकारी इन कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अभियान के तहत प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती बढ़ाकर जोन-3 में लगभग 600 और जोन-6 में करीब 550 कर्मचारियों को सफाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों में लगाने की व्यवस्था की गई है। नगर निगम का प्रयास है कि बाढ़ के बाद जमा गंदगी को जल्द हटाया जाए और प्रभावित नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। जोन-3 के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तीन ड्रोन के माध्यम से एंटी लार्वा छिड़काव कराया गया। नंदा फॉर्म, संत कबीर नगर, मिल्लत नगर, पुराना दाउदनगर, कैलाश विहार, पावन विहार और लौहरामऊ सहित विभिन्न क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त छह टैंकरों के माध्यम से सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव 60 फीट रोड, दाउदनगर, मामा कॉलोनी, पीली कॉलोनी और घैला रोड सहित प्रभावित इलाकों में कराया गया। घैला रोड, दाउदनगर, मामा कॉलोनी, अन्नपूर्णा नगर, वैष्णोपुरम और पतंग मैदान में एंटी लार्वा छिड़काव करने वाली मशीनों का उपयोग किया गया। जोन-6 के सैंथा, हयातनगर, माल रोड, गुलमी खेड़ा, दौलत खेड़ा, तांड खेड़ा, मिश्री की बगिया, हरिनगर और कैटल कैचिंग कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी एंटी लार्वा छिड़काव कराया गया। कुछ प्रभावित हिस्सों में ड्रोन के माध्यम से भी छिड़काव किया गया। जोन-3 में गणेश विहार, नंदा फॉर्म और दाउदनगर सहित उन क्षेत्रों में गाद हटाने का कार्य कराया जा रहा है, जहां बाढ़ का पानी उतर चुका है। इसके साथ ही नियमित झाड़ू लगाने, कूड़ा उठाने और झाड़ियों की कटाई का कार्य भी किया जा रहा है। झाड़ियों की कटाई और उठान के लिए चार से पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का उपयोग किए जाने की जानकारी दी गई है। जोन-6 में सैंथा प्रथम एवं द्वितीय, हयातनगर, तांड खेड़ा सहित अन्य प्रभावित मोहल्लों में भी जमा गाद और मिट्टी हटाई जा रही है। सफाई के बाद प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर, मैलाथियान डस्ट और चूने के मिश्रण का छिड़काव भी कराया जा रहा है, ताकि स्वच्छता बनाए रखने और मच्छरों से बचाव में मदद मिल सके। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सफाई कार्यों को गति देने के लिए जोन-3 में लगभग 600 तथा जोन-6 में करीब 550 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इन कर्मचारियों के माध्यम से सफाई, कूड़ा उठान, गाद हटाने, झाड़ियों की कटाई और एंटी लार्वा छिड़काव सहित विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं।

शिवांशी ने संभाली खंड शिक्षा अधिकारी की कुर्सी, जानीं प्रशासनिक जिम्मेदारियां

❐ खुजौली की कक्षा नौ की छात्रा को मिला नेतृत्व का अवसर, बीईओ सुशील कुमार ने उपहार देकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मिशन शक्ति फ़ेज-6 के तहत गुरुवार को मोहनलालगंज क्षेत्र के खुजौली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा शिवांशी को एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार की पहल पर शिवांशी ने कार्यालय पहुंचकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की और विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी संभालते हुए शिवांशी ने विभागीय कार्यप्रणाली, शैक्षिक गतिविधियों और प्रशासनिक दायित्वों को समझा। उन्होंने विभिन्न कार्यों की प्रगति से संबंधित सवाल पूछे और विकासखंड में संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और प्रशासनिक समझ विकसित करना है, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार पदों पर अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित हों। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार ने शिवांशी को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एआरपी अदिति पाण्डेय तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिकाएं अर्चना प्रजापति और अंकिता उपस्थित रहीं।

टहलने निकली वृद्धा की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

❐ बृहस्पतिवार तड़के सुंदरा रोजमर्रा की तरह टहलने के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर पहुंचने पर वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गईं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में बृहस्पतिवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में 76 वर्षीय वृद्धा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वृद्धा सुबह टहलने के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर वृद्धा का शव पड़ा देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज क्षेत्र के गौरा गांव निवासी 76 वर्षीय सुंदरा पत्नी स्वर्गीय कल्लू के पति का करीब आठ वर्ष पूर्व निधन हो गया था। पति की मौत के बाद से वह अधिकांश समय अपने मायके दौलतगंज गांव में ही रहती थीं। इन दिनों भी वृद्धा अपने मायके में रह रही थीं। जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार तड़के सुंदरा रोजमर्रा की तरह टहलने के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर पहुंचने पर वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गईं। हादसा इतना दर्दनाक था कि वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद रेलवे ट्रैक के पास से गुजर रहे स्थानीय लोगों की नजर वृद्धा के शव पर पड़ी। इसकी जानकारी गांव में पहुंचते ही लोगों की भीड़ जुट गई।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना वृद्धा के परिजनों को दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। वृद्धा का शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम छा गया। वहीं गांव में भी शोक का माहौल बन गया।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई। रेलवे ट्रैक से जुड़ा मामला होने के चलते जीआरपी को जानकारी दी गई। जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और वृद्धा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों के मुताबिक सुंदरा के पति कल्लू की करीब आठ साल पहले मौत हो गई थी। पति के निधन के बाद वह अपने मायके दौलतगंज में अधिक समय बिताती थीं। बृहस्पतिवार सुबह टहलने निकली वृद्धा के साथ हुए हादसे की खबर ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। परिजनों को इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि सुबह घर से निकली सुंदरा अब कभी वापस नहीं लौटेंगी। वृद्धा की मौत से मायके और ससुराल दोनों परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई।

वार्ड नंबर 14 में जनसमस्याओं और विकास का मुद्दा होगा अहम, ओ.पी. यादव की दावेदारी पर टिकी निगाहें

❐ सड़क, नाली, जल निकासी, पेयजल, सफाई और सरकारी योजनाओं का लाभ जैसे मुद्दे बन सकते है चुनावी चर्चा का केंद

कैनविज टाइम्स संवाददात



काकोरी, लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और आम जनता की बुनियादी जरूरतों को लेकर पंचायत चुनावों में स्थानीय मुद्दों की अहम भूमिका रहती है। लखनऊ जिला पंचायत के वार्ड नंबर 14 में भी विकास, जनसुविधाओं और जनसमस्याओं को लेकर राजनीतिक गतिविधियों पर लोगों की निगाहें रहेंगी। इसी बीच समाजवादी पार्टी से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी ओम प्रकाश यादव (ओ.पी. यादव) की दावेदारी क्षेत्र की स्थानीय राजनीति में चर्चा का विषय है। जिला पंचायत व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गांवों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों में शामिल है। ऐसे में वार्ड नंबर 14 के लिए भी जनता की अपेक्षा रहेगी कि चुनावी चर्चाओं में केवल राजनीतिक समीकरण ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं को भी प्राथमिकता दी जाए। सड़क, नाली और जल निकासी की समस्या बने प्रमुख मुद्दे ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में टूटी सड़कों, खराब संपर्क मार्गों, नालियों की सफाई तथा जलभराव जैसी समस्याओं का सीधा असर आम नागरिकों के जीवन पर पड़ता है। बरसात के मौसम में जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में वार्ड नंबर 14 में सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, जलभराव से राहत और नियमित सफाई जैसे मुद्दों पर ठोस पहल की अपेक्षा रहेगी। इसके अलावा गांवों में पेयजल की उपलब्धता, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई भी जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषय हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना और विकास कार्यों की नियमित निगरानी करना आवश्यक माना जाता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं तक पहुंच भी जरूरी विकास का अर्थ केवल सड़क और नाली का निर्माण नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, सरकारी विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने जैसे विषय भी महत्वपूर्ण हैं। पात्र लाभार्थियों को पेंशन, आवास, राशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी और सहायता उपलब्ध कराने में स्थानीय स्तर पर जागरूकता की अहम भूमिका रहती है। इसी तरह किसानों की समस्याओं, कृषि संबंधी सुविधाओं, युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों और महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े विषयों को भी जनहित की चर्चा में स्थान मिलना चाहिए।

मोहनलालगंज में दिनदहाड़े बड़ी चोरी चोरों ने उड़ाए लाखों के जेवरात व नगदी

❐ मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज कस्बे में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया।

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां पेप्सी एजेंसी के संचालक उमाकांत पाठक के घर को चोरों ने दिनदहाड़े निशाना बनाया और लाखों रुपये के जेवरात समेत नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, चोर दीवार फांदकर घर के अंदर दाखिल हुए। इसके बाद दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से करीब 80 हजार रुपये की नकदी और कई लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि मकान मालिक दोपहर करीब एक बजे घर में ताला बंद करके अपनी पेप्सी एजेंसी पर गए थे और बेटी अपने स्कूल गई हुई थी। इसके बाद जब वह शाम करीब चार बजे वापस घर लौटे, तो चोरी की घटना का पता चला। घर का सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए।

घटना की जानकारी तत्काल डायल 112 कंट्रोल रूम को दी गई। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। वीडियो में पुलिस में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है

टेंडर बदला, रेट लिस्ट बदली, फिर भी पुराने रेट पर वसूली! खैराबाद टोल पर सवाल

- नई दरें लागू होने के बाद भी पुरानी दरों से वसूली का आरोप, निजी व्यक्तियों के स्कैनर पर भुगतान कराने का मामला आया सामने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर-लखनऊ मार्ग पर स्थित खैराबाद टोल प्लाजा पर निर्धारित दरों से अधिक वसूली किए जाने और निजी व्यक्तियों के स्कैनर पर भुगतान कराए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि 14 और 15 अक्टूबर की मध्यरात्रि में टोल की नई दरें लागू होने के बावजूद टोल प्रशासन की ओर से पुरानी दरों के हिसाब से वसूली की जाती रही। इस मामले ने टोल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गौरतलब है कि सीतापुर-लखनऊ मार्ग पर स्थित इटौंजा टोल प्लाजा पर कुछ दिन पहले एसटीएफ की छापेमारी हुई थी, जिसमें कई दस्तावेज जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई थी। इसी बीच खैराबाद टोल प्लाजा पर भी दरों में बदलाव



के बावजूद पुरानी दरों से वसूली किए जाने का आरोप सामने आया है।

नई दरें लागू, फिर भी पुरानी दरों से वसूली का आरोप

जानकारी के अनुसार, टोल की नई रेट लिस्ट में विभिन्न श्रेणियों के वाहनों की दरों में कमी की गई थी। इसके बावजूद आरोप है कि नई दरें लागू होने के बाद भी वाहन चालकों से पुरानी दरों के हिसाब से भुगतान लिया जाता रहा। यदि ऐसा हुआ है, तो यह जांच का विषय है कि नई दरें लागू होने के बाद भी पुरानी दरों से वसूली क्यों की गई।

निजी स्कैनर पर भुगतान कराने का आरोप

इस मामले में सबसे गंभीर सवाल भुगतान की प्रक्रिया को लेकर उठ रहे हैं। आरोप है कि टोल पर भुगतान टोल प्रशासन के अधिकृत खाते में लेने के बजाय निजी व्यक्तियों के स्कैनर पर कराया गया। इस संबंध में टोल के जिम्मेदार लोगों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि जिस अंकित के स्कैनर पर भुगतान कराया गया था, उसे नौकरी से निकाल दिया गया है। हालांकि, सूत्रों के हवाले से यह भी दावा किया जा रहा है कि अन्य स्कैनरों पर भी भुगतान कराया गया। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

कार्रवाई के सवाल पर क्या मिला जवाब?

जब टोल प्रशासन से पूछा गया कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई या पुलिस को सूचना दी गई, तो कथित तौर पर जवाब मिला कि शिकायत क्या करना। यदि यह जवाब दिया गया है, तो यह भी सवाल उठता है कि भुगतान की प्रक्रिया में कथित अनियमितता को गंभीरता से क्यों नहीं लिया गया।

जानिए नई और पुरानी दरों में कितना अंतर

उपलब्ध कराई गई दरों के अनुसार, एक तरफ की यात्रा के लिए विभिन्न श्रेणियों के वाहनों की नई और पुरानी दरों में निम्न अंतर बताया गया है-लाइट, कमर्सिअल वाहन के नए रेट 90 रुपये जबकी पुराना रेट 95 रुपये, बस और ट्रक का नया रेट 190 और वही पुराने रेट 195 रुपये, वही थ्री एक्सेल के नए रेट 205 रुपये और पुराने रेट 310 रुपये, और वही सिक्स एक्सेल के नए रेट 295 और पुराने रेट 310 रुपये है, सेवेन और मोर एक्सेल के नए रेट 360 और पुराने रेट 415 है। ये रेट एक तरफ से है

नोटः ये दरें उपलब्ध कराई गई जानकारी पर आधारित हैं। वास्तविक दरों की पुष्टि आधिकारिक टोल रेट लिस्ट से की जानी चाहिए।

अब उठ रहे हैं ये सवाल

यदि नई दरें लागू हो चुकी थीं, तो उसके बाद भी पुरानी दरों से वसूली क्यों की गई? निजी व्यक्तियों के स्कैनर पर भुगतान कराने की अनुमति किसने दी? ऐसे भुगतानों की रकम किस खाते में पहुंची? क्या टोल प्रशासन ने पूरे मामले की जांच कराई और पुलिस को कोई सूचना दी?

ये ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब संबंधित टोल प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों को देना चाहिए।

जांच के बाद ही स्पष्ट होगी स्थिति

खैराबाद टोल प्लाजा पर पुरानी दरों से वसूली और निजी स्कैनरों पर भुगतान कराए जाने के आरोपों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। संबंधित अधिकारियों को भुगतान के रिकॉर्ड, नई दरें लागू होने का समय, अधिकृत भुगतान माध्यमों और कथित अतिरिक्त वसूली की जांच करनी चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके और यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

डीएम ने दिव्यांग बच्चों की एक्सपोजर विजिट को दिखाई हरी झंडी, किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समग्र शिक्षा कार्यक्रम व समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एक्सपोजर विजिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकासखंडों के 106 विद्यालयों के कुल 151 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सोहन शुक्ल तथा सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी वर्धन के सहयोग एवं समन्वय से किया गया। बीएसए ने बताया कि विजिट के दौरान बच्चों ने विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर नई जानकारियां प्राप्त कीं तथा व्यावहारिक अनुभव हासिल किए। इस पहल के माध्यम से बच्चों में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास, आपसी सहयोग एवं सामाजिक समावेशन की भावना को बढ़ावा दिया गया। कहा कि दिव्यांग बच्चों को समान अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने, उनमें आत्मविश्वास विकसित करने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक्सपोजर विजिट के आयोजन में जिला स्काउट मास्टर दपिन्दर कौर एवं जिला गाइड कैप्टन निकहत परवीन का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान शिक्षक राजीव कुमार, मनोज मिश्रा, अतुल शर्मा, मनोज शर्मा, दीपक गुप्ता, अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

मिशन शक्ति फ़ेज 6.0 के तहत छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । थाना रामकोट, जनपद सीतापुर के अंतर्गत उमराव सिंह इंटर कॉलेज, बीहटगौड़ में मिशन शक्ति फ़ेज 6.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन सुरक्षा और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर धोखाधड़ी करने, फोटो से छेड़छाड़ कर वायरल करने, अश्लील संदेश भेजने, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसे साइबर अपराधों के बारे में बताया गया। छात्राओं को अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी किसी के साथ साझा न करने तथा सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी सार्वजनिक न करने की सलाह दी गई। छात्राओं को जागरूक किया गया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर डरें नहीं और चुप न रहें। तत्काल अपने माता-पिता या शिक्षकों को जानकारी दें, चैट और स्क्रीनशॉट जैसे साक्ष्य सुरक्षित रखें तथा शिकायत दर्ज कराएं। इस दौरान महिला पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 और साइबर वित्तीय धोखाधड़ी हेल्पलाइन 1930 की जानकारी भी दी गई।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत यूपीएससी, यूपीपीएससी, जेईई, एसएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपलब्ध मार्गदर्शन के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में कुल 250 छात्राओं ने भाग लिया तथा 250 जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक श्री रविंद्र नाथ गौड़, कांस्टेबल सनी, महिला आरक्षी करुणा, महिला आरक्षी प्रीति सिंह और महिला आरक्षी लाली उपस्थित रहीं।

छह घंटे समझाने के बाद टॉवर से नीचे उतरी नाबालिग

सिद्धार्थनगर । उत्तर प्रदेश के जनपद सिद्धार्थनगर में डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बनगवा बरई गांव की एक नाबालिग बालिका बैदौला चौराहे के निकट पश्चिम तरफ स्थित मोबाइल टावर पर गुरुवार को चढ़ गई। करीब छह घंटे तक समझाने के बाद वह सुरक्षित नीचे उतरी। इसके टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उसे घंटों समझाया तब वह नीचे उतरने के लिए तैयार हुई। बनगवा बरई निवासी उमा(15) गुरुवार को बैदौला चौराहे के निकट स्थित जिओ टावर पर चढ़ गई। टावर पर चढ़ने के बाद आसपास के लोगों को जब जानकारी हुई तो वहां पर लोग इकट्ठा होने लगे। कुछ समय में ही डुमरियागंज बस्ती मार्ग व अग्रहरि कॉलोनी के आसपास भारी भीड़ जुट गई। चर्चा के अनुसार उक्त बालिका के टावर पर चढ़ने का मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। पूछताछ करने के बाद परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में छोड़ दिया गया। टावर पर चढ़ने की सूचना मिलने पर एसडीएम डुमरियागंज विवेकानंद मिश्रा और क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा, थाना अध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव मौके पर पहुंचे।

शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, दो घंटे तक मचा हाईवोल्टेज ड्रामा! पुलिस की सूझबूझ से टली अनहोनी

- गाड़ीघाट के पास टावर पर चढ़ा 25 वर्षीय युवक, मौके पर जुटी भारी भीड़, पुलिस की मशक्कत के बाद सुरक्षित नीचे उतारा गया , टावर पर चढ़ा युवक, दो घंटे तक चलता रहा हाईवोल्टेज ड्रामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मैलानी खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक मामला उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब शादी करने की जिद में एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक को ऊंचाई पर चढ़ा देखकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। करीब दो घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान लोगों की सांसें अटकी रहीं। आखिरकार पुलिस की सूझबूझ और समझाइश के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।

जानकारी के मुताबिक, मैलानी थाना क्षेत्र के रामपुर फूलहिया निवासी संतोष पुत्र दूधनाथ, जिसकी उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है, पड़ोसी गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग के चलते शादी करने की जिद पर अड़ा था। इसी जिद के चलते वह गाड़ीघाट के निकट स्थित एक ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ा देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी। हर किसी की नजर टावर पर चढ़े युवक पर टिकी थी और उसे सुरक्षित नीचे उतारने की चिंता सताने लगी।

दो घंटे तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा

ऊंचे टावर पर युवक के चढ़े रहने से मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। लोगों की भीड़ के बीच युवक को नीचे उतारना पुलिस के लिए चुनौती बन गया। ऐसे में पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत और समझाइश के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस की समझदारी और धैर्य महत्वपूर्ण रहा। समय रहते युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिए जाने से किसी बड़ी अनहोनी की आशंका टल गई। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही और युवक को नीचे उतारे जाने के बाद स्थिति सामान्य हुई। फिलहाल, युवती से शादी करने की जिद में युवक के टावर पर चढ़ने का यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

एलपिस ग्लोबल स्कूल में 'संकल्प' हाउस शो का समापन, रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पूरा हुआ इन्टरप्राइज हाउस(भद्दद्यद्यधब द्धधफ्मद्द) संकल्प का सफल आयोजन आज दिनांकः 15 अक्टूबर, 2026,दिन गुरुवार को एल्पिस ग्लोबल स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक श्री मुदित सिंघल श्री अनुज सिंघल श्री उमंग राजवंशी प्रधानाचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, नाटक, संगीत, समूहगान तथा विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

अंत में विद्यालय के प्रबंधक श्री उमंग राजवंशी ने उत्साहवर्धक शब्दों के साथ बच्चों का हौसला बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।उन्होंने कहा कि बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं भारत की गौरवशाली परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित हुई। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।अंत में आए हुए सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया एवम् सभी शिक्षकों के सहयोग की प्रशंसा की इसी के साथ चार दिनों से चलने वाले कार्यक्रमों का समापन हुआ।

दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल से लकड़ी निकासी के आरोप, वन विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- मैलानी रेंज की बीट 33 और 34 से रोजाना 40-50 साइकिलों पर लकड़ी ढोने का दावा, प्रति साइकिल 100 से 150 रुपये की कथित वसूली की चर्चा; सफाई बजट की जांच की मांग

मैलानी खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व की मैलानी वन रेंज में जंगल से लकड़ी बाहर ले जाने के कथित मामले ने वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय सूत्रों के हवाले से बीट संख्या 33 और 34 से प्रतिदिन दर्जनों साइकिलों पर लकड़ी निकाले जाने का दावा किया जा रहा है। वहीं, प्रति साइकिल 100 से 150 रुपये तक कथित वसूली के आरोप भी सामने आए हैं। हालांकि, इन आरोपों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

स्थानीय स्तर पर सामने आ रहे दावों के मुताबिक, जंगल से प्रतिदिन करीब 40 से 50 साइकिलों पर लकड़ी बाहर ले जाई जाती है। प्रत्येक साइकिल पर पांच से आठ क्विंटल तक लकड़ी लदे होने की बात भी कही जा रही है। पावा और बाजू बनाने में इस्तेमाल होने वाली लकड़ियों के परिवहन का भी दावा किया गया है। इसके अलावा बीट संख्या 36 और 39 को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। यदि इन दावों में सच्चाई है, तो यह जांच का विषय है कि जंगल से लकड़ी किस अनुमति के तहत बाहर ले जाई जा रही है और वन विभाग की नियमित गश्त के दौरान ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक क्यों नहीं लग पा रही है। हालांकि, लकड़ी की वास्तविक मात्रा, परिवहन की वैधता और कथित वसूली के संबंध में स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

मामले में जंगल की डंडा सफाई के नाम पर खर्च होने वाले बजट को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि कुछ मजदूरों से सफाई कार्य कराने के बदले कथित तौर पर मजदूरी के स्थान पर लकड़ी ले जाने की छूट दिए जाने की बात कही जाती है। इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इसकी निष्पक्ष जांच से वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ऐसे में संबंधित कार्यों के स्वीकृत बजट, मजदूरों की उपस्थिति, भुगतान संबंधी अभिलेखों और मौके पर कराए गए कार्यों का मिलान कराना जरूरी है। साथ ही, यह भी जांच होनी चाहिए कि जंगल से लकड़ी ले जाने के लिए कोई वैध अनुमति दी गई थी या नहीं।

इस संबंध में फॉरेस्ट गार्ड प्रेमशंकर से उनका पक्ष जानने पर उन्होंने बताया, ह्लमुझे यहां आए अभी दस दिन ही हुए हैं। हां, थोड़ी सफाई कराई थी, तो दस-बारह साइकिलें चली थीं। फॉरेस्ट गार्ड के इस बयान के बाद सफाई कार्य के दौरान लकड़ी ले जाने की परिस्थितियों और उसके नियमों को लेकर स्थिति स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है। हालांकि, उनके बयान से कथित बड़े पैमाने पर लकड़ी निकासी या वसूली के आरोपों की पुष्टि नहीं होती।

वहीं, मामले में वन दरोगा ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी मिली है और वह मामले को दिखवाएंगे। अब देखना होगा कि विभागीय स्तर पर जांच कब शुरू होती है और जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं।

सूर्पनखा की कटी नाक, खर-दूषण, त्रिसरा पहुंचे मोक्षधाम

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बृहस्पतिवार को जनपद न्यायधीश एवं न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों ने ओसीएफ रामलीला का मंचन देखा। आज के मंचन में श्रीराम-सीता, लक्ष्मण वन में निवास करने लगते हैं और पंचवटी में अगस्त मुनि के पास जाते हैं। अगस्त मुनि श्रीराम से कहते हैं कि हे राम आप धन्य हैं जो ऐसे भाई और भार्या आपको मिले, जिन्होंने आपका साथ विपरीत परिस्थितियों में भी नहीं छोड़ा। इसके बाद माता सीता को प्रभु राम अग्नि देव को सौंपते हैं और अग्निदेव से सीता की छाया को लेकर वन में चले जाते हैं। वहां पर सूपनखा उनके पास आती है और श्रीराम को देखकर मोहित हो जाती है और विवाह का प्रस्ताव रखती है, रामजी खुद को विवाहित बताते हैं। सूपनखा फिर लक्ष्मण से कहती है, कि लक्ष्मण तुम मुझसे विवाह कर लो, वह भी मना कर देते हैं, जिस पर सूपनखा क्रोधित होकर सीता को पर झपटती है, जब लक्ष्मण उसकी नाक कान काट देते हैं, सुपनखा रोती हुई अपने भाई खर-दूषण और त्रिसरा के पास जाकर सारा हाल सुनाती हैं, वह दोनों रामसे से युद्ध करने आते हैं और श्रीराम उन्हें मोक्षधाम पहुंचा देते हैं। मंचन को सफल बनाने में मंचन सचिव एके व्यास, देवेश दीक्षित, संयुक्त सचिव अजय सक्सेना, निर्देशक अंकित सक्सेना, सहायक निदेशक सुहेल मोहम्मद, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, पर्यवेक्षक सुरक्षा राममोहन अग्निहोत्री, मंचन मीडिया प्रभारी रोहित सक्सेना, मंच संचालक एवं वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश सक्सेना, भोजन व्यवस्थापक रामकुमार दीक्षित, व्यवस्थापक प्रदीप अग्निहोत्री आदि लोगों का सहयोग रहा। आज के मंचन में राम-मोहित, लक्ष्मण- अमित, सीता- रानी, सुतीक्ष्ण- संदीप, अगस्त मुनि- एसएल सिंह, सूर्पनखा- चांदनी, खर- लक्ष्मण, दूषण- सुभाष, त्रिसरा- अर्जुन आदि ने किरदारों को निभाकर मंचन को जीवंत किया।

सपा नेताओं ने मनाई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समाजवादी पार्टी के बिजलीपुरा स्थित जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान सपा नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ और उनके विचारों पर चर्चा की गई। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को हुआ था और 27 जुलाई 2015 को निधन हुआ था। वह एक भारतीय वैज्ञानिक के साथ राजनीतिक नेता भी थे, जो बाद में देश के 11वें राष्ट्रपति बने। वो वर्ष 2002 से 2007 तक भारत के राष्ट्रपति रहे और भारत के मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रमों के विकास में अहम भूमिका निभाई थी। जिस कारण वो देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में मिसाइल मैन के नाम से मशहूर हुए। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश यादव और पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत सिंह यादव, विजय सिंह, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, नीरज मिश्रा, संजीव वर्मा, रागिनी सिंह, उत्पल यादव, अरविंद पाल, प्रसून कनौजिया, नवीर फौजी, हफीज अंसारी, मोनू कुरैशी, डॉ. सजीव कुमार, जीशान अल्वी, रामरतन लाल सोनी, मनोज यादव, विपिन यादव, सुरजीत यादव, दीपू मौर्य, आशीष दीक्षित, नरेंद्र पाल, रामपाल सक्सेना, नवनीत यादव, सचिन सक्सेना, वकार खान, अनुज यादव, संतोष पाल, अनुज वर्मा, गुलजार उर्फ मुन्ना, सैयद शकील मियां, सत्यवीर सिंह यादव, विमलेश कुमार, अरिफ खान, श्लोक मौर्य सचिन वर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 17 और 24 अक्टूबर को लगेंगे विशेष कैंप

- डीएम अंजनी कुमार सिंह ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक, सुबह 10 से शाम चार बजे तक बूथों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ
- पहली बार वोटर बनने वाले युवाओं और छूटे हुए मतदाताओं को मिलेगा नाम दर्ज कराने का मौका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे लोगों और पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं को पंजीकरण का अवसर देने के लिए जिले में 17 और 24 अक्टूबर को विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन दोनों दिनों में सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मौजूद रहेंगे। इच्छुक पात्र नागरिक फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने विशेष कैंपों के आयोजन और मतदाता पंजीकरण अभियान के संबंध में जानकारी साझा की।

डीएम ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के 13 अक्टूबर 2026 के पत्र के क्रम में प्रदेश में 17 अक्टूबर (शनिवार) और 24 अक्टूबर (शनिवार) को विशेष कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इन कैंपों का उद्देश्य निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे पात्र नागरिकों और प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं के नाम सूची में शामिल करना है। विशेष कैंपों के दौरान बीएलओ के पास फार्म-6 के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली भी उपलब्ध रहेगी। पात्र नागरिक अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर फार्म-6 भरकर बीएलओ को सौंप सकते हैं।

एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि निर्वाचन संबंधी इस अभियान के तहत पात्र युवाओं और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित लोगों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने बूथ पर पहुंचकर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके।

साइबर सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- साइबर अपराधों के प्रति सतर्क और सावधान रहें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज-6.0 अभियान के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय में साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, साइबर सुरक्षा तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां देकर जागरूक किया। छात्र-छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कहा कि साइबर अपराधों के प्रति सतर्क और सावधान रहें। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग बनाकर सुरक्षित डिजिटल वातावरण के निर्माण में सहभागी बनाना है। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय अधिकारी, प्रबंधक सहित थाना साइबर क्राइम एवं साइबर सेल टीम के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

मीरजापुर में खाद काउंटर बंद करने से मड़िहान के किसानों का गुस्सा भड़का

मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। । उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर में मड़िहान बाजार स्थित इफको खाद वितरण केंद्र पर गुरुवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। आरोप है कि 50 किसानों के कागजात लेने के बाद केंद्र का काउंटर बंद कर दिया गया। इससे घंटों से कतार में लगे किसानों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची मड़िहान पुलिस ने किसानों को समझाकर स्थिति संभाली। मड़िहान तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों किसान सुबह से ही खाद लेने केंद्र पर जुटने लगे थे। पूर्वाह्न 10 बजे केंद्र खुलते ही आधार कार्ड और खतौनी लेकर किसानों की कतार लग गई। दोपहर तक 50 किसानों के कागजात लेने के बाद आगे के किसानों के दस्तावेज लेने से इनकार कर दिया गया। किसानों ने इसकी वजह पूछी तो उन्हें केवल 50 किसानों को खाद देने की बात कही गई। इससे नाराज किसानों ने केंद्र पर विरोध जताना शुरू कर दिया। लूरकुठिया गांव निवासी किसान रमेश सिंह ने बताया कि कई किसान बुधवार रात आठ बजे से ही खाद के इंतजार में केंद्र पर डटे थे। रातभर रुकने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल सकी। किसानों ने केंद्र पर पेयजल और छाया की व्यवस्था नहीं होने की शिकायत भी की। उनका कहना था कि खेती-किसानी का काम छोड़कर दूर-दराज के गांवों से आए किसानों को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। किसानों ने केंद्र प्रभारी रोहित कुशवाहा पर खाद वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया। उनका दावा है कि कुछ किसानों को अधिक खाद दी जा रही है। धान की कटाई के बाद गेहूं की बुआई की तैयारी में जुटे किसानों ने खाद की किल्लत पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन में मुन्नू सिंह, गंगा देवी, गुलजारी देवी, राकेश, विनोद सिंह, मनोज, राजेश, बृज बिहारी, विकास सिंह, राजू, दिनेश, रमेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सचिन सिंह बने शिवसेना यूबीटी के जिला प्रमुख, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शिवसेना यूबीटी उत्तर प्रदेश में संगठन को नई मजबूती देने के उद्देश्य से सचिन सिंह को जनपद सुल्तानपुर का जिला प्रमुख मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति को जिले में संगठन के विस्तार और युवाओं को जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सचिन सिंह की नियुक्ति प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति एवं दिशा-निर्देशों के तहत की गई है। उनके मनोनयन से संगठन के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्ज़ा का संचार होने और जनपद में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। सचिन सिंह पूर्व में युवा शिवसेना में महासचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं। अपने संगठनात्मक अनुभव के साथ अब वे सुल्तानपुर में संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने की जिम्मेदारी निभाएंगे। अपनी नियुक्ति पर सचिन सिंह ने कहा मैं संगठन के नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मेरा लक्ष्य सुल्तानपुर में एक मजबूत, अनुशासित और सक्रिय संगठन खड़ा करना है, जो जनहित के मुद्दों पर मजबूती से काम करे। मैं युवाओं को साथ लेकर संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाऊंगा और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। शिवसेना यूबीटी उत्तर प्रदेश के संपर्क प्रमुख अशोक सूर्यनारायण तिवारी की संस्तुति पर सचिन सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। तिवारी जी के मार्गदर्शन में सुल्तानपुर में संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की दिशा में प्रभावी पहल की उम्मीद है। नवनियुक्त जिला प्रमुख सचिन सिंह ने विश्वास जताया कि वे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करेंगे। साथ ही युवाओं, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए जनसेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देंगे।

प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश, महासभा ने दी आंदोलन की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। शहर के हृदय स्थल महाराणा प्रताप चौक पर स्थित राष्ट्रनायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने के विरोध में आज क्षत्रिय महासभा बदायूं एवं महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में जिलाधिकारी बदायूँ को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक समाज के नहीं, सम्पूर्ण राष्ट्र के स्वाभिमान के प्रतीक हैं। भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में उन्हें आदर प्राप्त है।उनकी प्रतिमा को बार-बार क्षतिग्रस्त किया जाना। सोची-समझी साजिश है। प्रशासन द्वारा पूर्व में दिये गये मांगपत्रों पर ध्यान न देना दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि दोषियों पर अभियोग पंजीकृत कर कठोर कार्यवाही नहीं हुई और नवीन प्रतिमा स्थापित नहीं की गई, तो आंदोलनात्मक कदम उठाने को विवश होना पड़ेगा। क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ0 सुशील कुमार सिंह ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है। बदायूँ जैसे ऐतिहासिक नगर में उनकी प्रतिमा की सुरक्षा न कर पाना प्रशासनिक विफलता है। हम मांग करते हैं कि प्रतिमा स्थल की स्थाई सुरक्षा के उपाय किए जाए, वहाँ सीसीटीवी कैमरे एवम प्रकाश व्यवस्था की जाए और चौक का भव्य सौन्दर्यीकरण कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने किया। ज्ञापन में दोषियों पर अभियोग पंजीकृत कराए जाने , नवीन प्रतिमा स्थापना और स्थाई सुरक्षा व्यवस्था करने की तीन सूत्रीय मांग रखी गई है। जिला प्रशासन द्वारा मामले की जांच कराकर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मण्डलायुक्त बरेली, मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को प्रेषित की गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षत्रिय सैनिक सभा के संरक्षक विजय रतन सिंह, क्षत्रिय महासभा बदायूं के संरक्षक राजेन्द्र सिंह तोमर, विजय कुमार सिंह, डॉ एस के सिंह, जिला बार एसोसिएशन बदायू के अध्यक्ष देवपाल सिंह एडवोकेट , जिला उपाध्यक्ष अखिलेश चौहान, जिला संगठन मंत्री भू राज सिंह, क्षत्रिय व्यापार सभा के जिला संयोजक राकेश कुमार सिंह, क्षत्रिय समाज विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह सिसौदिया, महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह एडवोकेट आदि की सहभागिता रही।

कुड़वार में चोरों का आतंक दो घरों को बनाया निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कुड़वार थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिस की चौकसी को धता बताते हुए 14 अक्टूबर की रात दो घरों को निशाना बनाया। एक घर से करीब 3 से 4 लाख रुपये के जेवरात और 10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए, जबकि दूसरे घर में चोरी में असफल होने पर चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार बंसा का पुरवा निवासी रामविलास यादव पुत्र गुरुचरण यादव के घर में अज्ञात चोर रात के अंधेरे में घुस गए। चोरों ने अलमारी में रखे करीब 3 से 4 लाख रुपये के कीमती जेवरात और 10 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। सुबह परिवार के लोग कमरे से बाहर निकले तो दूसरे कमरे में सामान बिखरा देखकर चोरी की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही पीआरबी 112 की टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। इसके बाद चोरों ने बगल के दुर्गेश कुमार उपाध्याय के घर को निशाना बनाया। चोर बाउंड्री कूदकर परिसर में दाखिल हुए और घर के बाहर खड़ी दो बाइकों को ले जाने का प्रयास किया। सफलता नहीं मिली तो बौखलाए चोरों ने दोनों बाइकों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं, घर की खिड़की तोड़ने का भी प्रयास किया और बाहर रखी दो बोरी अनाज लेकर फरार हो गए। एक ही रात में दो घरों में वारदात ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में नशे का कारोबार बढ़ने से चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। हालांकि नशे के कारोबार और चोरी की घटनाओं के बीच संबंध को लेकर पुलिस की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में सवाल उठ रहा है कि जब रात में घरों की सुरक्षा भगवान भरोसे और चोर बेखौफ घूम रहे हों, तो पुलिस की गश्त आखिर किसके लिए है। कुड़वार थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने पुलिस टीम गठित कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सुराग जुटाए जा रहे हैं।

आबिद रजा ने पुष्प वर्षा कर किया श्रीराम बारात का भव्य स्वागत, रेड कारपेट मैटिंग बनी आकर्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। श्रीराम बारात के अवसर पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने मढ़ई चौक पर पुष्प वर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया। नगर पालिका परिषद की ओर से लगाए गए स्वागत शिविर में पहुंचकर उन्होंने बारात में शामिल झांकियों पर भी फूल बरसाए। इस दौरान श्रीराम बारात के स्वागत और नगर पालिका की ओर से की गई व्यवस्थाओं की चर्चा रही। बारात मार्ग पर बिछाई गई रेड कारपेट मैटिंग आकर्षण का केंद्र बनी रही।

नगर पालिका परिषद की ओर से श्रीराम बारात के स्वागत और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। बारात जिन मार्गों से होकर गुजरी, वहां रेड कारपेट मैटिंग बिछवाई गई। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा की ओर से साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। बारात मार्ग की सजावट और स्वच्छता को लेकर लोगों ने सराहना की। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने अपने कार्यकाल में श्रीराम बारात के मार्ग पर मैटिंग बिछवाने की परंपरा शुरू कराई थी। यह परंपरा आज भी जारी है। इस बार भी बारात मार्ग पर रेड कारपेट मैटिंग बिछाए जाने से आयोजन की भव्यता बढ़ी। मढ़ई चौक पर आबिद रजा द्वारा पुष्प वर्षा कर बारात और झांकियों का स्वागत किए जाने से माहौल उत्साहपूर्ण रहा। श्रीराम बारात की तैयारियों को लेकर नगर पालिका कई दिनों से जुटी हुई थी। मैटिंग बिछवाने, सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और स्वागत व्यवस्था के लिए अलग-अलग कमेटियां गठित की गई थीं। बुधवार सुबह तड़के ही नगर पालिका के कर्मचारी बारात मार्ग पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में लग गए। पूरे मार्ग पर पानी का छिड़काव कराया गया और विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

बारात मार्ग की सड़कों पर बने गड्ढों को पहले ही भरवाया गया था, ताकि बारात के आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो। सड़क के दोनों किनारों, प्रमुख चौराहों और मंदिरों के आसपास चूने का छिड़काव कराया गया। साथ ही प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया गया। नगर पालिका की ओर से की गई व्यवस्थाओं का उद्देश्य श्रीराम बारात को स्वच्छ, व्यवस्थित और आकर्षक वातावरण में संपन्न कराना रहा। इस मौके पर सभासद ग्रीश शुक्ला, अनवर खां, ओमवीर सिंह यादव, हार्षित यादव, बब्लू, प्रिंस मेहंदीरत्ता, कौसर खां, अजहर सिद्दीकी, ब्रहमपाल यादव, कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, सचिन सक्सेना, नवैद इकबाला गनी आदि मौजूद थे।

पुल से गंगा में कूदे युवक का शव कासगंज में मिला

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। कछला पुल से गंगा में छलांग लगाने वाले युवक का शव तीसरे दिन मंगलवार शाम कासगंज जिले में कायमगंज की तरफ गंगा में उतराता मिल गया। जरीफनगर थाना क्षेत्र के आरिफपुर भगता नगला गांव निवासी श्रीराम ने रविवार को घरेलू कलह के चलते कछला पुल से गंगा में छलांग लगा दी थी। बीते रविवार को युवक के गंगा में पुल से छंलाग लगाने के बाद से गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ की टीम लगातार गंगा में युवक की तलाश कर रही थी। मंगलवार को 16 गोताखोरों की टीम को चार स्टीमर के साथ कायमगंज की दिशा में भेजा गया। वहीं, पांच गोताखोरों की दूसरी टीम को कादरचौक की तरफ भेजा गया। शाम को कायमगंज की ओर गई टीम ने गंगा में एक शव उतराता मिलने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को मौके पर ले जाकर पहचान कराई। शव की शिनाख्त श्रीराम के रूप में हुई। देर शाम शव कछला पहुंचने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमॉर्टम कराया। कछला से गंगा के रास्ते कासगंज जिले में कायमगंज की तरफ युवक का शव उतराता हुआ मिला है। उसकी पहचान तीन दिन पहले गंगा में कूदे युवक के रूप में हुई है। परिजनों की मौजूदगी में पहचान के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। – राहुल पांडेय, सीओ, उझानी

द्वितीय चरण में नामित गांवों में जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा, किसानों को किया जाएगा जागरूक

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में द्वितीय चरण के अंतर्गत नमामि गंगे जैविक खेती योजनान्तर्गत जैविक किसान मेलों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जारी कार्यक्रम के अनुसार इस माह में निर्धारित तिथियों पर विकास खंड परिसर में मेलों का आयोजन कर किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 अक्टूबर 2026 को विकास खंड परिसर दहगवां, 21 अक्टूबर को विकास खंड परिसर सहसवान, 24 अक्टूबर को कृषि विज्ञान केंद्र उझानी, 28 अक्टूबर को विकास खंड परिसर कादरचौक तथा 31 अक्टूबर 2026 को विकास खंड परिसर परिरसर उझानी में जैविक किसान मेला आयोजित किया जाएगा। इन मेलों के माध्यम से किसानों को जैविक खेती की तकनीकों, उसके लाभों तथा जैविक कृषि को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यूपी डास्प के जिला परियोजना समन्वयक डॉ0 विवेक कुमार गौरव ने किसानों से अपील की है कि कृषक निर्धारित तिथियों पर संबंधित स्थलों पर पहुंचकर जैविक खेती संबंधी जानकारी प्राप्त करें और योजनाओं का लाभ उठाएं।

नवरात्र पर दुःखदुरिया कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु, 5100 माताओं पर पुष्पवर्षा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्र के पंचम दिवस बृहस्पतिवार को धम्मौर स्थित हनुमानगढ़ी योगीपुरम कूड़धाम आश्रम में पूज्य मौनी महाराज अमेठी के सानिध्य में आयोजित दुःखदुरिया कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता काशी प्रसाद तिवारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 5100 माताओं पर पुष्पवषा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान काशी प्रसाद तिवारी ने आश्रम में आयोजित भंडारे में सहभागिता की और श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित करने में सहयोग किया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर पूज्य मौनी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए नवरात्र के पावन पर्व पर मातृशक्ति के सम्मान और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

भाजपा के सदस्यता समारोह में जुटी भीड़ पर उठे सवाल, वीडियो वायरल

गौरीगंज/अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद मुख्यालय गौरीगंज में बुधवार को भाजपा की ओर से आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में तीन बागी विधायकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। समारोह में उमड़ी भारी भीड़ अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कुछ महिलाएं कथित तौर पर यह कहती नजर आ रही हैं कि उन्हें समूह की बैठक के नाम पर कार्यक्रम में लाया गया था। वीडियो सामने आने के बाद समारोह में जुटी भीड़ को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि क्या कार्यक्रम में दिखाई दे रही भीड़ विभिन्न समूहों और विभागों के माध्यम से जुटाई गई थी। हालांकि, वायरल वीडियो में किए जा रहे दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। इस मामले में भाजपा की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ऐसे में समारोह में भीड़ जुटाने को लेकर उठ रहे सवालों पर पार्टी के आधिकारिक पक्ष का इंतजार है।

धान की बालियों पर कंडुआ रोग का हमला, किसानों की बढ़ी चिंता

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में धान की फसल पर कंडुआ रोग का प्रकोप बढ़ने से किसान परेशान हैं। संग्रामपुर क्षेत्र के कसारा, जरौटा, ठेंगहा और पतापुर सहित आसपास के गांवों में धान की बालियां इस रोग की चपेट में आ रही हैं। किसानों के मुताबिक, लगातार बारिश के बाद फसल की स्थिति में सुधार हुआ था, लेकिन अब रोग के प्रकोप से अच्छी पैदावार की उम्मीदों को झटका लगने की आशंका है। किसानों का कहना है कि कंडुआ रोग के कारण धान की बालियों में दाने काले और पीले पड़ रहे हैं। इससे धान की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होने का डर है। किसानों के अनुसार, फसल बचाने के लिए दवाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन अपेक्षित लाभ नहीं मिलने से उनकी चिंता बढ़ गई है। रोग के बढ़ते प्रकोप ने किसानों के सामने फसल बचाने की चुनौती खड़ी कर दी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, धान में कंडुआ रोग को फाल्स स्मट भी कहा जाता है। इसके प्रबंधन के लिए बीज उपचार और फसल की उचित देखभाल जरूरी है। रोग की रोकथाम के लिए बाली निकलने से पहले अनुशंसित फफूंदनाशक का कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार छिड़काव करना चाहिए। किसानों को रोग के लक्षण दिखाई देने पर समय रहते कृषि विभाग से संपर्क कर उचित उपचार कराने की सलाह दी गई है।

बाइक चोरी गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट, तीन आरोपियों पर मुकदमा

संग्रामपुर/अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में बाइक चोरी के गिरोह के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। संग्रामपुर पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जिला मजिस्ट्रेट शशांक चौधरी ने 14 अक्टूबर को गैंग चार्ट को मंजूरी दी थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना राहुल यादव निवासी शुकुलडीह, मेदानमवाई, थाना मुंशीगंज है। गिरोह के अन्य सदस्यों में गजधर वर्मा निवासी नया पुरवा, जोगपुर अंबरपुर, थाना संग्रामपुर और आदित्य उर्फ करण निवासी पांडेय का पुरवा, टिकरिया, थाना गौरीगंज शामिल हैं। संग्रामपुर थाना प्रभारी संजय सिंह के मुताबिक, तीनों आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 की धारा 2(ख)(द्व) और 3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

गनापुर में बुढऊ बाबा के उर्स में उमड़े अकीदतमंद चादरपोशी कर मांगी अमन-चौन की दुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के गनापुर स्थित सुप्रसिद्ध बाबा शहीद मर्द बुढऊ बाबा उर्फ बरगदहिया बाबा की मजार पर गुरुवार को सालाना उर्स अकीदत और उल्लास के साथ आयोजित हुआ। सुबह से ही मजार पर हिंदू-मुस्लिम अकीदतमंदों की आवाजाही लगी रही।कुरानख्वानी,तकरीर,गुस्ल और चादरपोशी की रस्में अदा की गईं। अकीदतमंदों ने मजार पर हाजिरी लगाकर अमन-चौन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। उर्स के दौरान आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली। शाम को मेले, लंगर-ए-आम और कव्वाली का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। उर्स की तैयारियों को मुकम्मल रूप देने के लिए आयोजक सुजात उल्ला सुजजू पिछले 15 दिनों से दिन-रात जुटे हुए थे।कार्यक्रम में बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह, खालिद खान, दरोगा राम विलास यादव, प्रधान प्रतिनिधि गुलाम हैदर बब्बू, पत्रकार पीर मोहम्मद, पत्रकार सुशील कुमार, बीडीसी जुनैद अहमद, मोनू खान, डॉ. समीम खान, अकलीम, दानिश, वकील अहमद, साकिब, वसीम, राजन, मोनिस, एडवोकेट अनफाल, परवेज और बीडीसी तनवीर आलम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अवसान मैया के दरबार में पहुँचीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री, कुड़धाम में की पूजा-अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। इसौली विधानसभा के धमौर मंडल स्थित कुड़धाम मंदिर परिसर में पूज्य मौनी महाराज के आह्वान पर आयोजित विशाल दुख दूरिया कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री बबिता तिवारी शामिल हुईं। उन्होंने अवसान मैया के दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर लोककल्याण की कामना की तथा उपस्थित मातृशक्ति का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता के इस आयोजन में बबिता तिवारी की सहभागिता देखने को मिली। उन्होंने माँ अवसान मैया के चरणों में नमन करते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। बबिता तिवारी ने कहा कि धार्मिक आस्था, जनसेवा और समाज के प्रति समर्पण ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। उन्होंने माँ अवसान मैया से इसौली विधानसभा सहित समस्त जनमानस के कल्याण और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

पैमाइश में सुरक्षित मिला रास्ता, चार घंटे बाद धरना समाप्त,केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने भी दिया समाधान का आश्वासन

पूरनपुर। अहमदनगर में शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास रास्ते की समस्या को लेकर शुरू हुआ धरना प्रदर्शन दोपहर दो बजे समाप्त हो गया। रेलवे और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर रास्ते की पैमाइश की। इसमें मौजूदा रास्ता अपनी हद में पाया गया। पैमाइश के बाद अधिकारियों ने लिखित कार्रवाई कर उसकी रिपोर्ट स्थानीय लोगों को सौंप दी, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया।धरना स्थल पर पहुंचे सीनियर सेक्शन इंजीनियर नहरुलाल मीना, आरपीएफ चौकी इंचार्ज अनिल कुमार, कानूनगो सोमपाल राणा तथा लेखपाल कमल किशोर और अनिल चौधरी ने संयुक्त रूप से रास्ते की पैमाइश की। जांच में मौजूदा रास्ता सुरक्षित मिलने पर अधिकारियों ने लिखित रूप से स्थिति स्पष्ट की। वहीं, अहमदनगर की दूसरी ओर स्थित विवादित रास्ते पर निर्माण कार्य को लेकर सहमति बनने तक रोक लगाने पर सहमति बनी है। रास्ते की समस्या के समाधान के लिए करीब पांच लोग बब्बू खा पूर्व प्रधान, जहरुल खा दिल्ली में सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मिलने पहुंचे हैं। बताया गया है कि मंत्री ने रास्ते की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।स्थानीय लोगों का कहना था कि रास्ता बंद होने से आसपास के गांवों का आवागमन प्रभावित हो सकता था। आपात स्थिति में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस वाहन पहुंचने में भी परेशानी हो सकती है। लोगों ने 13 अक्टूबर को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आशीष गुप्ता को सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की थी।गुरुवार को चार घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद पैमाइश और लिखित कार्रवाई होने से फिलहाल एक रास्ते को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है। हालांकि, अहमदनगर के विवादित रास्ते का स्थायी समाधान होना अभी बाकी है। इस दौरान पत्रकार नाजिम खान, कासिम खान,कामरान खान,खुरशीद अहमद, सजय खान, फरहान खान,अलीम, गुड्डू, बरफू, सोयव, शाहिद नक्खा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

अखण्डनगर व दोस्तपुर में शिक्षक संघ के त्रैवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न, निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद सुलतानपुर (सम्बद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ भारत) के तत्वावधान में ब्लॉक इकाई अखण्डनगर एवं दोस्तपुर का त्रैवार्षिक अधिवेशन/शिक्षक सम्मेलन उत्साहपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में शिक्षकों ने संगठन की एकता, मजबूती और शिक्षक हितों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।अखण्डनगर ब्लॉक इकाई के त्रैवार्षिक अधिवेशन में कुल 442 मतदाता थे। अध्यक्ष पद के लिए राम अनुज यादव तथा मंत्री पद के लिए राम जी ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत दोनों आवेदन वैध पाए गए। अध्यक्ष एवं मंत्री पद के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त होने के सापेक्ष अध्यक्ष पद के लिए राम अनुज यादव एवं मंत्री पद के लिए राम जी को निर्विरोध विजई घोषित किया गया। अखण्डनगर में निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में मतदान पर्यवेक्षक विजय प्रकाश मिश्र, जिला उपाध्यक्ष तथा मतदान अधिकारी राहुल कुमार मिश्र एवं डॉ.चन्द्रपाल राजभर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इसी क्रम में दोस्तपुर ब्लॉक इकाई का भी त्रैवार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया।

जहां पर कुल 252 मतदाता थे। अध्यक्ष पद के लिए रामचन्द्र राजभर ने तथा मंत्री पद के लिए शिव कुमार मौर्य ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत दोनों आवेदन वैध पाए गए। किसी भी पद पर अन्य कोई नामांकन न होने के कारण अध्यक्ष पद के लिए रामचन्द्र राजभर एवं मंत्री पद के लिए शिव कुमार मौर्य को निर्विरोध विजई घोषित किया गया। दोस्तपुर में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदान पर्यवेक्षक जिला मंत्री राम आशीष मौर्य तथा मतदान अधिकारी विपिन कुमार यादव जी रहे।इस अवसर पर सभी विजई प्रत्याशियों को पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय, जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय एवं जिला मंत्री राम आशीष मौर्य, अरूण कुमार सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से शिक्षक हितों, संगठन की गरिमा एवं एकता को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बीस दिन से पुल पर का बहाव प्रशासन की नींद नहीं टूटी

चंदवतपुर घाट पर टेढ़ी नदी में बहा युवक, हादसे के बाद जागा तंत्र

जिले के दो थानों की पुलिस और गोताखोर तलाश में जुटे

गोंडा-कटरा मार्ग पर चंदवतपुर घाट पुल के ऊपर से तेज बह रहा था पानी, फिर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में गोंडा-कटरा मार्ग स्थित चंदवतपुर घाट पर टेढ़ी नदी का तेज ब हाव एक युवक को अपने साथ ले गया।पुल के ऊ पर से करीब बीस दिनों से तेज गति से पानी बहने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवा लों के बीच



युवक के नदी में लापता होने की घटना ने प्रशासनिक इंतजामों की पोल खोल दी है,हादसे के बाद दो थानों की पुलिस और गोताखोरों की टी म युवक की तलाश में जुटी है।जानकारी के मुता बिक,देहात कोतवाली क्षेत्र के शुकुलपुरवा पिपरा पदुम गांव निवासी रघुनाथ शुक्ला का बेटा पुत्तन चंदवतपुर घाट पर टेढ़ी नदी में नहाने आया था। इसी दौरान वह अचानक तेज धारा की चपेट में आकर लापता हो गया।घटना के बाद मौके पर अ फरा-तफरी मच गई।पुलिस और गोताखोर नदी में उसकी तलाश कर रहे हैं।

बीस दिन से खतरे का संकेत, फिर भी बैरिकेडिंग क्यों नहीं

स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब चंदवतपुर घा ट पुल के ऊपर से करीब बीस दिनों से तेज बहाव में पानी गुजर रहा था, तो लोगों की सुरक्षा के लिए पहले से बैरिकेडिंग और चेतावनी के पुख्ता इंतजा म क्यों नहीं किए गए ? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा था ? वही लोगों के बी च चर्चा है कि समय रहते रास्ते पर प्रभावी रोक बै रिकेडिंग और चेतावनी के इंतजाम किए गए होते तो शायद ऐसी घटना को टालाजा सकता था,वही युवक के लापता होने के बाद अब सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।सबसे बड़ा सवाल यह है कि खतरा सामने था,पानी का बहाव लगाता र जारी था,फिर भी लोगों को सुरक्षित रखने के इंत जाम समय रहते क्यों नहीं किए गए ? फिलहाल युवक की तलाश जारी है।

पुलिस ने ढूंढा खोया हुआ मोबाइल, 251 लोगों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान !

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो की पुलिस ने विभिन्न ऑपरेशन के तहत खोया हुआ मोबाइल ढूंढा..

एसपी ऑफिस में मोबाइल धारकों को सौंपा गया मोबाइल फोन..

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के विभिन्न थानों की पुलिस एवं सर्वि लांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा आमजन के खोये हुए मोबाइल फोनों की प्रभावी बरामदगी करते हुए शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नागरिकों को एक बड़ी सौगात दी गई।जनपदीय पुलिस एवं सर्विलां स सेल की संयुक्त टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज 603 मोबाइल में से कुल 251 खोये हुए मोबाइल फोन अनुमानित कीमत करीब पचपन लाख बाइस हजार रुपए के मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किये गये हैं।मोबा इल फोन प्रकार 251 लोगों के चेहरे पर मुस्कान आई है।एसपी अभिषेक झा ने बताया कि गुम हुए मोबाइल को ढूंढा गया है सभी मोबाइल को सत्या पित कर वास्तविक धारकों को सौंप दिया गया है। गोंडा पुलिस अभियान चला रही है और गुम हुए मोबाइल को ढूंढ रही है।वही एसपी ने बताया की

जिले में खोये हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हे तु सर्विलांस टीम एवं थाना प्रभारी,थानाध्यक्षों के नेतृत्व में टीमों का गठन कर अभियान चलाते हुये जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा सभी थानों से सम न्वय स्थापित कर भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर खोये मोबाइल फोनों की दर्ज शिकायत की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की गई। पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न कम्पनियों जिनमें एप्प, सैमसंग,वीवो,ओप्पो, टेक्नो, रेडमी,वन प्लस आदि कंपनियों के थाना कोतवाली नगर 55, थाना को. देहात 3 खरगूपुर 10,इटियाथोक 13,धानेपुर 10, नवाबगंज10, वजीरगंज 10,तरबगंज 10,उमरीबे गमगंज 7,कर्नलगंज 21, कटराबाजार 6 कौड़िया 6,परसपुर 6, मनकापुर 5, छपिया 4,खोड़रे 16, मोतीगंज 6 व नोडल टीम द्वारा 53 इस प्रकार कु ल 251 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद कि ये गए,उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को एसपी

अभिषेक झा की मौजूदगी में वास्तविक मोबाइल धारकों को मोबाइल फोन सौंपा गया।अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल केवल संवा द का माध्यम नहीं,बल्कि हर व्यक्ति की डिजिटल पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है बैंकिंग, सरकारी सेवाएं,ऑनलाइन भुगतान,शिक्षा,स्वास्थ्य और जरूरी दस्तावेजों तक पहुंच अब मोबाइल के जरिए ही संभव है,इसलिए इसकी सुरक्षा बेहद आवश्यक है।

मनरेगा के तालाब पर जिलाधिकारी सख्त, चारों तरफ होगा पौधारोपण

हड़ियागाड़ा में तालाब का निरीक्षण कर सुंदरीकर ण और रखरखाव के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मनरेगा से बने तालाबों को सिर्फ कागजी प रिसंपत्ति बनाकर छोड़ने के बजाय उन्हें ग्रामीणों के लिए उपयोगी बनाने पर प्रशासन ने जोर दिया है।गुरुवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने ह लधरमऊ विकासखंड की ग्राम पंचायत हड़िया गा ड़ा में वित्तीय वर्ष 2020-21 में निर्मित तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने तालाब की स्थिति, जल संचयन और उपयोगिता का जायजा लेते हुए अधिकारियों से निर्माण कार्य से जुड़ी जानकारी ली।डीएम ने खंड विकास अधिकारी और ग्राम प्र धान को तालाब के चारों तरफ पौधारोपण कराने तथा उसका बेहतर सुंदरीकरण करने के निर्देश दि ए। उन्होंने कहा कि मनरेगा से बनी परिसंपत्तियों का लाभ ग्रामीणों को लंबे समय तक मिलना चाहि ए।इसके लिए तालाबों का नियमित रखरखाव औ र जल संरक्षण सुनिश्चित किया जाए,जिलाधिकारी ने मनरेगा के कार्यों



में गुणवत्ता और पारदर्शिता ब नाए रखने के साथ पूर्ण हो चुके कार्यों की निय मि त निगरानी करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के क्रियान्वयन में लापर वाही न बरती जाए।निरीक्षण के दौरान डीसी मनरे गा जनार्दन प्रसाद, बीडीओ देव नायक सिंह, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित संबं धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

अतिक्रमण और जाम है शहर की समस्या आम, सड़क बन गई पार्किंग



पटरी को बनाया दुकान

गोंडा बलरामपुर स्टेशन रोड पर मगर पार्किंग की सुविधा न होने और दुकानदारों द्वारा पटरी पर क ब्जा किए जाने के कारण लोग सड़क के मध्य से लेकर गली में वाहन खड़ा करने को मजबूर हैं।इस से इस मार्ग पर अक्सर जाम लगा रहता है।कुछ ऐ सा ही नाजारा चौक चौक बाजार का भी है, जिस के चारों और ठेला व खोमचा वालों ने अपना कब्जा जमा रखा है।त्योहारों के समय शहर में बखूबी दिखाई दे रहा है। दिन में लोगों के आने से सड़कें जाम का कारक बनीं रहती है तो शाम ढल ते ही शहर की सड़कों पर आने वाली जनता देर रात नगर को जाम के झाम में उलझाएं रखती है। ऐसा नहीं जाम का शिकार केवल आम लोग हो रहे है।इसके चक्कर में आला अधिकारी व सियास तदान भी फंस रहे है।कोई ऐसा दिन नहीं जब नग र और शहर की बाहर निकलने वाली सड़कों पर जाम के कारण वाहनों का लंबा काफिला ना लग ता हो।

फुटपाथ पर बाजार, निकलना हुआ दुश्वार

शहर की ऐसी कोई सड़क नहीं है कि जिसके फुट पाथ पर कब्जा न हो।कहीं पर दुकानदारों ने दुका न का सामान फुटपाथ पर रख रखा है तो कहीं पर व्यावसायिक भवनों के लिए फुटपाथ पार्किंग स्थ ल बन गया है।वहीं कुछ जगहों पर रेहड़ी-पटरी वा लों ने दुकानें लगा रखी हैं।फुटपाथ पर अतिक्रमण और पार्किंग के कारण शहरवासियों से लेकर जि ले में आने वालों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।दुकानों के आगे सामान रखा होने के कारण लोग सड़क पर वाहन खड़ा कर खरीदा री करते हैं।

कागज में अभियान, सड़कों पर अतिक्रमण

शहर के हालात अतिक्रमण को लेकर अच्छे नहीं है। गली- मोहल्ले तो दूर की बात मुख्य चौराहे व बाजार भी इसकी चपेट में हैं। बुलंद हौसलों वाले अतिक्रमणकारियों ने नगर पालिका के साथ ही सड़क व नालों पर भी कब्जा कर रखा है।प्रशासन इसे हटाने को लेकर दर्जनों बार प्रयास किए, मगर सब नाकाम रहे।पालिका पटरी से अतिक्रमण खा ली कराने की योजना भी खटाई में ही है।शहर की सड़कें अतिक्रमण से कराह रही हैं। अभियान दर अभियान चले, मगर परिणाम ढ़ाक के तीन पात ही है।बात शुरू करते हैं बड़गांव पुलिस चौकी यातायात पुलिस बूथ के बगल से यहाँ पटरियों पर दिन भर ठेला व रेहड़ी वाले कब्जा जमाए रहते हैं। इसके अलावा स्टेशन रोड़ से लेकर अग्रसेन चौक तक तो अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमा रखा है। यहां पटरियों पर दुकानदारों ने कब्जा किया है,यही हाल शहर की अन्य सड़कों का है,जहां बड़े प्रतिष्ठा नों के मालिकों ने तो पटरी भी किराए पर उठा दी है,जो ठेला या स्टॉल इनकी दुकान के सामने लग ता है और यह उनसे किराया भी वसूलते हैं यही स्थिति रोडवेज तक है।चुनाव आते ही तमाम लोग व्यापारियों और नागरिकों का वोट पाने के लिए लु भावने वादे करते है,लेकिन जीतने के बाद कोई पहल नहीं करता,जिससे नगर में जाम के अलवा गंदगी और जल-जमाव की समस्यां गंभीर बनीं हुई है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिला मुख्यालय होने के कारण प्रतिदिन शहर में बड़ी संख्या में लोग ग्रामीण अंचलों से नगर में आते हैं।इसके अलावा कारोबारी गति विधियां भी जब शबाब पर होती हैं तो यहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं।तकरीबन पांच किलो मीटर के दायरे में फैला हुआ है शहर में बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल बने हुए हैं, कॉम्प्लेक्स बने हु ए हैं जिसमें जिसमें पार्किंग में दुकाने एवं डायग्नो स्टिकसेंटर चल रहे हैं आलम यह है कि यहां किसी पार्किंग की सुविधा नहीं है। इससे आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।इतना ही नहीं यहां बाहर से आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

महिला किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और आत्मनिर्भरता के लिए किया प्रेरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा, बहराइच द्वितीय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिला किसानों को कृषि की नवीन वैज्ञानिक तकनीकों, पोषण सुरक्षा, उन्नत बीजों के उपयोग और टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र की गृह विज्ञान विशेषज्ञ श्रीमती रेनू आर्या ने पोषण सुरक्षा, संतुलित आहार एवं पोषण वाटिका के महत्व पर जानकारी दी। बीज प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ सुनील कुमार ने गुणवत्तायुक्त बीजों के चयन, बीजोपचार एवं उन्नत बीजों के उपयोग



पर प्रकाश डाला। मृदा विज्ञान विशेषज्ञ संदीप कुमार गौतम ने मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा संतुलित उर्वरक प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान की। वहीं, कृषि वानिकी के विषय वस्तु विशेषज्ञ उमेश कुमार ने कृषि वानिकी, खेतों की मेड़ों पर वृक्षारोपण, उन्नत सब्जी उत्पादन तथा कृषि विविधीकरण के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के उपाय बताए। वैज्ञानिकों ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाएं फसल उत्पादन, बीज संरक्षण, पशुपालन, बागवानी एवं कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। महिलाओं को वैज्ञानिक प्रशिक्षण, आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उद्यमिता से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया जा सकता है। कार्यक्रम में महिला किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाने, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कहोबा चौकी क्षेत्र से लेकर मोतीगंज थाना क्षेत्र में बिना परमिट के किया जा रहा वृक्षों का सफाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के मोतीगंज थाने से लेकर कहोबा चौ की क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों की अंधाधुंध कटान बि ना परमिट के वन विभाग और इलाकाई पुलिस की मिलीभगत से धड़ल्ले से की जा रही है।पिछले दो माह में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सैकड़ों सागौन के वृक्षों के साथ ही आम, महुआ व नौम जैसी प्र तिबंधित प्रजाति के पेड़ों को बराशाई किया जा चु का है।जिले का मोतीगंज थाना पेड़कटवा थाना के नाम से जिले में मशहूर रहा है।वहीं,दूसरी तरफ इ स थाने की कहोवा पुलिस चौकी भी तमाम गैरका नूनी कामों और कारनामों के लिए जानी जाती है। कहोबा चौकी क्षेत्र के पीछे हडाहवा में सागौन के पेड़ों को बिना परमिट के पुलिस तथा वन विभाग की मिलीभगत से धराशाई कर दिया गया है।बताते हैं कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्रीय पुलिस व व न विभाग के जिम्मेदार से इसकी शिकायत भी की गयी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।कहोबा मोतीगंज थाना क्षेत्र के ही तुलसीपुर,सोठिया,दिना रा, गांव में सागौन के करीब दर्जनों से



वन माफियाओं का महफूज ठिकाना बना कहोबा चौकी से लेकर थाना मोतीगंज क्षेत्र का इलाका

पुलिस और वन विभाग के संरक्षण में फल - फूल रहा गोरखधंधा

कोहोबा पुलिस चौकी के पीछे हडाहवा,तुलसीपुर, सोठिया,दिनारा,किनकी,विद्यानगर,रा मपुर भौरहा, मरिकबन, गढ़ी, बीरेपुर, बनकसिया, में सागौन के वृक्षों को कर दिया धराशाई

अधिक पेड़ों को बिना परमिट के काट डाला गया।इसकी सूचना जब कुछ लोगों द्वारा मोतीगंज थाने में पुलिस को दी गई तो कहा गया कि दिखवाते हैं।वहीं जब वन विभाग की जानकारी दी गयी तो कार्रवाई की बात कही गई लेकिन कोई मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा। इसी तरह कहोबा चौकी क्षेत्र के खुटेहना, दसौतिया, बजाज चीनी मिल, वीरेपुर, सोहांस, कहो बा सहित दर्जनभर से अधिक गाँवो में शीशम,सा गौन,आम,महुआ,नीम आदि प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों को बिना परमिट के ही धराशाई कर दिया ग या है चौकी क्षेत्र में पेड़ों की कटान का सिलसिला अनरवत जारी है जिस पर प्रतिबंध लगाने वाला कोई नहीं है।

अवैध कटान का गढ़ हैं मोतीगंज क्षेत्र के ये गांव

मोतीगंज थाने की कहोबा चौकी क्षेत्र से लेकर था ना क्षेत्र किनकी,विद्यानगर, रामपुर भौरहा, गढ़ी, बन कसिया, कैमी, सोहांस, हडहवा, वीरेपुर, कहोबा, दल पतपुर, काजीदेवर, छाजपारा, गोविन्दपारा, बिरवा ब भनी, कस्टुआ,हड़हवा,चकसड,अकमा सहित अन्य कई गांव ठेकेदारों के लिए अवैध वृक्षों की कटान का गढ़ माने जाते हैं।यहां पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से हरे-भरे प्रतिबंधित वृक्षों का स फाया किया जाता है। सूत्र बताते हैं कि कोई दिन ऐसा नहीं होता है, जब इस क्षेत्र में पेड़ों की कटान न होती है क्षेत्र के लोग तो कहोबा को पेड़कटवा चौकी कहने लगे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि वृक्षों की अधाधुंध कटान से बाग-बगीचे साफ होते जा रहे है और पुलिस तथा वन विभाग के जिम्मेदार अ धिकारी - कर्मचारी मालामाल हो रहे हैं।इस पर पू री तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

अपना-अपना पल्ला झाड़ रहे जिम्मेदार

अवैध रूप से प्रतिबंधित प्रजाति के वृक्षों की अंधा धुंध कटान के संबंध में जिम्मेदार अपने-अपने दाम न बचा रहे हैं।पुलिस का कहना है कि सूचना मिल ने पर कार्रवाई की जाती है, क्षेत्र में अवैध कटान की जानकारी नहीं है।पता कर कार्रवाई की जाए गी,वहीं,वन विभाग भी पल्ला झाड़ रहा है।क्षेत्रीय वनाधिकार का कहना है कि जानकारी नहीं है। आंच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

मिशन शक्ति में उत्कृष्ट कार्य पर महिला उपनिरीक्षक रचना सिंह सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान में सराहनीय योगदान देने वाली थाना रामगांव की महिला उपनिरीक्षक एवं मिशन शक्ति प्रभारी रचना सिंह को सम्मानित किया गया। उनके कार्यों, कर्तव्यनिष्ठा और सक्रियता की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव तथा पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री एवं सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। महिला उपनिरीक्षक रचना सिंह मिशन शक्ति टीम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी उपायों तथा शासन की ओर से संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनका प्रयास है कि



महिलाएं और बालिकाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग बनें, आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस की सहायता लेने में संकोच न करें।महिला सुरक्षा के प्रति उनकी सक्रियता, संवेदनशील कार्यशैली और कर्तव्य के प्रति समर्पण पुलिस विभाग की महिला सशक्तीकरण संबंधी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। मिशन शक्ति के माध्यम से जागरूकता फैलाने और महिलाओं में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करने के उनके प्रयास सराहनीय हैं।सम्मान प्राप्त होने से रचना सिंह का उत्साह बढ़ा है। यह सम्मान महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए समर्पित पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देने वाला है। समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का वातावरण बनाने में ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति समर्पण ही सच्ची सेवा है।

महिला चिकित्सालय में कथित वसूली पर दूसरे दिन भी कार्रवाई नहीं, अधिकारियों की चुप्पी पर उठे सवाल

पूरनपुर। नगर में स्थित 50 शैय्या युक्त महिला चिकित्सालय में प्रसव के दौरान कथित अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ऑपरेशन के नाम पर तीन हजार रुपये लेने और करीब 15 हजार रुपये की बाहरी दवाएं मंगवाने के आरोपों के बीच पीड़िता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और अस्पताल में हंगामे के बाद भी कार्रवाई नहीं। दूसरे दिन भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।मामला भैंसासुर निवासी पूनम पत्नी बबलू से जुड़ा है। पीड़िता के मुताबिक, करीब 20 दिन पहले प्रसव पीड़ा होने पर पूनम को महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि दस दिन पहले ऑपरेशन से प्रसव कराया गया, जिसमें उसने बच्ची को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के नाम पर तीन हजार रुपये लिए गए और उपचार के दौरान करीब 15 हजार रुपये की अबतक बाहर से दवाएं मंगवाई गईं। उसके बाद भी महिला की हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने से नाराज परिजनों ने बुधवार को अस्पताल में हंगामा कर अपनी नाराजगी जताई। इसके बाद कथित वसूली का मामला भी चर्चा में आ गया। परिजनों के आरोपों और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बावजूद गुरुवार दोपहर तक कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।वीडियो वायरल, फिर भी कार्रवाई का इंतजार मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सरकारी अस्पताल में उपचार के नाम पर रुपये लेने और बाहर से महंगी दवाएं मंगवाने के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले में कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में सवाल यह है कि सोशल मीडिया पर पीड़िता का वीडियो वायरल होने और मामला चर्चा में आने के बाद भी अब तक जांच और कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं की गई। फिलहाल परिजनों के आरोपों पर स्वास्थ्य विभाग की अगली कार्रवाई का इंतजार है।

गोलवाघाट से झिंगहाघाट तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की एक सप्ताह में दूर होंगी सभी बाधाएं

डीएम ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण, सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल बाधा दूर करने के दिये निर्देश



बहराइच । जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गोलवाघाट से झिंगहाघाट (ओल्ड एन.एच. 0099) के चैनेज 0.000 से 1.850 कि.मी. तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (पेव्ड शोल्डर के साथ 04 लेन) कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी विभाग लो.नि.वि. निर्माण खण्ड-1 के अधि.अभि. अमर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि मार्ग की कुल लम्बाई 1.85 किमी.तथा स्वीकृत लागत रू. 3056.40 लाख है, जिसके सापेक्ष रू. 1750.28 लाख के सड़क निर्माण का कार्य निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा तथा शेष रू. 1306.12 लाख की लागत से सरयू नदी पर सेतु का निर्माण उ.प्र. राज्य सेतु निगम, बाराबंकी द्वारा कराया जा रहा है। अधि.अभि. श्री सिंह ने बताया कि वर्तमान में मेसर्स विशाल कंस्ट्रक्शन द्वारा एन.एच. 927 से तिकोनी बाग चौकी तक पेव्ड शोल्डर के साथ 04 लेन का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें मार्ग के बायीं ओर लगभग 700 मीटर जीएसबी तथा 300 मीटर डब्लूएमएन का कार्य पूर्ण है एवं 02 नग लघु सेतु के सब-स्ट्रक्चर का कार्य प्रगति पर पाया गया। वर्तमान में कराये जा रहे कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक है। कार्य की प्रगति बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में श्री सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि वृक्षारोपण आदि का कार्य वन निगम/वन विभाग द्वारा कराया जाना है जिसके कारण उक्त स्थानों पर चौड़ीकरण का कार्य बाधित है। इस सम्बन्ध प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच सुन्दरेशा ने बताया कि 01 सप्ताह के अन्दर समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर वृक्षों के रोपड़ का कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। डीएम ने डीएफओ को निर्देशित किया कि वन निगम से समन्वय स्थापित कर विलम्बतम 01 सप्ताह के भीतर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराकर वृक्ष पातन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कतिपय स्थानों पर विद्युत पोल एवं किसान डिग्री कॉलेज तिराहा पर स्थापित ट्रांसफार्मर मार्ग के चौड़ीकरण में बाधक पाए गए। इस सम्बन्ध में अधि.अभि. विद्युत वितरण खण्ड-1 को निर्देशित किया गया कि युद्धस्तर पर विद्युत पोलों एवं ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग का कार्य अविलम्ब पूर्ण करें, ताकि निर्माण कार्य अनवरत जारी रह सके। मार्ग के लगभग 250 मीटर लंबाई में नगर पालिका का नाला निर्माण कार्य में बाधक पाया गया। इस सम्बन्ध में अधि.अधि. नगर पालिका परिषद, बहराइ प्रमिता सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि नाले की शिफ्टिंग का आगणन शासन स्तर पर लंबित है। स्वीकृति प्राप्त होते ही नाले की शिफ्टिंग का कार्य करा लिया जाएगा। स्वीकृति प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त कार्य 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत सम्पादित करा लिया जायेगा। डीएम द्वारा अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्तानुसार अविलम्ब कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसान डिग्री कॉलेज तिराहा पर स्थापित महाराजा महाराणा प्रताप जी की मूर्ति की गरिमा व सौंदर्य को अक्षुण्ण रखने हेतुअधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने कार्यदायी विभाग को निर्देशित किया कि यह मार्ग जनपद के शहरी क्षेत्र का मुख्य मार्ग है, इसलिए जनसामान्य की सुविधा के दृष्टिगत मौके पर कार्य की गति में तीव्रता लाएं एवं सम्पूर्ण निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं उच्चतम गुणवत्ता के अनुरूप मॉडल सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करायें ।

चिकित्सक ने डीएम से लगाई न्याय और सुरक्षा की गुहार, 29 सितंबर से बिजली आपूर्ति ठप होने का भी दावां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम चांट फिरोजपुर स्थित जसवन्ती देवी अस्पताल को लेकर विवाद गहरा गया है। अस्पताल में चिकित्सीय सेवाएं देने वाले डॉ. यशपाल सिंह ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पूर्व संचालकों पर 22 लाख रुपये लेने के बावजूद संपत्ति की रजिस्ट्री नहीं कराने और स्वयं व अपनी पत्नी का बकाया वेतन न देने का आरोप लगाया है। उन्होंने अस्पताल की संपत्ति को लेकर न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे का हवाला देते हुए अपने परिवार की सुरक्षा तथा आवास की बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। डॉ. यशपाल सिंह के अनुसार, जसवन्ती देवी धर्मार्थ सेवा समिति के अंतर्गत संचालित अस्पताल में उन्हें वर्ष 2004 में 40 हजार रुपये प्रतिमाह तथा उनकी पत्नी डॉ. मुनीता सिंह भाटी को 35 हजार रुपये प्रतिमाह के मानदेय पर चिकित्सीय सेवाओं के लिए नियुक्त किया गया था। उनका आरोप है कि लंबे समय तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया। इस दौरान उन्हें आश्वासन दिया गया कि बकाया रकम बाद में दे दी जाएगी और ओपीडी से मिलने वाली फीस से काम चलाते रहें। डॉ. यशपाल का दावा है कि उन्होंने अस्पताल के लिए अपनी ओर से उपकरण भी खरीदे और मरीजों की सुविधा के लिए भवन निर्माण में भी खर्च किया। वर्ष 2009 में तत्कालीन संचालकों ने अस्पताल चलाने में असमर्थता जताते हुए इसे 22 लाख रुपये में खरीदने का प्रस्ताव दिया। डॉ. यशपाल का आरोप है कि बकाया वेतन मांगने पर भुगतान से इनकार कर दिया गया और अस्पताल खरीदने के लिए 15 दिन के भीतर रकम की व्यवस्था करने को कहा गया। उन्होंने समिति की संपत्ति को व्यक्तिगत संपत्ति बताकर रजिस्ट्री किए जाने पर सवाल उठाया। आरोप है कि इसके बाद उन्होंने मजबूरी में 22 लाख रुपये नकद दे दिए, लेकिन संपत्ति की रजिस्ट्री नहीं कराई गई और न ही उनका तथा उनकी पत्नी का बकाया वेतन दिया गया।डॉ. यशपाल सिंह ने सिविल जज (सीनियर डिवीजन), पीलीभीत के न्यायालय में वाद दायर किया है। उनके अनुसार, मूल वाद संख्या 18/2023 और विविध वाद संख्या 116/2023 में अगली तारीख 16 अक्टूबर 2026 नियत है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद अस्पताल खाली कराने का दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया गया है। डॉ. यशपाल ने विजय कुमार अग्रवाल के पुत्र कपिल अग्रवाल के माध्यम से धमकियां दिलवाए जाने का आरोप भी लगाया है। उनका दावा है कि अगस्त में पीलीभीत से लौटते समय जरा कोठी और हरसिंहपुर के बीच कुछ अज्ञात लोगों ने उनकी कार का पीछा कर जान से मारने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पुलिस के आपातकालीन नंबर 112 पर दी गई थी। प्रार्थी ने इस मामले की जांच कराकर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।डॉ. यशपाल सिंह ने समिति से जुड़े लोगों और उनके परिजनों पर खाद्यान्न, डेयरी कारोबार, सरकारी सब्सिडी तथा आम लोगों से धन लेने के संबंध में भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने संबंधित मामलों की गोपनीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि अस्पताल की संपत्ति को लेकर उनका विवाद न्यायालय में विचाराधीन है और उनका उद्देश्य संपत्ति पर अवैध कब्जा करना नहीं, बल्कि अपने कथित बकाया वेतन और दी गई रकम के संबंध में न्याय पाना है।डॉ. यशपाल सिंह ने जिलाधिकारी से प्रार्थना पत्र के सभी बिंदुओं की जांच कराने, परिवार को सुरक्षा प्रदान करने तथा न्यायालय से विवाद का समाधान होने तक उनके वर्तमान आवास की बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

सेहरामऊ उत्तरी में अपराधियों की खैर नहीं इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने दिखाई सख्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। नवागत थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने थाने की कमान संभालने के बाद से ही कानून व्यवस्था को लेकर सक्रियता दिखाई है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों और गौकशी के मामलों में जेल जा चुके आरोपियों को थाने बुलाकर कड़ी चेतावनी दी। पुलिस की इस कार्रवाई से साफ संदेश दिया गया कि क्षेत्र में अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा।गुरुवार को थाना प्रभारी मुकेश शुक्ला ने हिस्ट्रीशीटरों और पूर्व में गौकशी के मामलों में जेल जा चुके आरोपियों को थाने बुलाकर उनके आपराधिक इतिहास और गतिविधियों के मद्देनजर सख्त हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति अपराध करता हुआ या किसी अवैध धंधे में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी ने संबंधित लोगों को कानून के दायरे में रहने की हिदायत देते हुए चेताया कि पुलिस की नजर से बचकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखना है।सेहरामऊ उत्तरी थाने की जिम्मेदारी संभालने के बाद इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं। हिस्ट्रीशीटरों और पूर्व में आपराधिक मामलों में जेल जा चुके आरोपियों को थाने बुलाकर चेतावनी देना इसी सख्ती का हिस्सा है। पुलिस ऐसे लोगों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए किसी भी संभावित आपराधिक घटना को रोकने के लिए सतर्कता बरत रही है।थाना प्रभारी की सख्ती का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराधियों के मन में कानून का भय बनाए रखना और आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। पुलिस की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।थाना प्रभारी मुकेश शुक्ला क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। पुलिस की सक्रियता से यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं है। अपराध और अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ साक्ष्यों और कानून के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।पुलिस की इस सख्ती के बीच क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने और कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने की दिशा में प्रयास जारी हैं।

श्री राम लीला में अहिल्या उद्धार और जनक फुलवारी का मनमोहक मंचन, उमड़े दर्शक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। ग्यारह दिवसीय श्रीरामलीला में भगवान राम-लक्ष्मण के यज्ञ रक्षा प्रसंग ने मोहा मन, श्रीरामलीला दशहरा समाज रमपुरवा की ओर से दशहरा मैदान में आयोजित 11 दिवसीय श्रीरामलीला मंचन में बुधवार देर रात को गुरु विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के प्रस्थान, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और जनक फुलवारी के प्रसंगों का मनमोहक मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति देखने के लिए पंडाल में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी।मंचन में दिखाया गया कि राक्षसों द्वारा यज्ञ में बार-बार विघ्न डालने से चिंतित गुरु विश्वामित्र राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए श्रीराम और लक्ष्मण को साथ ले जाने का आग्रह करते हैं। प्रारंभ में दशरथ संकोच करते हैं, लेकिन गुरु के समझाने पर दोनों राजकुमारों को उनके साथ भेजने के लिए राजी हो जाते हैं। इसके बाद ताड़का वध और अहिल्या उद्धार के प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।आयोजन में राधे मोहन अवस्थी, सुरेश चंद्र अवस्थी उर्फ तुरंती काका, पंकज पाठक, दीपक अवस्थी, पराग अवस्थी, लालचंद मिश्र, शिव नारायण अवस्थी,ज्ञान अवस्थी, राजन अवस्थी, पटमेश्वरी अवस्थी, हिमांशु मिश्र और ननके मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पूरनपुर में करोड़ों की टैक्स चोरी पकड़ी गई, देर रात तक चली जांच

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रोड पर बैंक ऑफ इंडिया के निकट स्थित राजू किराना स्टोर स्टड फर्म में करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। टैक्स विभाग की टीम ने छापेमारी कर जांच शुरू की है।जानकारी के अनुसार विभाग को लंबे समय से कर चोरी की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद टीम ने बुधवार को प्रतिष्ठान पर जांच की। मौके पर स्टॉक, बिल बही और अन्य दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई।डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि जांच अभी जारी है। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपए की कर चोरी का मामला सामने आया है। जांच देर रात तक या सुबह तक भी चल सकती है। सटीक आंकड़ा जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।छापेमारी की कार्रवाई में बरेली और पीलीभीत के अधिकारियों की संयुक्त टीम शामिल है। टीम द्वारा प्रतिष्ठान के गोदाम और बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मचा हुआ है। अन्य व्यापारियों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

यमुना घाटी के लिए ऐतिहासिक दिन, लाखामंडल सेरा ग्राउंड में मुख्यमंत्री धामी का भव्य स्वागत, बर्नीगाड़ डिग्री कॉलेज का किया उद्घाटन

देहरादून कैनविज टाइम्स संवाददाता। लाखामंडल के यमुना घाटी के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बर्नीगाड़ कुआं महाविद्यालय के भव्य उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री लाखामंडल के सेरा ग्राउंड मिनी स्टेडियम में बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरे। हेलीपैड पर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा कार्य समिति की विशेष आमंत्रित सदस्य बचना शर्मा, सरिता पवार चौहान, अल्पना पवार, 24 गांव बौन्दुर खत की महिला मंगल दल, पूर्व युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश, घनश्याम सहित समस्त यमुना घाटी की मातृशक्ति ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने कहा कि लाखामंडल से महज 5 किमी की दूरी पर डिग्री कॉलेज का उद्घाटन क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। इससे पहले बच्चों को देहरादून, विकासनगर जाना पड़ता था और कई बेटियां इंटर के बाद पढ़ाई छोड़ देती थीं। अब हर घर में पढ़ा-लिखा युवा होगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री धामी, केंद्र व राज्य सरकार, पुरोला विधायक दुर्गेश लाल और राज्य मंत्री जगत सिंह चौहान का आभार जताया। भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने कहा कि यह महाविद्यालय बेटियों के लिए शिक्षा की नई रोशनी लाएगा। इस विकास के असली नायक युवा विधायक दुर्गेश लाल हैं, जिनकी अथक मेहनत से यह कॉलेज धरातल पर उतरा है। दुर्गेश लाल दिन-रात यमुना घाटी के विकास के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य की मांग को विधानसभा से लेकर मुख्यमंत्री तक मजबूती से रखते हैं।समस्त क्षेत्रवासियों, लाखामंडल, चकराता और बौन्दुर खत की मातृशक्ति ने मुख्यमंत्री और विधायक का आभार व्यक्त किया है।

एसआईआर में अनियमितताओं के विरोध में सपा ने सौंपा ज्ञापन, मतदाता सूची की त्रुटियां दूर करने की मांग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीलीभीत में सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार के नेतृत्व में चारों विधानसभा क्षेत्रों से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। सपा ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान भाजपा जनप्रतिनिधियों के इशारे पर अधिकारियों द्वारा मतदाताओं के नाम, पिता के नाम और पते में जानबूझकर विसंगतियां की जा रही हैं, जिससे पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।ज्ञापन में मांग की गई कि जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में सामने आई अनियमितताओं को दूर किया जाए। 17 एवं 24 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाले विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में त्रुटियों को प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न हो। पार्टी का कहना है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया जरूरी है।ज्ञापन के दौरान पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान, जिला प्रवक्ता अमित पाठक, धनपति वर्मा, शरद जायसवाल, युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, रिहान अंसारी, जिला सचिव मो. हसन खान, कायम खान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों ने दिखाई दरियादिली, बंदरों को खिलाए केले हो रही चारों तरफ प्रशंसा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों की एक मानवीय तस्वीर सामने आई है, जहां ड्यूटी के साथ-साथ उन्होंने जीवों के प्रति प्रेम का भी परिचय हैं।कोतवाली में तैनात कांस्टेबल सुनील तेवतिया और सुमित चौधरी ने कोतवाली परिसर में मौजूद बंदरों को केले खिलाए है।अक्सर कोतवाली परिसर में बंदर आ जाते हैं, जिन्हें देखकर पुलिसकर्मियों ने उन्हें केले लाकर खिलाए है।बंदरों को केला खिलाने का मामला अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।आमतौर पर पुलिस की सख्त छवि देखने को मिलती है, लेकिन इस तरह की छोटी-छोटी घटनाएं पुलिस के मानवीय चेहरे को सामने लाती हैं। ड्यूटी के बीच भी जानवरों के प्रति दया और करुणा का भाव बनाए रखना सराहनीय कार्य है।राहगीरों ने भी पुलिसकर्मियों के इस कार्य की सराहना की है। नगरवासियों का कहना है कि जीवों के प्रति इस तरह का प्रेम और संवेदनशीलता समाज में एक अच्छा संदेश देती है। इससे पुलिस और जनता के बीच भी नजदीकियां बढ़ती हैं।इस तरह के कार्य यह दर्शाते हैं कि वर्दी के पीछे भी एक संवेदनशील दिल है, जो इंसानों के साथ-साथ बेजुबान जानवरों की भी परवाह करता है।

मुर्गी दाना फैक्ट्री में मिक्सर मशीन की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कमरौली क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित शालीमार ग्रुप की मुर्गी दाना फैक्ट्री में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। फैक्ट्री में मिक्सर मशीन की सफाई के दौरान अचानक मशीन चालू हो गई जिसकी चपेट में आने से एक श्रमिक की मौत हो गई जबकि दूसरा श्रमिक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है फिलहाल देर शाम तक अभियोग दर्ज नही किया गया है। थाना कमरौली के सेक्टर बाइस स्थित शालीमार ग्रुप की सी वन इकाई में हुआ। फैक्ट्री में लगी मिक्सर मशीन की सफाई के लिये दो मजदूर मशीन के अंदर गये थे। इसी दौरान अचानक मशीन चालू हो गई और दोनों मजदूर उसकी चपेट में आ गये। हादसे में कमरौली निवासी मुन्ना सिंह पुत्र चंदन सिंह एवं बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूरे लोहांगी निवासी धर्मराज यादव गम्भीर रुप से घायल हो गये।घटना के बाद दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने मुन्ना सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं धर्मराज यादव की हालत गम्भीर देखते हुये प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया है और उनकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस मामले की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल से संबंधित जानकारी जुटाते हुये हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।इस सम्बंध में थाना कमरौली के थानाध्यक्ष मुकेश पटेल ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर से प्राप्त मेमो के आधार पर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने पर अभियोग दर्ज किया जायेगा।

मन की पवित्रता के लिये प्रत्येक घर में होना चाहिये धार्मिक अनुष्ठान : ब्लाक प्रमुख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र की ग्राम पंचायत चेतरा बुजुर्ग में दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को दुरदुरैय्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह समेत सैकड़ों महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक पूजन अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि मन की पवित्रता के लिये हर घर में धार्मिक अनुष्ठान होने चाहिये इनसे हम सब लोगों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है और आत्मबल भी मजबूत होता है।ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में मेरी सदैव रुचि रही है ऐसे आयोजनों में मै बढ चढ़कर हिस्सा लेती हूं।ब्लाक प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र के धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है।दुर्गा पूजा समिति चेतरा बुजुर्ग के द्वारा आयोजित दुरदुरैय्या कार्यक्रम में सुहागिन महिलाओं ने अवसान माई की कथा सुनी उसके बाद सभी महिलाओं को लाई,चना व गुड़ का प्रसाद वितरित किया गया।ग्राम प्रधान मोनू जायसवाल, संदीप पाठक,अतुल श्रीवास्तव, संदीप शुक्ला के साथ ही आयोजन समिति द्वारा ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह स्वागत से अभिभूत हो गई।इस कार्यक्रम में शिव कुमारी,विद्यावती पाठक,सुशीला देवी,कामिनी श्रीवास्तव, लक्ष्मी पाठक,वर्षा श्रीवास्तव, रचना जायसवाल,सुनीता श्रीवास्तव सहित अन्य तमाम महिलाएं मौजूद रही।

समाजवादी पार्टी पीलीभीत ने मनाई महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नकटादाना स्थित समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय, पीलीभीत में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी पीलीभीत के जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी का संपूर्ण जीवन देश की सेवा, वैज्ञानिक सोच, सादगी और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अपना पूरा जीवन भारत को वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षेत्र में मजबूत बनाने के लिए समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि देश का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब युवाओं को बेहतर शिक्षा, समान अवसर और आगे बढ़ने का मौका मिले। उनके विचार आज भी देश के करोड़ों युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देते हैं।इस दौरान पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. कलाम जी ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और दूरदर्शी सोच से भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। उन्होंने युवाओं को हमेशा ज्ञान, मेहनत और ईमानदारी के रास्ते पर चलने का संदेश दिया। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी केवल एक महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति ही नहीं, बल्कि देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी थे। उन्होंने शिक्षा, विज्ञान और राष्ट्र निर्माण को विशेष महत्व दिया। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाएं और एक शिक्षित, विकसित, समतामूलक एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. कलाम जी के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके सपनों के भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से 128 विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा एडवोकेट,धनपति वर्मा एडवोकेट,रामनरेश वर्मा,सपा जिला सचिव मो.हसन खान,कायम खान एडवोकेट,जगमोहन यादव,शकील,महेश वर्मा,रेहान,अंसारी,शहरोज रज़ा,शादाब खान आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

बार एसोसिएशन की कमान शारदा प्रताप मिश्र को, सूर्यनाथ यादव महासचिव निर्वाचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिला बार एसोसिएशन के बहुप्रतीक्षित चुनाव का परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया गया। अध्यक्ष पद पर शारदा प्रताप मिश्र ने शानदार जीत दर्ज की, जबकि सूर्यनाथ यादव महासचिव निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर शालिनी तिवारी ने भी बड़ी जीत हासिल की। चुनाव परिणाम सामने आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजयी प्रत्याशियों का अधिवक्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

नगर के खुर्शीद क्लब मैदान प्रांगण में गुरुवार को मतगणना कराई गई। खास बात यह रही कि इस बार चुनाव परिणाम शाम तक खिंचने के बजाय दोपहर में ही घोषित कर दिया गया। अधिवक्ताओं के बीच इसकी चर्चा रही और समयबद्ध मतगणना के लिए जिला न्यायपालिका एवं प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की गई। पूर्व के चुनावों में परिणाम देर शाम तक आने की स्थिति रहती थी।

अध्यक्ष पद पर शारदा प्रताप मिश्र की जीत अध्यक्ष पद पर कुल 17 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हुआ। शारदा प्रसाद मिश्र ने सर्वाधिक 502 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अखिलेश शुक्ल को 390 वोट मिले। सभाजीत सिंह को 225, अमरनाथ यादव को 149, ज्ञान प्रकाश तिवारी को 70, रवींद्र प्रताप सिंह को 31, हेमंत मिश्र को 48, ध्रुवराज सिंह को 21, विजय श्रीवास्तव को 68, करुणा शंकर दुबे को 55, उदय प्रताप सिंह को 44, जय प्रकाश सिंह को 57, जय प्रसाद तिवारी को 32, राजेंद्र प्रसाद सिंह को 16, बद्री प्रसाद पांडेय को 41, राज कुमार सिंह को 39 तथा तेज बहादुर सिंह को पांच वोट मिले।

सचिव पद पर सूर्यनाथ यादव ने मारी बाजी सचिव पद पर सूर्यनाथ यादव ने 549 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। दूसरे स्थान पर रहे जयंत मिश्रा को 329 वोट मिले। वीरेंद्र सिंह को 309, मदन तिवारी को 151, जयंत सिंह को 113, रवि पांडेय को 98, रोहित अवस्थी को 91, गिरजा श्रीवास्तव को 62, राकेश पांडेय को 49, आनंद पांडेय को 13, कपिल पांडेय को 12, देवी प्रसाद अग्रवाल को सात और व्यास नारायण दुबे को छह वोट मिले।

शालिनी तिवारी ने उपाध्यक्ष पद पर मारी बाजी उपाध्यक्ष पद पर शालिनी तिवारी ने 829 मत हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। उनकी प्रतिद्वंद्वी संगीता को 718 मत, जबकि सीमा को 239 मत प्राप्त हुए। शालिनी तिवारी की जीत को चुनाव की प्रमुख उपलब्धियों में माना जा रहा है।

अन्य पदों पर भी परिणाम घोषित- चुनाव में करुणा शंकर पांडेय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शालिनी तिवारी को उपाध्यक्ष, शोभावती को सह सचिव प्रशासन, शिव बहादुर मौर्य को सह सचिव खुर्शीद क्लब तथा अमित मिश्रा को सह सचिव पुस्तकालय निर्वाचित घोषित किया गया। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राज कुमार गौड़, अनीस अहमद और ध्रुवराज पांडेय चुने गए। वहीं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नीतू यादव, पूजा सिंह, राम भवन मौर्य और रोमेश पांडेय निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों को समर्थकों ने बधाई दी। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से बार और अधिवक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देने की उम्मीद जताई।

हाईकोर्ट की निगरानी में शांतिपूर्ण चुनाव

जिला बार एसोसिएशन का चुनाव हाईकोर्ट की निगरानी में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। खुर्शीद क्लब मैदान परिसर में कुड़वार थाना प्रभारी प्रवीन कुमार यादव समेत कई थानों की पुलिस तैनात रही।

बार को प्रदेश में नंबर वन बनाना प्राथमिकता- नवनिर्वाचित अध्यक्ष शारदा प्रताप मिश्र ने कहा कि बार एसोसिएशन को उत्तर प्रदेश में नंबर एक बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के कल्याण और उनके हितों के लिए पूरी ईमानदारी से काम किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बार एसोसिएशन में भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर स्तर पर भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का प्रयास होगा। अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और न्यायिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

सम्पादकीय

नशा विरोधी की हत्या

पंजाब के मानसा में नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ मुहिम चलाने वाले एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह की हत्या बताती है कि इस जहरीले कारोबार के खिलाफ लड़ाई कितनी मुश्किल है। यह भी कि नशे के खिलाफ मुखर होने वाले जिम्मेदार नागरिकों की सुरक्षा को लेकर शासन-प्रशासन को गंभीर होना होगा। नशे की लत लगाने वाली टैबलेट बेचने वाले कैमिस्ट के साथ बहस के बाद सरेआम यह हत्या की गई। जिससे नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के दुस्साहस का पता चलता है। घटना बताती है कि इस बुराई के खिलाफ काम करने वाले लोगों को सुरक्षा देने में हमारा तंत्र नाकाम हुआ है। पंजाब के ग्रामीण इलाकों में नशे के खिलाफ काम करने वाले गांव के वॉलंटियर्स की हत्याएं पहले भी होती रही हैं। जिससे पता चलता है कि यह खतरा नया नहीं है। इस घटना से जुड़ी परेशान करने वाली बात यह भी है कि हमलावर व मृतक के बीच रंजिश का पुराना इतिहास रहा है। बताते हैं कि वर्ष 2023 में भी एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह ने कैमिस्ट अश्वनी कुमार के खिलाफ प्रतिबंधित कैप्सूल बेचने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवायी थी। तब पुलिस ने दुकान के मालिक के खिलाफ मामला तो दर्ज किया था, लेकिन परविंदर सिंह पर भी कानून अपने हाथ में लेने का आरोप लगाया था। दरअसल, आरोप था कि उसने कैमिस्ट को गले में जूते पहनाकर बाजार में घुमाया था। अब तीन साल बाद, उसी दुकान पर हुई एक और झड़प में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह की मौत हो गई। गोलीबारी की इस घटना में परमिंदर के चार साथी भी घायल हुए हैं। कुछ लोगों का मानना था कि एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह को खुद सीधी कार्रवाई करने के बजाय पुलिस को जानकारी देनी चाहिए थी। अन्यथा पुलिस की मौजूदगी में कोई कदम उठाना चाहिए था। यहां सवाल यह भी है कि क्या पुलिस अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन कर रही थी? आखिर एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह को खुद इसके खिलाफ क्यों खड़ा होना पड़ा? उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 2023 में, फरीदकोट में हरभगवान सिंह और बठिंडा में जसवीर सिंह, जैसे नशे के खिलाफ काम करने वाले वॉलंटियर्स की भी हत्या कर दी गई थी। तब भी आरोप लगे थे कि ये हत्याएं नशे के कारोबार का विरोध करने के कारण हुई थीं। निस्संदेह, इस बुराई के खिलाफ लड़ने वाले नशा विरोधी कार्यकर्ताओं की हत्याओं के मामले में बारीकी से जांच करने की जरूरत है। मानसा की घटना की तह तक जाकर पता लगाया जाना चाहिए कि आखिर गोलीबारी की घटना क्यों हुई? क्या पहले भी ऐसी धमकियां दी गई थीं? साथ ही पुलिस को यह भी बताना चाहिए कि पिछली शिकायत पर क्या कोई ठोस कार्रवाई हुई थी? क्या प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री के मामले मे संबंधित विभागों व पुलिस द्वारा ठीक से जांच की गई थी? क्या ड्रग कंट्रोल अधिकारियों ने दुकान में प्रतिबंधित दवाओं की मौजूदगी की पड़ताल की थी? वक्त की जरूरत है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की वरिष्ठ पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई बैठक का नतीजा ठोस कार्रवाई के रूप में निकलना चाहिए। अब पहले की तरह सिर्फ आश्वासन से काम नहीं चलने वाला। वास्तव में समय रहते गैर-कानूनी दवा बिक्री की शिकायतों की जांच होनी चाहिए। इस बाबत प्रिस्क्रिप्शन और स्टॉक रिकॉर्ड की भी जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सही मायने में पंजाब के नशा विरोधी अभियान को सिर्फ गिरफ्तारियों और नशीले पदार्थों की जब्ती के आधार पर नहीं आंका जा सकता है। इसे इस आधार पर परखा जाना चाहिए कि क्या वास्तव में नशीले पदार्थों को हासिल करना कठिन हुआ है? क्या नशे के खिलाफ सहयोग करने वाले लोग बिना भयभीत हुए संदिग्ध अपराधियों की सूचना शासन-प्रशासन को दे सकते हैं। इस घटनाक्रम के बाद अपनी सुविधा के हिसाब से राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। पंजाब नशे के जिस संकट से गुजर रहा है, सभी राजनीतिक दलों का दायित्व है कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर बदलावकारी लड़ाई के लिये सहयोग करें।

विरोधाभासी चरित्र से अमेरिका पर भरोसा कठघरे में

हिंदी की एक लोकोक्ति है-'पर उपदेश कुशल बहुतेरे।' अमेरिका की मौजूदा नीति पर यह कहावत सटीक बैठती है। जो देश पूरी दुनिया को नियमों के पालन की सीख देता है, उसे सबसे पहले अपने व्यवहार में निरंतरता और पारदर्शिता दिखानी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में दोहरे मापदंड केवल विरोधियों को मजबूत नहीं करते, बल्कि मित्र देशों के विश्वास को भी कमजोर कर देते हैं। भारत के संदर्भ में यह सवाल और महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयातित पेट्रोलियम पर निर्भर रहकर पूरा करता है। ऐसे में तेल की खरीद केवल व्यापारिक सौदा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, महंगाई, परिवहन, कृषि, उद्योग और आम नागरिक के जीवन से जुड़ा प्रश्न है। वैश्विक बाजार में तेल महंगा होता है तो उसका असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों से लेकर खाद्य पदार्थों और माल ढुलाई तक दिखाई देता है। इसलिए भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा का अर्थ है कि उसे उपलब्धता, कीमत, आपूर्ति की स्थिरता और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिले। किसी महाशक्ति के दबाव में आकर अपने आर्थिक हितों की अनदेखी करना न तो व्यावहारिक होगा और न ही दूरदर्शितापूर्ण।

दुनिया की महाशक्ति होने का अर्थ यह नहीं कि कोई राष्ट्र अपनी ताकत के मद में चूर होकर पूरी दुनिया को अपनी उंगलियों पर नचाने लगे। शक्ति का वास्तविक मूल्य उसकी जिम्मेदारी, न्यायप्रियता और विश्वसनीयता से निर्धारित होता है, न कि इस बात से कि वह कितने देशों को धमका सकता है। दुर्भाग्य से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों में शक्ति के साथ-साथ मनमानी का जो प्रदर्शन दिखाई दे रहा है, उसने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है-क्या विश्व व्यवस्था नियमों और सिद्धांतों से चलेगी अथवा शक्तिशाली राष्ट्रों की, मनमानी, सुविधाओं और स्वार्थों से? रूस से डीजल खरीदने के ट्रंप के ताजा फैसले ने इस प्रश्न को और प्रासंगिक बना दिया है। 9 अक्टूबर 2026 को ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के बाद घोषणा की कि रूस अमेरिकी और वैश्विक बाजारों के लिए तत्काल तीन लाख टन से अधिक डीजल उपलब्ध कराएगा। इसके बाद नवंबर में पांच लाख टन और आगे दस लाख टन की आपूर्ति की भी घोषणा की गई। अमेरिकी प्रशासन ने रूसी डीजल के आयात पर प्रतिबंधों में अस्थायी छूट भी दी। इस घटनाक्रम की पुष्टि अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों ने की है। विडंबना देखिए कि यही अमेरिका कुछ समय पहले रूस से तेल खरीदने वाले देशों को कठघरे में खड़ा कर रहा था। भारत पर रूसी तेल खरीदने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का निर्णय लिया गया था और रूस के ऊर्जा व्यापार से जुड़े देशों पर और कठोर शुल्क लगाने की व्यवस्था भी सामने आई। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित लिंडसे ओ. ग्राहम सैनसिटोनिंग रसिया एण्ड ईरान ऐक्ट ऑफ 2026 ने रूस से ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की संभावनाओं को कानूनी आधार दिया। अब वही अमेरिका अपनी घरेलू ऊर्जा जरूरतों और बढ़ती कीमतों के दबाव में रूसी डीजल के लिए रास्ता खोल रहा है। प्रश्न यह नहीं है कि अमेरिका को अपनी जनता के हित में ईंधन खरीदना चाहिए या नहीं। प्रत्येक संप्रभु राष्ट्र को अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने का अधिकार है। प्रश्न यह है कि जिस निर्णय को भारत जैसे देशों के लिए नैतिक अपराध और रूस की युद्ध मशीनरी को आर्थिक सहायता देने वाला कदम बताया गया, वही निर्णय अमेरिका के लिए राष्ट्रीय आवश्यकता कैसे बन गया? क्या नैतिकता की परिभाषा राष्ट्र की सीमा बदलते ही बदल जाती है? क्या अंतरराष्ट्रीय नियम केवल कमजोर और कम शक्तिशाली देशों के लिए हैं? अमेरिका की इस नीति का सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि वह रूस से होने वाली ऊर्जा खरीद को यूक्रेन युद्ध के वित्तपोषण से जोड़कर देखता रहा है, लेकिन जब अपने देश में डीजल की कीमतें बढ़ीं और किसानों, ट्रक चालकों तथा उपभोक्ताओं पर आर्थिक दबाव बढ़ा, तो उसी रूस से आपूर्ति लेने का निर्णय कर लिया। रॉयटर्स के अनुसार, अमेरिका में डीजल की कीमत 8 अक्टूबर को लगभग 6.28 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गई थी। तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले बढ़ती कीमतें ट्रंप प्रशासन के लिए राजनीतिक चुनौती बन गई हैं। यहां अमेरिकी राष्ट्रपति की प्राथमिकताओं का अंतर साफ दिखाई देता है। जब भारत अपनी अर्थव्यवस्था, करोड़ों उपभोक्ताओं और ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखकर रूसी तेल खरीदता है, तो उसे अंतरराष्ट्रीय नैतिकता का पाठ पढ़ाया जाता है। लेकिन जब अमेरिकी मतदाता महंगे ईंधन से परेशान होते हैं, तब वही नैतिकता पीछे छूट जाती है और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हो जाता है। यह कैसी नीति है, जिसमें दूसरों के लिए सिद्धांत और अपने लिए सुविधानुसार अपवाद निर्धारित किए जाते हैं? दूसरों को उपदेश देना आसान है, लेकिन अपने आचरण को उन्हीं कसौटियों पर कसना कठिन। हिंदी की एक लोकोक्ति है-'पर उपदेश कुशल बहुतेरे।' अमेरिका की मौजूदा नीति पर यह कहावत सटीक बैठती है। जो देश पूरी दुनिया को नियमों के पालन की सीख देता है, उसे सबसे पहले अपने व्यवहार में निरंतरता और पारदर्शिता दिखानी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में दोहरे मापदंड केवल विरोधियों को मजबूत नहीं करते, बल्कि मित्र देशों के विश्वास को भी कमजोर कर देते हैं। भारत के संदर्भ में यह सवाल और महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयातित पेट्रोलियम पर निर्भर रहकर पूरा करता है। ऐसे में तेल की खरीद केवल व्यापारिक सौदा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, महंगाई, परिवहन, कृषि, उद्योग और आम नागरिक के जीवन से जुड़ा प्रश्न है। वैश्विक बाजार में तेल महंगा होता है तो उसका असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों से लेकर खाद्य पदार्थों और माल ढुलाई तक दिखाई देता है। इसलिए भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा का अर्थ है कि उसे उपलब्धता, कीमत, आपूर्ति की स्थिरता और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिले। किसी महाशक्ति के दबाव में आकर अपने आर्थिक हितों की अनदेखी करना न तो व्यावहारिक होगा और न ही दूरदर्शितापूर्ण। यह भी समझना जरूरी है कि रूस से तेल खरीदने का समर्थन करने का अर्थ यूक्रेन में जारी युद्ध का समर्थन करना नहीं है। इसी प्रकार ऊर्जा व्यापार पर प्रतिबंध लगाने की आलोचना का अर्थ किसी देश की सैन्य कार्रवाई का बचाव करना भी नहीं है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में इन दोनों प्रश्नों को अलग-अलग समझना चाहिए। युद्ध को समाप्त करने, संप्रभुता की रक्षा करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास आवश्यक हैं, लेकिन आर्थिक प्रतिबंधों की प्रभावशीलता और उनके मानदंडों पर भी निष्पक्ष विचार होना चाहिए। यदि किसी देश की ऊर्जा खरीद को युद्ध के वित्तपोषण से जोड़कर देखा जाता है, तो यही कसौटी सभी देशों पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। केवल विरोधी या कमजोर देश पर प्रतिबंध लगाना और अपने संकट के समय उसी स्रोत से आपूर्ति लेना उस नैतिक आधार को कमजोर करता है, जिस पर प्रतिबंधों को उचित ठहराया जाता है। ट्रंप के फैसले ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की नाराजगी भी बढ़ाई है। जेलेंस्की ने इस कदम को रूस के लिए लाभकारी बताते हुए चिंता जताई कि इससे पुतिन को युद्ध जारी रखने के लिए आर्थिक संसाधन मिल सकते हैं। अमेरिकी सांसदों में भी इस निर्णय की आलोचना हुई है। ट्रंप का इसके बाद जेलेंस्की को यूक्रेन का नेतृत्व बदलने की सलाह देना मामले को और गंभीर बनाता है। किसी संप्रभु देश का राष्ट्रपति कौन होगा, यह निर्णय उस देश के नागरिकों और उसकी संवैधानिक व्यवस्था का विषय है। यदि अमेरिका स्वयं को लोकतंत्र और स्वतंत्रता का समर्थक बताता है, तो उसे दूसरे देश की राजनीतिक संप्रभुता का सम्मान भी करना चाहिए। शांति की पहल का स्वागत होना चाहिए, लेकिन शांति के नाम पर युद्ध से पीड़ित देश पर ही असंगत दबाव डालना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। वास्तव में इस घटनाक्रम से दुनिया के सामने एक बड़ा सबक उभरता है। महाशक्ति होना और विश्वसनीय शक्ति होना दो अलग-अलग बातें हैं। पहली ताकत आर्थिक, सैन्य और राजनीतिक संसाधनों से मिलती है, दूसरी निष्पक्षता, वचनबद्धता और जिम्मेदार आचरण से अर्जित होती है। अमेरिका के पास दुनिया की सबसे प्रभावशाली अर्थव्यवस्थाओं और शक्तिशाली संस्थाओं में से एक होने का गौरव है, लेकिन उसकी नीतियों में बार-बार होने वाले असंगत बदलाव उसके नेतृत्व की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा सकते हैं। 'जैसी करनी वैसी भरनी' की कहावत यहां केवल किसी व्यक्ति पर लागू नहीं होती, बल्कि राष्ट्रों की नीतियों पर भी लागू होती है। यदि अमेरिका अपने आर्थिक हितों के लिए प्रतिबंधों में छूट दे सकता है, तो उसे यह स्वीकार करना चाहिए कि दूसरे देशों को भी अपनी ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों के अनुसार निर्णय लेने का अधिकार है। यदि उसे रूसी डीजल खरीदने की छूट उचित लगती है, तो भारत जैसे देशों की जरूरतों को भी उसी निष्पक्ष दृष्टि से देखने की अपेक्षा स्वाभाविक है। भारत को भी इस घटनाक्रम से सबक लेते हुए अपनी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और रणनीतिक स्वायत्तता को और मजबूत करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में न अंधविरोध उचित है, न अंधसमर्थन, आवश्यक है कि प्रत्येक निर्णय का मूल्यांकन राष्ट्रीय हित, वैश्विक शांति और समान मानदंडों के आधार पर किया जाए। सच यही है कि ताकत से दुनिया को कुछ समय के लिए झुकाया जा सकता है, लेकिन भरोसा केवल न्यायपूर्ण आचरण से जीता जा सकता है। अमेरिका के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि अपनी विश्वसनीयता को बचाना है। क्योंकि इतिहास में राष्ट्रों की पहचान केवल उनकी ताकत से नहीं, बल्कि इस बात से भी होती है कि उन्होंने अपनी ताकत का इस्तेमाल कितनी ईमानदारी और जिम्मेदारी से किया। - ललित गर्ग

विदेशी तकनीक पर निर्भरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के नए खतरे

महेन्द्र तिवारी

रूसी हमलों का डटकर सामना कर रहे यूक्रेन के सामने एक नई और अप्रत्याशित चुनौती खड़ी हो गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से यह चिंता व्यक्त की कि युद्ध क्षेत्र में काम कर रही उनकी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं की गति को अचानक काफी कम कर दिया गया है।

आधुनिक युद्ध में संचार और तकनीकी स्वावलंबन कितना महत्वपूर्ण है, यह बात हाल ही में यूक्रेन और अमेरिका के बीच उत्पन्न हुए सैटेलाइट इंटरनेट विवाद से पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। रूसी हमलों का डटकर सामना कर रहे यूक्रेन के सामने एक नई और अप्रत्याशित चुनौती खड़ी हो गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से यह चिंता व्यक्त की कि युद्ध क्षेत्र में काम कर रही उनकी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं की गति को अचानक काफी कम कर दिया गया है। आधुनिक युद्ध प्रणाली में मानव रहित विमानों यानी ड्रोन का उपयोग बहुत बढ़ गया है और ये सभी विमान इसी इंटरनेट तकनीक के सहारे अपनी दिशा और लक्ष्य तय करते हैं। गति धीमी होने से यूक्रेन के कई सटीक और महत्वपूर्ण सैन्य अभियान अंतिम समय में विफल हो गए, जिससे रूसी सेना के खिलाफ उनकी रक्षात्मक पकड़ कमजोर हुई है। यूक्रेनी रक्षा विशेषज्ञों ने पाया कि उनके संचार उपकरणों पर एक अघोषित तकनीकी प्रतिबंध लगा दिया गया है। जब भी कोई ड्रोन या उपकरण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार को पार करता है, तो उपग्रह से उसका संपर्क तुरंत कट जाता है। कई बार यह बाधा 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर भी काम करने लगती है। सबसे बड़ी परेशानी यह रही कि इस तकनीकी बदलाव से पहले यूक्रेनी सेना को किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गई थी। तेजी से हमला करने वाले ड्रोन इसी उच्च गति पर उड़ते हैं, और बीच हवा में उनका संपर्क टूट जाने से वे दिशाहीन होकर गिर जाते हैं। यह स्थिति युद्ध के मैदान में लड़ रहे सैनिकों के लिए सीधे तौर पर जानलेवा साबित हो रही है। इस मुद्दे पर बढ़ती आलोचनाओं के बाद मशहूर कारोबारी एलन मस्क को सामने आकर सफाई देनी पड़ी। मस्क ने स्पष्ट किया कि नागरिक सेवा और सैन्य उपग्रह सेवा की कार्यप्रणाली बिल्कुल अलग है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जिस सैन्य उपग्रह प्रणाली का उपयोग यूक्रेन कर रहा है, उसका पूरा स्वामित्व और नियंत्रण अमेरिकी रक्षा विभाग के अधीन है। किसी भी क्षेत्र में इंटरनेट की गति को सीमित करने, उसे चालू रखने या पूरी तरह से बंद करने का अधिकार केवल अमेरिकी सेना और अंततः राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास है। मस्क के इस बयान ने यह स्पष्ट कर दिया कि पर्दे के पीछे से युद्ध का नियंत्रण अब सीधे वाशिंगटन के हाथों में जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार इसे मात्र एक तकनीकी समस्या नहीं मान रहे हैं। इसे कूटनीतिक दबाव की एक सोची समझी रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका काफी समय से यह प्रयास कर रहा है कि यूक्रेन रूसी तेल उत्पादन केंद्रों पर अपने हमले रोक दे, क्योंकि इन हमलों से वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता आ रही है। माना जा रहा है कि अमेरिका अपनी बात मनवाने के लिए इस संचार प्रणाली को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। इंटरनेट की गति को कम करना यूक्रेन को यह संदेश देने का प्रयास है कि अमेरिकी सैन्य सहायता उनकी शर्तों के अधीन ही जारी रहेगी। इस घटनाक्रम ने केवल यूक्रेन ही नहीं, बल्कि यूरोप के अन्य देशों की भी चिंता बढ़ा दी है। पोलैंड जैसे सहयोगी देशों के राजनयिक इस बात से हैरान हैं कि एक सहयोगी देश की सेना को बीच युद्ध में इस तरह बेबस कर दिया गया। यह विवाद एक नया कूटनीतिक सवाल खड़ा करता है कि क्या विदेशी संचार तकनीक पर निर्भर रहकर कोई भी देश स्वतंत्र रूप से युद्ध लड़ सकता है। यह घटना साबित करती है कि भविष्य की लड़ाई सिर्फ तोप और मिसाइलों से नहीं जीती जाएगी, बल्कि डेटा और संचार नेटवर्क पर जिसका नियंत्रण होगा, वही युद्ध के परिणाम तय करेगा।

सेहत मंत्र

डायबिटीक हैं तो डाइट में जरूर शामिल करें प्याज, मिलेंगे फायदे

प्याज एक ऐसी सब्जी है, जिसे लोग कई तरह से खाना पसंद करते हैं। कभी सब्जी मे तड़के के रूप में तो कभी कच्चा ही सलाद के रूप में। यूं तो यह आपके खाने के टेस्ट को कई गुना बढ़ा देता है, लेकिन इसके हेल्थ बेनिफिट भी कम नहीं है। खासतौर से, मधुमेह ग्रस्त व्यक्ति को तो प्याज का सेवन जरूर करना चाहिए। मधुमेह एक ऐसी समस्या है, जिससे आज के समय में अधिकतर भारतीय पीड़ित है। यूं तो लोग अपनी समस्या के समाधान के लिए दवाइयों का सेवन करते हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त आपको अपने आहार पर भी ध्यान देना चाहिए। आपको शायद पता न हो लेकिन अगर आप प्याज का सेवन करते हैं तो इससे आप ब्लड शुगर को आसानी से नियंत्रित रख सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको डायबिटीक पेशेंट के प्याज के सेवन से होने वाले कुछ बेहतरीन फायदों के बारे में बता रहे हैं? **फाइबर की अधिकता**-प्याज खासतौर से रेड प्याज में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर को टूटने और पचने में समय लगता है, जिसके कारण रक्तप्रवाह में शुगर कम मात्रा में रिलीज़ होती है। इतना ही नहीं, फाइबर आपको कब्ज की समस्या से भी राहत दिलाता है। मधुमेह के रोगियों में कब्ज की समस्या बेहद आम होती है। इस तरह आपको प्याज का सेवन तो जरूर करना चाहिए। **लो कार्ब्स**- मधुमेह रोगियों के लिए प्याज के सेवन का एक दूसरा लाभ यह है कि इसमें कार्ब्स काफी कम मात्रा में होते हैं। दरअसल, मधुमेह रोगियों के लिए अधिक कार्ब्स वाले फूड का सेवन बिल्कुल भी अच्छा नहीं माना जाता। कार्ब्स बहुत जल्दी मेटाबोलाइज हो जाते हैं, जिसके कारण वह ब्लड में शुगर को तेजी से रिलीज करते हैं। ऐसे में अगर आप अधिक कार्ब्स लेते हैं तो इससे उनके ब्लड में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि मधुमेह रोगी हमेशा लो कार्ब्स वाले आहार का सेवन करें। प्याज मधुमेह रोगियों के लिए कई मायनों में लाभकारी है। आप कच्चा प्याज सलाद के रूप में खाने के साथ-साथ सब्जी में तड़के, सूप या सैंडविच में भी इसे आसानी से खा सकते हैं। जर्नल एनवार्यनमेंटल हेल्थ इनसाइट्स में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, ताजा प्याज का सेवन करने से टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज के रोगियों के रक्त शर्करा के स्तर में कमी आती है।

धर्म मंत्र

श्रीकृष्ण से सीखें जीवन की कला अलौकिक व्यक्तित्व के धनी थे कान्हा

श्रीकृष्ण ने मनुष्य जाति को नया जीवन-दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। उनकी जीवन-कथा चमत्कारों से भरी है, लेकिन वे हमें जितने करीब लगते हैं, उतना और कोई नहीं। वे ईश्वर हैं पर उससे भी पहले सफल, गुणवान और दिव्य मनुष्य है। भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व भारतीय इतिहास के लिये ही नहीं, विश्व इतिहास के लिये भी अलौकिक एवं अद्भुत व्यक्तित्व है और सदा रहेगा। वे हमारी संस्कृति के एक विलक्षण महानायक हैं। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसकी तुलना न किसी अवतार से की जा सकती है और न संसार के किसी महापुरुष से। उनके जीवन की प्रत्येक लीला में, प्रत्येक घटना में एक ऐसा विरोधाभास दीखता है जो साधारणतः समझ में नहीं आता है। यही उनके जीवन चरित की विलक्षणता है और यही उनका विलक्षण जीवन दर्शन भी है। अपनी सरस एवं मोहक लीलाओं तथा परम पावन उपदेशों से अन्तः एवं बाह्य दृष्टि द्वारा जो अमूल्य शिक्षण उन्होंने दिया था वह किसी वाणी अथवा लेखनी की वर्णनीय शक्ति एवं मन की कल्पना की सीमा में नहीं आ सकता, यही उनकी विलक्षणता है। ज्ञानी-ध्यानी जिन्हें खोजते हुए हार जाते हैं, जो न ब्रह्म में मिलते हैं, न पुराणों में और न वेद की ऋचाओं में, वे मिलते हैं ब्रजभूमि की किसी कुंज-निकुंज में राधारानी के पैरों को दबाते हुए- यह श्रीकृष्ण के चरित्र की विलक्षणता ही तो है कि वे अजन्मा होकर भी पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। मृत्युंजय होने पर भी मृत्यु का वरण करते हैं।

पर्यटन



मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में सुकून से घूमें और पाएं जन्नत का एहसास

गर्मी में अकसर लोगों को घूमने के लिए पहाड़ों पर जाने में ही आनंद आता हैं। इस लिए गर्मियों में अधिकतर लोगों की पसंद हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड होते हैं, लेकिन हम आपको बता रहे हैं ऐसी जगह के बारे में जहां आप गर्मी की तपिश से दूर अपने परिवार व दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। मध्यप्रदेश पहाड़ी प्रदेश तो नहीं लेकिन काफी खूबसूरत जगह हैं। यह प्रदेश भारत की धरोहर को संजोए हुए है। मध्यप्रदेश में एक मात्र हिल स्टेशन भी हैं, जिसका नाम हैं सतपुड़ा की रानी पंचमढ़ी। पंचमढ़ी बहुत ही खूबसूरत जगह है जहां से वापस आने का आपको मन नहीं होगा। **क्यों हैं पंचमढ़ी खास**- मध्यपदेश की इकलौता हिल स्टेशन हैं सतपुड़ा। पंचमढ़ी सतपुरा की रानी हैं। जहां के नजारे आपको अपना बना लेंगे। रफ्तार से भरी जिंदगी से कुछ पल आप यहां सुकून से बिता सकते हैं। यहां ज्यादा भीड़ नहीं हैं। काफी शांत जगह है। यहां काफी पुरानी गुफाएं भी हैं। मध्यप्रदेश के इस जगह में भी आपको शैलचित्र देखने को मिलेंगे। **जंगली जानवरों के अदभूत नजारे**- पंचमढ़ी में आप खूबसूरती के साथ-साथ जंगली जानवरों को देखने का भी लुफ्त उठा सकते हैं। क्योंकि पंचमढ़ी में घने जंगल और गुफाएं भी हैं जिसके कारण यहां जंगली जानवर भी जंगलों में रहते हैं। इस जंगली जगह को देखने के लिए आप जीप या स्कूटर लेकर घूमने जा सकते हो यहां आपको गौर, तेंदुआ, भालू, भैंसा और कई जंगली जानवर सहज ही देखने को मिलेंगे। **पंचमढ़ी में उठाएं पवित्र गुफाएं देखने का आनंद**- जटाशंकर एक बेहद पवित्र गुफा है। यह पंचमढ़ी से बस एक किलोमीटर की दूरी पर हैं। यहां जाने के लिए थोड़ा पैदल चलना पड़ता है। इस पवित्र जगह पर प्राकृतिक शिवलिंग हैं। यहां की चट्टान पर बड़ी सी हनुमान जी की मूर्ति बनी हैं। इसके अलावा यहां आप पांडव गुफा को देखने के लिए जा सकते हैं। इस गुफा का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ हैं। इस गुफा में 'द्रौपदी कोठरी' और 'भीम कोठरी' अपना खास महत्व रखते हैं।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की यौमे पैदाइश पर पेश किया गया ख़िराज-ए-अक़ीदत

सेमिनार में गूंजा शिक्षा और भाईचारे का संदेश, डॉ. कलाम का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत, शिक्षा और वैज्ञानिक सोच से ही देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा : वसीम राईन





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारत रत्न, मिसाइल मैन, महान वैज्ञानिक एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साहब की यौमे पैदाइश के मुबारक अवसर पर ग्राम सैदनपुर, तहसील सिरौलीगौसपुर, विधानसभा रामनगर, जनपद बाराबंकी स्थित मदरसा अल जामियातुल अशरफिया रज्जाकिया फखरूल उलूम में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कलाम साहब को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश करते हुए उनके प्रेरणादायी जीवन, शिक्षा के प्रति समर्पण, वैज्ञानिक सोच और देश के विकास में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन शामिल हुए। इसके अलावा अजय गुरु एवं एडवोकेट रागधीर सिंह सुमन की गरिमामयी सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर इकबाल अंसारी ने की, जबकि मदरसे के मैनेजर असरार अंसारी ने आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अजय गुरु ने फूलों की मिसाल देकर दिया एकता का संदेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय गुरु ने डॉ. कलाम साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बगीचे में खिलने वाले अलग-अलग फूलों की मिसाल देते हुए कहा कि जिस प्रकार बगीचे में विभिन्न रंगों और खुशबुओं के फूल एक साथ मिलकर उसकी खूबसूरती बढ़ाते हैं, उसी प्रकार समाज में विभिन्न धर्मों, जातियों और विचारों के लोगों का आपसी मेलजोल देश की खूबसूरती बढ़ाता है। सभी को एक-दूसरे का सम्मान करते हुए मिल-जुलकर रहना चाहिए।

उन्होंने डॉ. कलाम के जीवन को प्रेरणा का स्रोत बताते हुए कहा कि महान व्यक्तित्व अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहते हैं। डॉ. कलाम ने अपनी मेहनत, लगन और सादगी से यह साबित किया कि इंसान अपनी प्रतिभा और समर्पण के बल पर देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सकता है।

एडवोकेट रागधीर सिंह सुमन ने याद किया डॉ. कलाम का योगदान

एडवोकेट रागधीर सिंह सुमन ने अपने संबोधन में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें देश का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ ही युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। उनका जीवन सादगी, मेहनत, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है।

वसीम राईन ने शिक्षा और वैज्ञानिक सोच पर दिया जोर

मुख्य अतिथि वसीम राईन ने डॉ. कलाम साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचकर इतिहास रचा।

उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का सपना था कि भारत एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बने। इसके लिए शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, नवाचार और युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत का रास्ता नहीं छोड़ना चाहिए।

वसीम राईन ने कहा कि डॉ. कलाम की शख्सियत किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं थी। वह पूरे देश के गौरव थे। उनके विचार समाज में शिक्षा, भाईचारे और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का संदेश देते हैं।

अध्यक्षता सदर इकबाल अंसारी ने की, असरार अंसारी ने जताया आभार

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर इकबाल अंसारी ने डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने और समाज में शिक्षा के प्रसार को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने ऐसे आयोजनों को नई पीढ़ी के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के अंत में मदरसे के मैनेजर असरार अंसारी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। मदरसे के प्रिंसिपल ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। सेमिनार का उद्देश्य डॉ. कलाम के आदर्शों, उनकी वैज्ञानिक उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए समाज में शिक्षा, एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित करना रहा। डॉ. कलाम साहब की यौमे पैदाइश पर आयोजित यह सेमिनार उनके विचारों को आत्मसात करने और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा, मेहनत तथा राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का संदेश देकर संपन्न हुआ।

भाकियू टिकैत के सामूहिक विवाह में 82 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ओर से शुक्रवार को नवीन गल्ला मंडी में आयोजित होने वाले 15वें सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में अब तक 82 जोड़ों का पंजीकरण हुआ है, जिनमें चार मुस्लिम जोड़े निकाह करेंगे।

गुरुवार को समारोह से पहले विधि-विधान से मातृ पूजन किया गया। महिलाओं ने मंगलगीत गाए। मंडप के खंभों में माई-मऊरी की स्थापना पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, सरदार भूपेंद्र सिंह, अनोज वर्मा और नीलू प्रधान सहित अन्य लोगों ने की। जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद ने बैठक कर पदाधिकारियों और व्यवस्था टीमों को अतिथियों, बारातियों व जनातियों की सेवा के निर्देश दिए। नवदंपतियों को उपहार में सिलाई मशीन, अलमारी, कपड़े और बर्तन दिए जाएंगे। समारोह में भाकियू युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत, राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन और प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा शामिल होंगे। बेटे की शादी भी सामूहिक विवाह में कराएंगे जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद ने खर्चीली शादियों पर रोक लगाने की अपील करते हुए बताया कि उन्होंने अपने बड़े बेटे अशोक कुमार, जो पावर ग्रिड में जूनियर इंजीनियर हैं, का विवाह भी सामूहिक विवाह समारोह में कराने का निर्णय लिया है। सात किसानों ने किया रक्तदान हर महीने की 15 तारीख को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित होने वाला रक्तदान शिविर इस बार विवाह स्थल पर लगाया गया। शिविर में सात किसानों ने रक्तदान किया।

आठ न्याय पंचायतों में खेलकूद प्रतियोगिताएं, बच्चों ने दिखाया दमखम





कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र सिंह के निर्देशन में गुरुवार को विकासखंड की आठ न्याय पंचायतों में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने खो-खो, कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक और चक्रक्षेपण सहित विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। हमीदनगर में कबड्डी के बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय मुश्कीपुर और बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय हमीदनगर विजेता रहा। बालिका खो-खो में भी हमीदनगर ने जीत दर्ज की। 100 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद की दिव्या और लंबी कूद में राजबाबू व मधु ने बाजी मारी। मरकामऊ में बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में अनन्या, 100 मीटर में विनीता और 200 मीटर में अंशिका प्रथम रहीं। बालक वर्ग में 50 मीटर में विकास, 100 मीटर में लोकेश, 200 मीटर में शुभ और 400 मीटर में रितेश विजेता बने। कबड्डी में मधवापुर की टीमों ने जीत हासिल की। विजेता खिलाड़ियों को नोडल शिक्षकों और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ने पुरस्कृत किया। आयोजन में नोडल संकुल शिक्षक उदय प्रताप सिंह, दिलावर, श्यामू, सुभाष चंद्र, रेहान अली, व्यायाम शिक्षक दिलीप तिवारी और अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

बदोसराय में सांसद तनुज पुनिया ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया ने गुरुवार को बदोसराय में सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष इंतिखाब आलम नोमानी के कार्यालय पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने संगठन की गतिविधियों की जानकारी ली और आगामी चुनाव में भाजपा सरकार को हटाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं से भी सांसद को अवगत कराया। बैठक में बीके सिंह, किन्तूर प्रधान अकरम अंसारी, अजित यादव और परवेज अहमद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कौमी एकता की मिसाल बना दुर्गा पूजा महोत्सव, भक्तों के लिए खुला मां का दरबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रेलवे स्टेशन के पीछे आरपीएफ कॉलोनी के पार्क में बंगाली परिवारों द्वारा शुरू की गई दुर्गा पूजा की परंपरा आज कौमी एकता की मिसाल बन गई है। यूथ्स एसोसिएशन परिवार की ओर से आयोजित 57वें शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को नगर पालिका परिषद में सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ। इसके साथ ही मां दुर्गा का दरबार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।

महोत्सव की विशेषता है कि इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदाय के लोग मिलकर भाग लेते हैं। मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चंदन ग्रुप की ओर से सुंदरकांड पाठ कराया गया। इसमें बृजलाल सावलानी, कैलाश शर्मा, सतीश चंद्र गुप्ता, गुड्डू जैन, राजन शर्मा, राजेश गुप्ता, अर्पित गुप्ता, रबिनन खजांची, रामानंद गुप्ता, नरेश राय, अनुराग गुप्ता, सीमा शर्मा और सरिका गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए।



ताला में दशहरा मेले पर रामलीला, रात नौ बजे होगा रावण दहन

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड निंदूरा के ग्राम ताला स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में 20 अक्टूबर को दशहरा मेले का आयोजन होगा। दोपहर चार बजे से रामलीला का मंचन शुरू होगा, जबकि रात नौ बजे रावण वध के बाद रावण दहन किया जाएगा। आयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि रामलीला में पंचवटी प्रसंग, सीता हरण, राम-सुग्रीव मिलन, बालि वध और राम-रावण युद्ध का मंचन होगा। श्रीराम की भूमिका शैलेश सिंह, रावण की वीरेंद्र सिंह और हनुमान की भूमिका अनिल कुमार निभाएंगे। आयोजक ने क्षेत्रवासियों से मेले में शामिल होने की अपील की है।

ताला गांव में 20 अक्टूबर को होगा दशहरा मेला, रावण दहन आज

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड निंदूरा के ग्राम ताला स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में 20 अक्टूबर को दशहरा मेले का आयोजन होगा। आयोजक मुकेश सिंह के अनुसार, दोपहर चार बजे से रामलीला का मंचन शुरू होगा और रात नौ बजे रावण वध के बाद रावण दहन किया जाएगा। रामलीला में पंचवटी प्रसंग, सीता हरण, राम-सुग्रीव मिलन, बालि वध और श्रीराम-रावण युद्ध का मंचन होगा। श्रीराम की भूमिका शैलेश सिंह, रावण की भूमिका वीरेंद्र सिंह और हनुमान की भूमिका अनिल कुमार निभाएंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से मेले में शामिल होने की अपील की है।

रामलीला मंच से बेटी की शादी के लिए दी गई 1.51 लाख रुपये की सहायता

अमेठी। शहर के रामलीला मैदान में चल रही रामलीला के चौथे दिन सामाजिक सरोकार की मिसाल देखने को मिली। भुसियावा निवासी रीतू चौहान को बेटी की शादी के लिए रामलीला समिति और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की ओर से 1.51 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा गया। समिति की ओर से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में प्रतिदिन 1.51 लाख रुपये की सहायता देने की पहल की जा रही है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि रामलीला समिति का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की मदद करना भी उसकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

त्योहारों को लेकर जैदपुर पुलिस ने किया पैदल मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर, बाराबंकी। नवरात्रि सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर जैदपुर पुलिस ने इंस्पेक्टर संतोष सिंह के नेतृत्व में कस्बे और थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पैदल मार्च किया। पुलिस बल ने थाना चौराहा, मंगाताल, सिनेमा हॉल, बड़ी बाजार, चमरिया और पानी की टंकी सहित कई मोहल्लों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही अराजक तत्वों को सख्त संदेश दिया। मार्च में अतिरिक्त थाना प्रभारी निर्मल सिंह, कस्बा इंचार्ज सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

छत के रास्ते घर में घुसे चोर, लाखों के जेवर और नकदी समेट ले गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोठी, बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के पूरे मकनी मजरे सेमरावा गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और दरवाजे का ताला तोड़कर अटैची में रखे कीमती सामान को समेट ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मोहम्मद नियाज अहमदाबाद में निजी नौकरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घर पर उनकी पत्नी सोफिया बानो रहती हैं। बताया जाता है कि बीती रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर रखी अटैची में मौजूद कीमती सामान चोरी कर ले गए। सुबह सोफिया बानो की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा देखकर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए।



सोने-चांदी के आभूषण और 21 हजार रुपये चोरी पीड़िता सोफिया बानो के मुताबिक, चोर घर से सोने की दो जोड़ी झुमकी, एक सोने की अंगूठी, सोने के दो जोड़ी नाक के आभूषण, एक जोड़ी सोने की बाली, चांदी की चार जोड़ी पायल, चार जोड़ी बिछिया, चांदी की छह अंगूठियां और करीब 21 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। बाद में घर से कुछ दूरी पर पड़ोसी सुंदरलाल के खेत में अटैची और अन्य सामान पड़ा मिला। घटना के बाद गांव में चोरी को लेकर चर्चा का माहौल है।

सुबह जागने पर हुई चोरी की जानकारी, खेत में पड़ी मिली अटैची, पुलिस ने शुरू की जांच

मौके पर पहुंची पुलिस, जांच-पड़ताल शुरू घटना की सूचना मिलने पर कोठी थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की घटना सामने आई है। फिलहाल परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।



मंधाना की कप्तानी में नए युग की शुरुआत करेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी

रायपुर। भारत शुक्रवार को यहां जब नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना के नेतृत्व में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ नए युग की शुरुआत करेगा तो उसकी निगाह अपने खेल को और बेहतर बनाने पर होगी। यह पहला अवसर है जबकि भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारतीय टीम ने हाल में एशियाई स्तर पर अपना दबदबा साबित किया लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विशेषकर छोटे प्रारूप में उसे अभी काफी सुधार करने की जरूरत है। भारत का टी20 विश्व कप में पिछले दो टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था जिससे उसकी कमजोरी भी खुलकर सामने आ गई। टीम को अगर ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को लगातार चुनौती देनी है तो उसे खेल के तीनों विभाग में सुधार करना होगा। भारत ने पिछले साल अपने घरेलू मैदान पर



ऐतिहासिक वनडे विश्व कप जीता था, लेकिन अगले साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी जीतना उसके लिए आसान नहीं होगा। अगर भारतीय बल्लेबाजी की बात करें तो मंधाना और शेफाली वर्मा ने टीम को अच्छी शुरुआत दी है लेकिन भारतीय बल्लेबाज बीच के ओवर में संघर्ष करते रहे हैं। भारत को अभी तीसरे नंबर के लिए एक अदद बल्लेबाज की तलाश है। इसके अलावा पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर की खराब फॉर्म भी चिंता का विषय बनी हुई है। हरमनप्रीत अब टीम में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेगी जिससे उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव और भी बढ़ जाएगा। भारत को निचले क्रम में ऋचा घोष का साथ देने के लिए कुछ और पावर हिटर तैयार करने की भी जरूरत है। पिछले कुछ समय में भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा है और टीम को इस विभाग में काफी सुधार करने की जरूरत है। अगर गेंदबाजी विभाग की बात करें तो नंदनी शर्मा का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू रहा है। लेकिन अगर संपूर्ण तेज गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो उन्हें अपना प्रभाव छोड़ने के लिए अधिक बेहतर प्रदर्शन करना होगा। स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत रही है, जिसमें युवा श्री चरणी ने शानदार प्रदर्शन किया है। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपनी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान किया है जबकि बीच के ओवरों में विकेट लेने के लिए लेग-ब्रेक गेंदबाज प्रेमा रावत को अधिक अवसर दिए जाने चाहिए। टीम में शामिल नए चेहरों में निक्की प्रसाद और जिंतिमानी कलिता शामिल हैं। यह श्रृंखला जिम्बाब्वे के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उसकी टीम ने हाल में वेस्टइंडीज को वनडे मैच में हराया था जिससे वह आत्मविश्वास से भरी हुई है। टीम की कप्तानी जोसेफिन नकोमो करेंगी।

एमबाप्पे ने तोड़ा मेसी का रिकॉर्ड, चैंपियंस लीग में 100 मैच खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने

एजेंसी



नई दिल्ली। रियल मैड्रिड के स्टार फॉरवर्ड किलियन एमबाप्पे ने यूईएफए चैंपियंस लीग में नया इतिहास रच दिया है। वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 100 मैच खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। एमबाप्पे ने बुधवार को रोम के स्टेडियो ओलिम्पिको में रोमा के खिलाफ रियल मैड्रिड की 4-3 की जीत के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। एमबाप्पे ने 27 साल, नौ महीने और 25 दिन की उम्र में 100 चैंपियंस लीग मैच पूरे किए। उन्होंने अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने सितंबर 2015 में रोमा के खिलाफ ही 28 साल की उम्र में इस मुकाम को हासिल किया था। फ्रांस के इस स्टार खिलाड़ी ने उपलब्धि का जश्न पहले हाफ में बराबरी का गोल करके मनाया। उनके गोल ने रियल मैड्रिड की वापसी में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद टीम ने मुकाबले के अंतिम क्षणों में निर्णायक गोल करके 4-3 से जीत दर्ज की। इस गोल के साथ एमबाप्पे चैंपियंस लीग के सर्वकालीन सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रियल मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी राउल गोंजालेज को पीछे छोड़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए। एमबाप्पे ने सितंबर 2016 में मोनाको की ओर से 17 साल की उम्र में चैंपियंस लीग में पदार्पण किया था। इसके बाद उन्होंने अपनी तेज रफ्तार, गोल करने की क्षमता और लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर यूरोपीय फुटबॉल में खास पहचान बनाई है। अब 100 मैच खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनने के साथ एमबाप्पे ने प्रतियोगिता के इतिहास में अपना नाम एक और उपलब्धि के साथ दर्ज करा लिया है।

खेल के हर उस पहलू पर काम किया जिसमें सुधार की जरूरत थी: पाठक

एजेंसी

नयी दिल्ली। लगभग नौ महीने बाद वापसी करने वाले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने कहा कि उन्होंने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) से पहले अपने खेल के हर उस पहलू पर काम किया है जिसमें सुधार की जरूरत थी। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच दिसंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर खेला था। इस दौरे के दौरान कथित अनुशासनहीनता के आरोप में उन्हें दो अन्य खिलाड़ियों के साथ टीम से बाहर कर दिया गया था। पाठक ने कहा कि इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु में अपने गोलकीपिंग कौशल को निखारा और राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए कड़ी मेहनत की। पाठक को भारत की 18 सदस्यीय टीम में मोहित एचएस की जगह शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक जालंधर और मोहाली में खेला जाएगा। पाठक ने हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''कोच ने मुझे सुधार के लिए जो कुछ भी बताया, मैंने बेंगलुरु में इस पर काम किया। मेरा मानना है कि मैंने वह सुधार कर लिए हैं और अब मेरा ध्यान एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में मिले मौके का फायदा उठाना है। उन्होंने कहा, ''हमने (डेवलपमेंट टीम ने) बेंगलुरु में कर्नाटक की सीनियर राष्ट्रीय टीम के खिलाफ मैच खेले। मैचों और टीम के साथ अभ्यास करने के अलावा मैंने गोलकीपिंग के अतिरिक्त सत्र में भी अभ्यास किया ताकि मैं उन चीजों पर काम करता रहूं जिनमें मुझे सुधार करने के लिए कहा गया था।'' मौजूदा चैंपियन भारत टूर्नामेंट की शुरुआत 27 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। इसके बाद उसका सामना 29 अक्टूबर को चीन, 30 अक्टूबर को जापान, एक नवंबर को मलेशिया और दो नवंबर को दक्षिण कोरिया से होगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में ब्रीट्जके को मौका, स्टब्स बाहर

एजेंसी

गक़ेबरहा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए दक्षिण अफ्रीका ने अपनी 17 सदस्यीय टीम में एक बदलाव किया है। ट्रिस्टन स्टब्स की जगह मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम में शामिल किया गया है। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ryan रिकेल्टन संभालेंगे। दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट रविवार से गक़ेबरहा में खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका को डरबन में खेले गए पहले टेस्ट में 214 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

ब्रीट्जके ने अब तक केवल दो टेस्ट मैच खेले हैं। हालांकि, एकदिवसीय क्रिकेट में उनके शानदार मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें टीम में जगह मिली है। मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने कहा कि ब्रीट्जके पहले भी टीम के साथ रह चुके हैं और एकदिवसीय क्रिकेट में उनके



शानदार प्रदर्शन ने उन्हें इस बार टीम में जगह दिलाने में मदद की। कॉनराड ने कहा, ''मैट पहले भी टीम का हिस्सा रह चुके हैं। एकदिवसीय क्रिकेट में उनका प्रदर्शन इस समय बेहद शानदार है, जिससे उन्हें टीम में जगह पाने का अतिरिक्त लाभ मिला। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मैट अपने साथ जिस रवैये और व्यक्तित्व को लेकर आते हैं, वह टीम के लिए अहम है। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच ने अगले टेस्ट के लिए रिकेल्टन को विकेटकीपर बनाए जाने की पुष्टि की है। इससे काइल वेरेन के अंतिम एकादश में शामिल होने पर सवाल खड़े हो सकते हैं। रिकेल्टन के विकेटकीपिंग संभालने के बाद बल्लेबाजी क्रम में भी बदलाव संभव है। कॉनराड ने कहा, रिक्स के विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने के बाद कुछ फैसले लेने होंगे। यह देखना होगा कि उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा जाए या वह पारी की शुरुआत करना जारी रख सकते हैं। वह पहले भी पारी की शुरुआत कर चुके हैं। टेम्बा बावुमा (कप्तान), मार्कस एकरमैन, डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीट्जके, कॉर्बिन बॉश, गेराल्ड कोएत्जी, साइमन हार्मर, मार्को यानसन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, एनरिक नॉर्खिया, डेन पैटरसन, कगिसो रबाडा, ryan रिकेल्टन और काइल वेरेन।

ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन न्यूयॉर्क मैराथन से हटीं, बीमारी के कारण तैयारी प्रभावित

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक की मैराथन चैंपियन नीदरलैंड की सिफान हसन ने पर्याप्त तैयारी नहीं कर पाने के कारण न्यूयॉर्क सिटी मैराथन से नाम वापस ले लिया है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि बीमारी के कारण उनका अभ्यास प्रभावित हुआ और वह अपनी उम्मीदों के मुताबिक तैयारी नहीं कर सकीं। हसन ने लिखा, मैं और मजबूत होकर वापसी करने के लिए बहुत उत्साहित थी, लेकिन बीमारी ने मेरे प्रशिक्षण की रफ्तार धीमी कर दी। मैं उस स्थिति में नहीं हूं, जहां मैं होना चाहती थी। उन्होंने आगे कहा, कभी-कभी चीजें योजना के मुताबिक नहीं होतीं। हसन ने पेरिस ओलंपिक 2024 में मैराथन का स्वर्ण पदक जीता था। इससे पहले उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में पांच हजार और दस हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे। वह नीदरलैंड का प्रतिनिधित्व करती हैं।

सैमसन ने वेस्टइंडीज से हार के बाद गेंदबाजों का बचाव किया

एजेंसी

हैदराबाद। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने बुधवार को वेस्टइंडीज के हाथों चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 24 रन से मिली हार के बाद गेंदबाजों का बचाव करते हुए कहा कि उभरते हुए तेज गेंदबाज अनुभव हासिल करने के साथ बेहतर होते जाएंगे।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद तीन विकेट पर 247 रन बनाए जिसके जवाब में भारतीय टीम 19.3 ओवर में 223 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज की तरफ से कप्तान शाई होप ने 50 गेंदों पर नाबाद 102 रन बनाए और कीमो पॉल ने पांच विकेट लिए जिससे वह पांच मैचों की श्रृंखला को 2-2 से बराबर करने में सफल रहा। सैमसन ने स्वीकार किया कि भारत के पास जसप्रीत बुमराह का कोई विकल्प नहीं है जिन्हें विश्राम दिया गया है। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''उनके जैसे गेंदबाज विरले ही पैदा होते हैं और हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास उनके जैसा गेंदबाज है। लेकिन हमारे पास कुछ अच्छे युवा तेज गेंदबाज हैं। अर्शदीप सिंह शानदार प्रदर्शन कर रहा है और पिछले कुछ मैचों में प्रिंस यादव की गेंदबाजी बेहद प्रभावशाली रही है। सैमसन ने कहा, ''हमारे पास वास्तव में कुछ प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं और हम उन्हें जितना अधिक खेलने का मौका देंगे उतना ही वह बेहतर होते जाएंगे। भारतीय गेंदबाज वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे। मयंक यादव और अर्शदीप सिंह ने अपने-अपने चार ओवरों में 52-52 रन लुटाए। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में शमर जोसेफ की शॉर्ट पिच गेंद अर्शदीप की बाई बांह पर लगी जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। सैमसन ने होप की पारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वेस्टइंडीज के कप्तान ने संयम के साथ बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा, ''वह बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। जिस तरह से वह खेल रहा है उसका पूरा श्रेय उसे जाता है। हम निश्चित तौर पर उस पर अंकुश लगाने के तरीके ढूंढ रहे हैं। सैमसन ने बड़े लक्ष्य के सामने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई तथा 23 गेंद पर 56 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे। कीमो पॉल ने पांचवें ओवर में सैमसन और ईशान किशन को आउट कर दिया, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। सैमसन ने कहा कि तिलक वर्मा का आउट होना निर्णायक साबित हुआ क्योंकि तब भारत मुकाबले में बना हुआ था। तिलक ने 25 गेंदों में 43 रन बनाए। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि तिलक का आउट होना निर्णायक मोड़ था क्योंकि तब वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। तिलक और नीतीश कुमार रेड्डी गेंदबाजों पर दबाव बना रहे थे।

भारतीय बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए: गावस्कर

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि हैदराबाद में खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज से मिली हार के बाद भारतीय टीम को लक्ष्य का पीछा करने के अपने तरीके में सुधार करना होगा और बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। भारत बुधवार को खेले गए मैच में संजू सैमसन के तेज अर्धशतक के बावजूद 248 रन के लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाया। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा, ''भारतीय टीम को सबसे पहले लक्ष्य का पीछा करने के अपने तरीके में सुधार करना होगा। भारतीय बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। अगर बल्लेबाज जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे तो भारतीय टीम को सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा, ''भारतीय बल्लेबाजों को इस तरह से दबदबा बनाना होगा जैसा कि लगातार दो टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम को करना चाहिए लेकिन इस मैच में इसकी जरा सी भी झलक देखने को नहीं मिली। गावस्कर ने कहा कि श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम को सैमसन (56) से मिली शानदार शुरुआत का फायदा उठाना चाहिए था। उन्होंने कहा, ''संजू ने भारत को शानदार शुरुआत दी, लेकिन बाकी बल्लेबाज इसका बिल्कुल भी फायदा नहीं उठा पाए। अभिषेक शर्मा ने खराब पारी खेली। उनके स्तर के हिसाब से यह स्वीकार्य नहीं है। ईशान किशन भी कीमो पॉल के जाल में पूरी तरह फंस गए। श्रेयस अय्यर शतक बनाने के बाद लय बरकरार नहीं रख पाए हैं। वेस्टइंडीज ने तीन विकेट पर 247 रन बनाए लेकिन गावस्कर ने इसके लिए भारतीय गेंदबाजों को दोषी ठहराने से परहेज किया। उन्होंने कहा, ''मैं जानता हूं कि गेंदबाजी खराब रही है, लेकिन ये गेंदबाज अनुभवी नहीं हैं। वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नए हैं और उन्हें इसी तरह से सीख मिलेगी।

रिलायंस जियो ने खुद को निवेशकों के समक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में पेश किया

एजेंसी

मुंबई। जियो प्लेटफॉर्म्स ने निवेशकों से उसका मूल्यांकन मोबाइल सेवा प्रदाता के बजाय प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में करने को कहा है। कंपनी का कहना है कि वह विदेशों में दूरसंचार कंपनियों को अपना नेटवर्क सॉफ्टवेयर और उपकरण बेचेगी, हालांकि उसका कारोबार अब भी मुख्य रूप से घरेलू बाजार तक सीमित है। कंपनी के सूचीबद्ध होने को लेकर जमा दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार और डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 अक्टूबर को आएगा। कंपनी की सेबी के पास जमा विवरण पुस्तिका (रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस) के अनुसार, यह भारत की ग्राहकों की संख्या के लिहाज से सबसे बड़ी मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी का निर्गम होगा। इस निर्गम के तहत 10 रुपये अंकित मूल्य वाले अधिकतम 27 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें मौजूदा शेयरधारकों की ओर से शेयर बेचने का कोई प्रस्ताव नहीं है। यह कंपनी की मौजूदा कुल शेयर पूंजी का करीब तीन प्रतिशत है। कंपनी के निर्गम के लिए मूल्य दायरा प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपये रखा गया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर करीब 30,213 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। इस तरह यह भारत का अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। आईपीओ शुक्रवार, 23 अक्टूबर को बंद होगा। वहीं, बड़े संस्थागत निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया सोमवार, 19 अक्टूबर को होगी। कंपनी ने विवरण पुस्तिका में कहा कि उसने अपने नेटवर्क और सेवाओं की पूरी प्रणाली मुख्य रूप से अपनी तकनीक के आधार पर तैयार और विकसित की है। इसमें रेडियो नेटवर्क से लेकर मुख्य नेटवर्क प्रणाली और परिचालन सॉफ्टवेयर शामिल हैं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने बैंकॉक में यूके के चांसलर जॉन हीली से की मुलाकात

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को बैंकॉक में यूके के चांसलर ऑफ द एक्चेकर जॉन हीली से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर जारी एक बयान में बताया कि सीतारमण ने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आईएमएफ-विश्व बैंक की सालाना बैठकों के दौरान यूके के चांसलर ऑफ द एक्सचेकर, जॉन हीली से मुलाकात की। इस दौरान सीतारमण ने पिछले 'आर्थिक और वित्तीय संवाद' के नतीजों को आगे बढ़ाते हुए, चौथे 'भारत-यूके वित्तीय बाजार संवाद', फिनटेक बैठकों और इनसे जुड़ी आईयूकेएफपी बैठकों के सफल समापन पर भी चर्चा की। मंत्रालय के मुताबिक, इस बैठक में वित्त



मंत्री सीतारमण ने साझा प्राथमिकताओं और एक रचनात्मक तथा समावेशी जी-20 प्रक्रिया की दिशा में यूके के साथ मिलकर काम करने के भारत के संकल्प को दोहराया। साथ ही सीतारमण ने उन्हें यह भी बताया कि भारत 14वें आर्थिक और वित्तीय संवाद (ईएफडी) को लेकर उत्सुक है, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों, ग्रीन टेक और शहर-क्षेत्र साझेदारियों में सहयोग का प्रस्ताव है। दोनों पक्षों ने पुष्टि की कि अगला ईएफडी इस साल दिसंबर में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले सीतारण का गुरुवार को बैंकॉक के सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पहुंचने पर थाईलैंड में भारत के राजदूत पुनीत अग्रवाल ने स्वागत किया। इसके साथ ही थाईलैंड सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत ट्रेजरी विभाग के उप महानिदेशक रुएचा वराटोर्न ने भी सीतारमण का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बैंकॉक में आईएमएफ-विश्व बैंक की सालाना बैठकों में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इसके अलावा वह जी20 और जी-7 के वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठकों में हिस्सा लेंगी, और कई देशों तथा संगठनों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली की सीनियर महिला टी-20 टीम घोषित सोनी यादव को कप्तानी, श्वेता सहरावत उपकप्तान

नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने घरेलू सत्र 2026-27 की सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए 16 सदस्यीय दिल्ली की टीम घोषित कर दी है। सोनी यादव को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि श्वेता सहरावत उपकप्तान के साथ विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी संभालेंगी। टीम का चयन 14 अक्टूबर को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ में आयोजित सीनियर महिला चयन समिति की बैठक में किया गया। चयनित सभी खिलाड़ियों को 15 अक्टूबर को गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज मैदान पर टीम प्रबंधक को रिपोर्ट करना है। सोनी यादव (कप्तान), श्वेता सहरावत (उपकप्तान एवं विकेटकीपर), प्रिया पुनिया, तनीषा सिंह, प्रज्ञा रावत (विकेटकीपर), नाजमा, भारती रावल, वंशिका लीला, प्रिया मिश्रा, निधि महतो, दिशा नागर, शिवी शर्मा, सुमिति सोनी, मेधावी बिधूड़ी, गोयंका शर्मा और अक्षिता जैन। 14 अक्टूबर को हुई चयन प्रक्रिया के दौरान सीनियर महिला चयन समिति की अध्यक्ष रीमा मल्होत्रा, चयनकर्ता स्वर्ण चड्ढा और रानी ओझा मौजूद रहीं। इनके अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ की क्रिकेट सलाहकार समिति की सदस्य अंजलि शर्मा, मुख्य कोच दीप्ति ध्यानी और सचिव अशोक शर्मा भी बैठक में उपस्थित थे।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.21 फीसदी बढ़कर 13.38 लाख करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली। कॉरपोरेट कर संग्रह में अच्छी वृद्धि से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल से 14 अक्टूबर के बीच शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.21 फीसदी बढ़कर करीब 13.38 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 20.58 फीसदी बढ़कर 5.99 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जबकि गैर-कॉरपोरेट कर (व्यक्ति, कंपनियों और हिंदू अविभाजित परिवारों द्वारा चुकाया जाने वाला कर) संग्रह 5.83 फीसदी बढ़कर करीब 6.92 लाख करोड़ रुपये रहा। आयकर विभाग के मुताबिक वित्त वर्ष 2026-27 में 14 अक्टूबर तक प्रतिभूति लेन-देन कर (एसटीटी) संग्रह 52 फीसदी बढ़कर 46,840 करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि में कर 'रिफंड' (कर वापसी) सालाना आधार पर 24.22 फीसदी बढ़कर 2.65 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह भी 14 अक्टूबर तक 15 फीसदी बढ़कर 16.03 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 7.53 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर संग्रह और 8.03 लाख करोड़ रुपये का गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह शामिल है।

यूको बैंक का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 27 प्रतिशत बढ़कर 786 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 27 प्रतिशत बढ़कर 786 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कोलकाता स्थित बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 620 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। यूको बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 8,170 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,421 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 7,286 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 6,537 करोड़ रुपये थी। बैंक का परिचालन लाभ भी बढ़कर 1,872 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,613 करोड़ रुपये था।

सितंबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 21.8 फीसदी बढ़कर 4.55 लाख इकाई: सियाम

नई दिल्ली। दीपावली से पहले यात्री वाहनों की बिक्री में जबरदस्त इजाफा हुआ है। देश में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 21.8 फीसदी बढ़कर 4,54,574 इकाई हो गई है। उद्योग संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। सियाम के मुताबिक सितंबर 2025 में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,73,347 इकाई रही थी। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री सितंबर महीने 13.5 फीसदी बढ़कर 24.63 लाख इकाई हो गई है, जबकि सितंबर, 2025 में यह 21.70 लाख इकाई रही थी।

लद्दाख को 3,350 करोड़ की सौगात, पीएम मोदी बोले-

नई पीढ़ी का भविष्य संवारना केंद्र की प्राथमिकता

एजेंसी

नई दिल्ली/लेह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लद्दाख में करीब 3,350 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का विशेष ध्यान लद्दाख की नई पीढ़ी पर है। युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्थानीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लद्दाख का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सरकारी सेवाओं की पहुंच आसान बनाने, स्थानीय उद्यमियों को देश-दुनिया से जोड़ने और क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित और लोकार्पित परियोजनाओं में लेह एयरपोर्ट का नया यात्री टर्मिनल, 298 किलोमीटर लंबी निम्मू-पदुम-दारचा सड़क, 9 मेगावाट की हानू जलविद्युत परियोजना, बिजली ट्रांसमिशन लाइन और पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क शामिल हैं। इसके अलावा, प्रोजेक्ट हिम सरोवर के तहत 40 गांवों में बनाए गए जलाशय भी लोगों को समर्पित किए गए।

इन परियोजनाओं का उद्देश्य लद्दाख में हवाई और सड़क संपर्क बेहतर करना, बिजली की उपलब्धता बढ़ाना, जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना और क्षेत्र की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखना है।

प्रधानमंत्री ने निम्मू-पदुम-दारचा सड़क परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पर करीब 2,500 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उनके मुताबिक, इस मार्ग के तैयार होने से जिस सफर में पहले लगभग 12 घंटे लगते थे, वह अब करीब तीन घंटे में पूरा हो सकेगा।

लद्दाख जैसे दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र में सड़क संपर्क का विस्तार स्थानीय लोगों की आवाजाही और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच के लिहाज से महत्वपूर्ण है।



बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लद्दाख के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि युवाओं को अपने क्षेत्र में ही आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिलें।

उन्होंने लद्दाख में खेलों की संभावनाओं का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री के मुताबिक, यहां के युवाओं ने आइस हॉकी और पर्वतारोहण में अपनी पहचान बनाई है। स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में लद्दाख में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से जुड़े आंकड़े भी साझा किए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का नेटवर्क करीब 4,000 किलोमीटर तक पहुंच गया है। उनके अनुसार, बड़े पुलों की संख्या पहले 19 थी, जो अब बढ़कर 75 हो गई है। इसी तरह, हेलिपैड की संख्या चार से बढ़कर 40 होने और 99 प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचने का भी उल्लेख किया।

उन्होंने दावा किया कि लद्दाख के अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या भी दोगुनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख के विकास पर अधिक ध्यान दिया गया है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर क्षेत्र के विकास को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं देने का आरोप भी लगाया।

लद्दाख में देश के पहले पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क और 40 गांवों में बनाए गए जलाशयों का लोकार्पण भी कार्यक्रम का हिस्सा रहा। पेट्रोग्लिफ प्राचीन चट्टानों पर उकेरी गई आकृतियां और चित्र होते हैं, जो क्षेत्र के इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े महत्वपूर्ण प्रमाण हैं।

इन परियोजनाओं के जरिए एक ओर प्राचीन धरोहर के संरक्षण पर जोर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में कदम उठाया गया है। करीब 3,350 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ केंद्र सरकार ने लद्दाख में कनेक्टिविटी, शिक्षा, ऊर्जा, जल संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही है। इन योजनाओं का वास्तविक लाभ स्थानीय आबादी तक किस स्तर पर पहुंचता है, यह इनके क्रियान्वयन और आगे की प्रगति से स्पष्ट होगा।

राहुल गांधी अराजकता के प्रतीक : भाटिया

एजेंसी

नई दिल्ली। एसआईआर के तहत मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर विपक्ष चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहा है। राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन के 13 नेताओं ने स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। अदालत ने चुनाव आयोग और तीनों चुनाव आयुक्तों से जवाब मांगा है। इस बीच भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को 'अराजकता का प्रतीक' बताते हुए कांग्रेस पर संविधान को तार-तार करने का आरोप लगाया है। भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर हमला बोला। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को 'अराजकता का प्रतीक' बताया। उन्होंने उन्हें गैर-जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष करार देते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी बिना तथ्यों के बोलते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गौरव भाटिया ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी संविधान को तार-तार कर रहे हैं। इतना ही नहीं, भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए प्रदर्शन के नाम पर नारेबाजी और हुड़दंग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को प्रदर्शन करने का अधिकार देता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिकार की आड़ में नियमों का उल्लंघन करे। प्रदर्शन के लिए तय जगह होनी चाहिए और इसके लिए पहले अनुमति लेनी जरूरी है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने कहा था कि वे विरोध प्रदर्शन करेंगे और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। अब सवाल यह उठता है कि यह किस तरह का बर्ताव था? क्या 'भीड़तंत्र' को चलने दिया जा सकता है? क्या न्यायपालिका पर दबाव डालने के लिए भीड़ जुटाई जा सकती है।

भाजपा की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से की अकोइजम के खिलाफ कार्रवाई की मांग

एजेंसी

नईदिल्ली। भाजपा की महिला सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोकसभा अध्यक्ष ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह इस मामले को निश्चित रूप से देखेंगे और इस पर भी विचार करेंगे कि इसे आचार समिति के पास भेजा जाना चाहिए या नहीं। अकोइजम को यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच हाल में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में प्रोफ़ेसर के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद भाजपा सांसद डी पुरंदेश्वरी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष से कांग्रेस सांसद अकोइजम के खिलाफ लगे आरोपों की ओर दिलाया और उनसे उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने बिरला से कहा कि जेएनयू की आंतरिक समिति ने कांग्रेस सांसद को दोषी पाया है ओर सेवा से बर्खास्त भी किया है। इस मामले को संसद की आचार समिति के पास भेजने और इस बात पर विचार करने का आग्रह किया कि क्या उन्हें लोकसभा सदस्य बने रहना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा की छह महिला सांसदों ने बाद में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन भी किया। उन्होंने अकोइजम के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं करने को लेकर कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना की और कहा कि वे शिकायत दर्ज कराने का साहस दिखाने वाली जेएनयू की छात्राओं को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेंगी। भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया कि इस मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सोची-समझी चुप्पी से पता चलता है कि मुख्य विपक्षी दल सिद्धांतों के बजाय अपनी सुविधा के अनुसार राजनीति करता है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर निशाना साधते हुए सांसद एवं महिला मोर्चे की अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अकोइजम के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दिया है।

नक्सलवाद की हर निशानी मिटाकर हंसता-खेलता बस्तर बनाना है : शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि नक्सलवाद समाप्त होने के बावजूद पांच दशकों तक चली हिंसा की पीड़ा को समाप्त करने के लिए प्रभावित लोगों के पुनर्वास और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने की जरूरत है। सरकार का लक्ष्य न केवल नक्सलवाद को समाप्त करना है, बल्कि उसकी हर निशानी मिटाकर बस्तर को फिर से हंसता-खेलता क्षेत्र बनाना भी है।

शाह छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित दिव्यांग सेवा शिविर के दूसरे चरण को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत नक्सली हिंसा में दिव्यांग हुए आदिवासी भाई-बहनों को कृत्रिम अंग और अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे फिर से आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। गृह मंत्री ने बताया कि पांच से सात अक्टूबर के बीच जगदलपुर में आयोजित शिविर में 3,600 से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हुए थे। इनमें 1,570 से अधिक लाभार्थी बस्तर क्षेत्र के थे। ये आंकड़े बताते हैं कि पांच दशकों तक चले नक्सलवाद ने गरीब आदिवासी समुदाय को किस हद तक प्रभावित किया। निर्दोष नागरिकों को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए बारूदी सुरंगों और विस्फोटकों के जरिए अपंग बना देना मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। शाह ने कहा कि शिविर में जरूरतमंदों को कृत्रिम हाथ-पैर, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र, स्मार्ट वॉकिंग स्टिक और कैलिपर्स जैसे सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने एक लाभार्थी के अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि तीन साल बाद अपने हाथ से गिलास उठाकर पानी पी पाने की उसकी



खुशी को शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार, जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, भारतीय जैन संघ और अभियान से जुड़ी अन्य संस्थाओं के योगदान की सराहना की।

गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से इस अभियान को लगातार जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जहां भी राज्य सरकार को संसाधनों की कमी होगी, वहां केंद्र सरकार पूरी सहायता के लिए खड़ी रहेगी। प्रत्येक दिव्यांग और नक्सल हिंसा से प्रभावित व्यक्ति का पुनर्वास कर उसे समाज में सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देना सरकार का दायित्व है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद के प्रभाव से बाहर निकलकर बस्तर में विकास और सामान्य जनजीवन को बहाल करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने अपने संबोधन में दावा किया कि 8,526 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि इनमें से जिन 7,500 लोगों के पास बैंक खाते नहीं थे, उनके खाते खोले गए हैं। इसके अलावा 1,625 लोगों को इनामी राशि और 7,882 लोगों को प्रोत्साहन राशि दी गई है, जबकि 455 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि 129 लोगों को भूमि आवंटित की गई है और 404 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिए गए हैं। दो हजार से अधिक आदिवासियों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा 6,700 नए राशन कार्ड बनाए गए हैं और 2,800 परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए 372 नई परियोजनाएं शुरू की गई हैं और 670 पुलियों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही 48,526 लोगों को आधार कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि बस्तर में सुरक्षा शिविरों की भूमिका को अब विकास और जनसेवा से जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 200 से अधिक सुरक्षा शिविरों को शहीद भीमा मंडावी सेवा केंद्रों में बदलने की योजना है। इन केंद्रों के माध्यम से सरकारी अधिकारी स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, राशन और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद करेंगे।

पेज एक का शेष

'कोई भी न्यायपालिका...

है, हमें पता है कि बाहर क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कमजोर प्रयासों पर कोई ध्यान नहीं देता, जबकि अदालत बाहर दिए जा रहे बयानों से भी अवगत है। सुनवाई के दौरान अदालत ने असदुद्दीन ओवैसी समेत नेताओं की ओर से निर्वाचन आयोग से संबंधित दायर याचिकाओं पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किए और समान राहत वाली याचिकाओं को एक साथ रखने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले और शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत सहित अन्य नेता शामिल हैं। यह याचिका 12 अक्तूबर को दायर की गई थी। शुरुआती प्रक्रियात्मक कमियों को दूर करने के बाद, 13 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने इसे पंजीकृत कर लिया। याचिका में इस बात की न्यायिक जांच की मांग की गई है कि क्या ये फैसले संविधान के अनुच्छेद 324, चुनाव आयोग को नियंत्रित करने वाले 2023 के कानून, और 'टी.एन. शेषन बनाम भारत संघ' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप लिए गए हैं या नहीं। याचिका में मांगी गई मुख्य राहतों में, अदालत से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि किसी भी मतदाता का नाम बिना नोटिस दिए और सुनवाई का उचित अवसर प्रदान किए बिना न हटाया जाए। साथ ही, यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि हटाए गए मतदाताओं की सूची को बूथ-वार प्रकाशित किया जाए, जिसमें नाम हटाने के कारणों और मतदाताओं के जनसांख्यिकीय विवरणों का भी उल्लेख हो। एसआई से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में हो रहे विरोध प्रदर्शन से जुड़ी याचिकाओं पर भी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'इस अदालत के सामने हर आवाज कीमती है और सबकी बात सुनी जाएगी। इसके साथ ही अदालत ने जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शन की तय जगह के रूप में हटाए जाने (डी-नोटिफिकेशन) को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को उस महिला पत्रकार के खिलाफ भी कार्रवाई ना करने का आदेश दिया, जिसने दिल्ली पुलिस के एसीपी एसीपी विवेक भगत पर प्रदर्शन कवर करने के दौरान यौन हमले और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। कोर्ट ने अपने पुलिस को दिए अपने आदेश में कहा कि महिला पत्रकार के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई न करें क्योंकि उस याचिका पर अभी विचार होना बाकी है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि 9 अक्तूबर को कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश की अवहेलना करने पर जिम्मेदार अफसरों ने मांगी है और कोर्ट में स्पष्टीकरण जमा किया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को स्पष्ट किया कि वह अवमानना मामले में अधिकारियों द्वारा बिना शर्त माफी मांगे जाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान नहीं ले रहा है।

'इस्लाम अपनाने वाला...

तरह के आरक्षण का हकदार है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में साफ किया है कि पुरानी सामाजिक व्यवस्था के कारण झेला गया पिछड़ापन, अपने आप में, नई सामाजिक व्यवस्था में भी लागू नहीं माना जा सकता, ताकि उस व्यक्ति को वहां पिछड़े वर्ग का दर्जा मिल सके। पीठ ने फैसले में कहा संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश के तहत, जो व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानता है, उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। इसलिए, किसी ऐसे धर्म में परिवर्तन करने पर जो इस सूची में शामिल नहीं है, उस व्यक्ति का अनुसूचित जाति का दर्जा खत्म हो जाता है। ऐसे में वह अनुच्छेद 16(4) के तहत उन विशेष लाभों का दावा नहीं कर सकता।

फैजुल्लागंज से...

से इस संबंध में बातचीत हुई है। मुख्यमंत्री से आग्रह कर जल्द शिलान्यास कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो सके। लक्ष्य है कि भविष्य में कितनी भी बड़ी बाढ़ आए, फैजुल्लागंज के लोगों को दोबारा ऐसी तबाही का सामना न करना पड़े। राजनाथ सिंह ने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क है और चिकित्सकों की टीमें भी लगी हैं। प्रभावितों को हरसंभव सहायता देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रभावितों को धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि इतनी बड़ी प्राकृतिक आपदा से निपटने में समय लगता है। संकट की इस घड़ी में हरसंभव मदद की जाएगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी पवन सिंह चौहान, मुकेश शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद थे।

पूर्व आईएएस...

द्वारा बनाई जाएगी। दूसरा वचन (जरूरत से फैसला, फैसले में बराबरी): विकास कार्य और निर्णय जाति, धर्म या वीआईपी पहचान देखकर नहीं, बल्कि जरूरत के आधार पर लिए जाएंगे। उदाहरण के लिए, महिलाओं की सुरक्षा या स्थानीय बुनियादी विकास कार्यों (सड़क, हैंडपंप) में सीधे जनता और प्रभावित लोगों की राय शामिल होंगी, जिससे किसी एक के इशारे पर जनहित के फैसले न बदले जा सके। तीसरा वचन (जनता को हिसाब, हिसाब से सुधार): शासन-प्रशासन के हर काम की पारदर्शिता जनता के हाथ में होगी। मोबाइल और डिजिटल माध्यमों से हर नागरिक को विकास कार्यों का नक्शा, बजट और प्रगति की जानकारी मिलेगी। जनता खुद तीन रंगों (हरा-अच्छा, पीला- अधूरा, लाल- खराब) के जरिए अस्पतालों, स्कूलों और अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता तय करेगी, जिससे बिचौलियों की संस्कृति खत्म हो सकेगी।

पाकिस्तान के पेशावर...

मृत बच्चों की उम्र 13 वर्ष या उससे कम है। घायलों के उपचार के लिए अस्पताल में आपात स्थिति घोषित कर दी गई। पेशावर के उपायुक्त अफाक वजीर ने बताया कि मलबे में फंसे सभी लोगों को निकाल लिया गया है। उन्होंने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। प्रांतीय शिक्षा सचिव इनायतुल्लाह वसीम ने निजी स्कूल नियामक प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक को शुक्रवार तक हादसे पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। पुलिस प्रमुख ने बताया कि इमारत संकरी गलियों में स्थित थी, जिससे बचाव अभियान में कठिनाई हुई। अधिकारियों की जांच में यह पता लगाया जाएगा कि निर्माण के दौरान किन नियमों का उल्लंघन हुआ। लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय करने के वास्ते विस्तृत जांच भी की जाएगी। बचाव दल मलबा हटाने और यह सुनिश्चित करने में जुटे रहे कि कोई बच्चा या स्कूल कर्मचारी मलबे के नीचे न फंसा हो। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने पेशावर के मुख्य यातायात अधिकारी को एंबुलेंस की निर्बाध आवाजाही के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाने का निर्देश दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए अधिकारियों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक ने भी शोक संतप्त परिवारों के प्रति एकजुटता जताई और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल फैसल करीम कुंडी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों से हादसे के कारणों का पता लगाने को कहा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी बच्चों की मौत पर शोक जताया और कहा कि वह इस दुखद खबर से स्तब्ध हैं। पाकिस्तान में इमारतों और उनकी छतों के गिरने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। इनके लिए आम तौर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल को जिम्मेदार ठहराया जाता है। जुलाई में सिंध प्रांत के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय की बाहरी दीवार का हिस्सा गिरने से तीन लड़कियों की मौत हो गई थी। उनकी उम्र तीन से 13 वर्ष के बीच थी। इसी महीने लाहौर में एक निर्माणाधीन निजी स्कूल की छत गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई थी और पांच अन्य लोग घायल हुए थे। जून में लाहौर के एक निजी ट्यूशन सेंटर की छत गिरने से 14 बच्चों की मौत हो गई थी। इससे दो महीने से भी कम समय पहले डेरा गाजी खान जिले के एक निजी स्कूल की कक्षा की छत गिरने से चार बच्चों की मौत हुई थी और 20 लोग घायल हुए थे।

अमेरिका के...

जिनमें दक्षिण एशियाई विरासत, विशेष रूप से भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ हिंसा का उल्लेख था। पुलिस के अनुसार, वह पिछले रविवार को साजिश को अंजाम देने की पूरी तैयारी के साथ गाड़ी से औरोरा के एक हिंदू मंदिर पहुंचा था। उसने हमले के लिए ऐसा दिन चुना था, जब मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। अधिकारियों ने बताया कि अगर राइफल में खराबी न आती, तो वह कई लोगों की जान ले चुका होता। यह घटनाक्रम ओहायो के रिचमंड हाइट्स स्थित श्री स्वामीनारायण वडताल धाम हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना के ठीक दो सप्ताह बाद सामने आया है। एनबीसी शिकागो की एक खबर के अनुसार, पापोरकिस रेस्तरां 'टैको बेल' में कैशियर के तौर पर काम करता था। सरकारी अभियोजक कार्यालय से आरोपी पर आतंकवादी धमकी देने और अवैध रूप से हथियार रखने के गंभीर आपराधिक आरोप लगाए हैं। इस जांच में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) भी सहायता कर रहा है। तलाशी के दौरान आरोपी के घर से मोडिफाइड एआर-स्टाइल राइफल और 300 कारतूस, बॉडी आर्मर, पेट्रोल कैन और दस्तावेज आदि मिले हैं। पापोरकिस को बुधवार को रोलिंग मीडोज स्थित कुक काउंटी के तीसरे नगर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे हिरासत में भेजने का आदेश दिया। उसकी अगली पेशी 30 अक्तूबर को निर्धारित की गई है।

वैश्वीकरण को पलटना...

बदलाव के साथ भारत अपनी क्षमताओं को मजबूत कर रहा है और भरोसेमंद साझेदारियां स्थापित कर रहा है। आईएमईसी एक प्रस्तावित बहुआयामी व्यापार, ऊर्जा और डिजिटल संपर्क नेटवर्क है। इसकी घोषणा सितंबर, 2023 में नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी। इसका उद्देश्य एशिया, अरब खाड़ी क्षेत्र और यूरोप के बीच संपर्क तथा आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देकर आर्थिक विकास को गति देना है। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए बुधवार को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे थे। जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की और द्विपक्षीय तथा वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने हाल के वर्षों में व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना सहयोग बढ़ाया है। मई, 2022 में लागू हुआ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। जयशंकर ने बुधवार को बदलती वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप बहुपक्षीय संस्थानों में तत्काल सुधार की जरूरत पर जोर दिया। साथ कहा कि देशों के छोटे समूहों के बीच सहयोग बढ़ाकर इस दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब बड़े बहुपक्षीय मंचों पर आम सहमति बनाना मुश्किल होता है, तब इस तरह के छोटे समूहों के जरिए देश अधिक प्रभावी ढंग से मिलकर काम कर सकते हैं। जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मजबूत हुई साझेदारी इस बात का उदाहरण है।

कसारी-मसारी अब...

कहा कि पहले इस इलाके में पुलिस की गाड़ी तक नहीं आ पाती थी। आज यहां सात से 14 मीटर तक चौड़ी सड़कें हैं और आवागमन सुगम हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के लोगों के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। पहले यूपी का नाम सुनकर लोग सौ कदम दूर भागते थे। आज उत्तर प्रदेश का नाम सुनकर गले लगाने आते हैं। प्रयागराज, काशी और अयोध्या की पहचान सम्मान का विषय बन गई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और सुशासन के कारण उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह के आग्रह पर कसारी-मसारी को श्रीकृष्णपुरी के रूप में विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यहां बनने वाले गरीबों के आवास और आधुनिक टाउनशिप सहित पूरे क्षेत्र को श्रीकृष्णपुरी के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे पूरे क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महाराजा बिजली पासी 12वीं सदी के प्रतापी राजा थे। उन्होंने लखनऊ और आसपास 12 किलों का निर्माण कराया था। वह विदेशी आक्रांताओं के काल में सनातन धर्म के प्रबल रक्षक थे। उनके नाम पर राजकीय आईटीआई का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इससे पहले तेलियरगंज में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाशय मसुरियादीन पासी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। उन्होंने बताया कि मसुरियादीन पासी स्वतंत्र भारत में विधायक और चार बार सांसद रहे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 65 लाख गरीबों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। डबल इंजन सरकार बिना भेदभाव गरीबों, दलितों और वंचितों को आवास, राशन कार्ड, बिजली, उज्ज्वला गैस कनेक्शन और आयुष्मान भारत के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से सरकारी नौकरी के अवसर उनके नजदीक आए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रयागराज में गंगा नदी पर बड़े पुल का निर्माण कराया जा रहा है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण भी लगभग पूरा हो चुका है। महाकुंभ के दौरान सड़कों का चौड़ीकरण हुआ। गंगा एक्सप्रेसवे से प्रयागराज और दिल्ली के बीच सफर का समय कम होकर करीब सात घंटे होगा। उन्होंने जनता से जनप्रतिनिधियों पर आशीर्वाद बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि विकास और सुरक्षा की चिंता सरकार करेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली हैं। प्रदेश को लेकर देश और दुनिया की धारणा में बड़ा बदलाव आया है। मुख्यमंत्री योगी ने सत्ता संभालते ही गुंडों और माफिया के समूल नाश का बीड़ा उठाया था, जिसका परिणाम आज सामने है। पद्मलोक आवास योजना गरीबों की प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में बेटियां निर्भय होकर आवागमन कर रही हैं। गरीब परिवारों के बच्चे पुलिस में दरोगा और सिपाही बन रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं लखपति दीदी बनकर आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न जातिवाद, न क्षेत्रवाद, न व्यक्तिवाद, न परिवारवाद और न वंशवाद, केवल योगीवाद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा फिर आई तो माफिया जमीनों पर दोबारा कब्जा कर लेंगे। विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि पहले मुख्यमंत्री इसी परिसर में आकर माफिया के लोगों से हाथ मिलाते थे। आज भगवाधारी मुख्यमंत्री योगी उसी जमीन पर गरीब परिवारों के आवासों का भूमि पूजन कर रहे हैं। यही सुशासन और विकास का अंतर है। उन्होंने कहा कि कभी इस क्षेत्र में महिलाओं और बेटियों का निकलना मुश्किल था। आज यहां गरीबों के घर बन रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने पीपलगांव के 556 आवासों के लाभार्थियों में से ममता, सिंधु श्रीवास्तव, कंचन सोनी, बसंती देवी, निरुपम चक्रवर्ती, शंकर लाल कुशवाहा, प्रियंका सोनकर, ललिता पांडेय, रंजीता सोनकर और हरिशंकर मिश्रा को स्वयं चाबियां सौंपीं।

परविंदर सिंह झोटा की हत्या के विरोध में पंजाब बंद, मांगा मुख्यमंत्री व डीजीपी का इस्तीफा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के विरोध में गुरुवार सुबह 6 बजे से पंजाब बंद शुरू हो गया। झोटा के परिवार की ओर से किए गए बंद के आह्वान को किसान संगठनों, राजनीतिक दलों और व्यापारिक संगठनों का समर्थन मिला है। कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों ने सड़कें जाम कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बंद शाम 5 बजे तक जारी रहने का ऐलान किया गया है।

झोटा के पिता और पूर्व सैनिक भीम सिंह ने सुबह लोगों से सड़कों पर उतरकर बंद को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि के बावजूद लोग आंदोलन में शामिल हों और नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि बंद के दौरान एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को रास्ता दिया जा रहा है। कई निजी शिक्षण संस्थानों ने भी गुरुवार को छुट्टी घोषित की है। हालांकि,



सुबह करीब 8 बजे तक मालवा के कुछ जिलों में बंद का असर सीमित दिखाई दिया। अमृतसर में सुबह करीब 7 बजे गोल्डन गेट पर किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के नेतृत्व में किसानों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। भारी बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार नशे के कारोबार पर लगाम लगाने और युवाओं को नशे से बचाने में विफल रही है। उन्होंने झोटा की हत्या का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री के इस्तीफ़े की मांग की। बठिंडा जिले के रामपुरा फूल चौक पर मौर चौक के पास राजमार्ग अवरुद्ध करने की कोशिश कर रहे कुछ प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लेने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे पहले मंडी कलां अनाज मंडी में एकत्रित होंगे और इसके बाद दोबारा सड़क जाम करने के लिए आगे बढ़ेंगे। विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनकारियों की गतिविधियों के बीच पुलिस और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। परविंदर सिंह झोटा का शव मानसा के सिविल अस्पताल में रखा हुआ है। परिवार की सहमति नहीं मिलने के कारण अभी तक पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। परिवार और मामले में न्याय की मांग को लेकर गठित एक्शन कमेटी ने मांग की है कि पोस्टमार्टम चंडीगढ़ स्थित पीजीआई के डॉक्टरों के पैनल से कराया जाए। एक्शन कमेटी ने बंद के दौरान लोगों से शांति बनाए रखने और संयम बरतने की अपील की है। साथ ही प्रशासन से कानून हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। झोटा के परिवार और एक्शन कमेटी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के इस्तीफ़े की मांग की है। इसके अलावा झोटा हत्याकांड की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराई जाए। संबंधित जिला ड्रग इंस्पेक्टर, एसएसपी, डीएसपी और थाना प्रभारी को बर्खास्त किया जाए। प्रदर्शनों के सिलसिले में हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा किया जाए। राज्य में नशे के कारोबार पर रोक लगाने और युवाओं को बचाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए आदि उनकी प्रमुख मांगें रही। परविंदर सिंह झोटा की हत्या के बाद पंजाब में नशे के मुद्दे और कानून-व्यवस्था को लेकर राजनीतिक तथा सामाजिक संगठनों का विरोध तेज हो गया है। परिवार और समर्थक मामले में निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में पंजाब बंद के दौरान प्रदर्शन जारी रहे। बंद का असर अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग दिखाई दिया, जबकि प्रदर्शनकारियों ने आपातकालीन सेवाओं को बाधित नहीं करने की बात कही है।

परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड के बाद मानसा सिटी-2 थाना प्रभारी निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मानसा। नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के दो दिन बाद मानसा सिटी-2 थाने की प्रभारी इंस्पेक्टर बेअंत कौर को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने में पुलिस की कथित नाकामी को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच की गई है। प्रदर्शनकारी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मानसा के एसएसपी वैभव चौधरी ने गुरुवार को बताया कि इंस्पेक्टर बेअंत कौर



को तत्काल प्रभाव से प्रशासनिक आधार पर निलंबित किया गया है। इस बीच, पुलिस ने हत्याकांड में दो और लोगों को नामजद किया है, जो मुख्य आरोपित अश्वनी कुमार के करीबी बताए जा रहे हैं। इनमें से एक उसके परिवार का सदस्य भी है। पुलिस मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। इस मामले में मुख्य आरोपित अश्वनी कुमार सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपित के परिवार के सदस्यों को भी हिरासत में लिया गया है। अश्वनी कुमार के नाम पर दो लाइसेंसी हथियार दर्ज हैं। उसने करीब दो साल पहले हथियारों का लाइसेंस बनवाया था। पुलिस का दावा है कि हत्या के बाद से क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल है और नशे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एलएनजेपी अस्पताल में सीटी स्कैन और टेस्ला एमआरआई मशीनों का शुभारंभ किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में ड्यूल सोर्स 256 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन और तीन टेस्ला एमआरआई मशीनों का शुभारंभ किया। एलएनजेपी अस्पताल में मशीनों के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इन मशीनों के शुभारंभ से हृदय, मस्तिष्क, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों की जांच की बेहतर सुविधा अब अस्पताल में ही मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार लगातार यह सुनिश्चित कर रही है कि दिल्ली के सरकारी अस्पताल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हों और बेहतर इलाज हर नागरिक की पहुंच में हो। इस अवसर पर कैबिनेट सहयोगी डॉ. पंकज कुमार सिंह और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष अरविंदर सिंह साहनी उपस्थित रहे।

दिल्ली भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल मदन लाल खुराना की जयंती के अवसर पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके राजनीतिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, खुराना की पत्नी राज खुराना, ओ. पी. बब्बर, मूलचंद चावला, वेद व्यास महाजन सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को स्मरण किया। इस मौके पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि मदन लाल खुराना भारतीय राजनीति में उच्च आदर्शों के प्रतीक थे। वो केवल नेता नहीं, एक मूल्य व्यवस्था थे। 1995 में जैन हवाला मामले में उनका नाम आने पर



उन्होंने बिना एक पल गंवाए दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि खुराना ने राजनीति को ये संदेश दिया कि पद से बड़ा चरित्र और सिद्धांत होते हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि खुराना को दिल्ली का 'शेर' कहा जाता था। उनकी आवाज में दिल्ली की जनता का आत्मविश्वास बोलता था। मल्होत्रा ने बताया कि उन्होंने दिल्ली को राज्य का दर्जा दिलाने से लेकर बुनियादी सुविधाओं तक के लिए संघर्ष किया। विपक्ष के बीच भी खुराना की एक अलग साख थी। मल्होत्रा ने कहा कि आज उनकी जन्म जयंती पर सभी को संकल्प लेना चाहिए कि खुराना के त्याग, निष्ठा और राष्ट्र-प्रथम की राजनीति को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी विष्णु मित्तल, राजेश भाटिया, रंजीत कश्यप, संतोष ओझा, संतोष पाल, कैलाश जैन, अमित गुप्ता और उनके परिजन शिवम छावड़ा एवं संयम छावड़ा भी सम्मिलित हुए।

अंकिता भंडारी को न्याय मिलने तक यह आंदोलन नहीं रुकेगा : उदय भानु चिब

नई दिल्ली। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस ने बुधवार रात इंडिया गेट पर सत्याग्रह किया। भारतीय युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी से अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग की। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि युवा कांग्रेस और कांग्रेस के कई नेता एवं कार्यकर्ता बीती रात इंडिया गेट पर अंकिता भंडारी के माता-पिता के साथ प्रदर्शन में शामिल थे। इस दौरान कई लोगों को गुरुवार सुबह हिरासत में लिया गया बाद में एक घंटे में रिहा भी कर दिया गया। उदय भानु चिब ने आरोप लगाया कि अंकिता भंडारी के माता-पिता पिछले चार वर्षों से न्याय की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें ही हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने दुष्यंत गौतम को राज्यपाल बनाए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि अंकिता के परिवार को न्याय दिलाने के बजाय उनके माता-पिता और कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया जा रहा है। चिब ने कहा कि जिन बसों में दुष्यंत गौतम को गिरफ्तार होकर जाना चाहिए था, उनमें कांग्रेस के युवाओं को गिरफ्तार कर ले जाया जा रहा है।

कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन का झूठा नैरेटिव अब जनता के सामने बेनकाब : संजय सरावगी

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला सम्मान की बात करने वाले राहुल गांधी का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है। एक तरफ वे महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ अपनी पार्टी के सांसद पर छात्राओं के यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों पर मौन साधे हुए हैं। कांग्रेस को देश की जनता के सामने जवाब देना चाहिए कि वह अपने आरोपी सांसद के मामले में क्या कहती है। सरावगी ने कहा कि 11 छात्राओं द्वारा यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद दिल्ली पुलिस का कांग्रेस सांसद अंगोमोचा बिमोल अकोइजम को पूछताछ के लिए तलब करना कानून की निष्पक्षता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और छात्राओं की गरिमा एवं सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। कानून से ऊपर कोई नहीं है।

परविंदर सिंह झोटा की हत्या के शोक में मानसा में इस बार नहीं मनाया जाएगा दशहरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दशहरा कमेटी का फैसला, तैयारियों पर खर्च हो चुके हैं करीब 3 लाख रुपये

मानसा। नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के बाद पैदा हुए हालात और शोक के चलते मानसा में इस साल दशहरा उत्सव नहीं मनाया जाएगा। नई दशहरा कमेटी ने इस बार समारोह रद्द करने का फैसला लिया है। उधर, झोटा की हत्या के विरोध में मानसा शहर में लगातार तीसरे दिन बंद का माहौल बना हुआ है। नई दशहरा कमेटी के अध्यक्ष परवीन कुमार गोयल ने बताया कि शहर के मौजूदा हालात और परविंदर सिंह झोटा की हत्या के दुख को देखते हुए उत्सव रद्द करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि दशहरा समारोह में हर साल बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए आयोजन करना उचित नहीं है। गोयल के अनुसार प्रशासन भी मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि यदि समारोह के दौरान कोई अप्रिय घटना होती है, तो आयोजकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने झोटा की हत्या पर दुख जताते हुए कहा कि वह नशे के खिलाफ काम कर रहे थे और किसी को परेशान नहीं करते थे। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि दशहरा आयोजन की तैयारियों पर करीब तीन लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं। रावण सहित अन्य पुतले भी तैयार हो चुके हैं और समारोह के लिए आवश्यक ऑर्डर दिए जा चुके थे। इसके बावजूद कमेटी ने उत्सव नहीं मनाने का फैसला किया है। आमतौर पर मानसा में दशहरा समारोह नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष आयोजन के लिए सिरसा रोड पर 10 से 12 एकड़ में फैले एक निजी प्लॉट की पहचान की गई थी। हालांकि, कमेटी ने स्पष्ट किया कि यदि आने वाले दिनों में हालात सामान्य भी हो जाते हैं, तब भी इस बार दशहरा नहीं मनाया जाएगा। कमेटी झोटा की हत्या के शोक में यह अवसर सादगी और दुख के साथ बिताना चाहती है।

बिहार में रबी महाअभियान 2026 का आगाज

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 40 किसान जागरूकता वाहनों को दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को वासंतिक (रबी) महाअभियान-2026 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' कक्ष के सामने बने मंच से उन्होंने 38 किसान जागरूकता वाहनों और दो ज्ञान वाहनों सहित कुल 40 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं, उन्नत खेती की तकनीकों और कृषि प्रबंधन के बेहतर तरीकों की जानकारी देंगे।

महाअभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करना, पात्र किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। अभियान के दौरान किसानों को गेहूं, मक्का, दलहन और तिलहन की उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण कृषि उपादानों के उपयोग तथा फसल प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी जाएगी। महाअभियान के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से पात्र किसानों को अनुदान उपलब्ध कराने और कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत फसल प्रत्यक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही प्रखंड स्तर पर अनुदानित दरों पर कृषि उपादानों का वितरण सुनिश्चित करने तथा किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा। गेहूं की खेती में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए



जीरो टिलेज और सीड ड्रिल मशीनों से उन्नत बुआई तकनीकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इन तकनीकों के इस्तेमाल से खेती की लागत कम करने, उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और कृषि कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा। अभियान के दौरान किसानों तक कृषि संबंधी जागरूकता और तकनीकी जानकारी पहुंचाने के लिए किसान मेले, किसान पाठशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कृषि परिभ्रमण, प्रक्षेत्र दिवस और किसान गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों से परिचित कराने के साथ खेती से जुड़ी समस्याओं के समाधान की जानकारी भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, कृषि जन कल्याण चौपाल-सह-खेत बचाओ अभियान-2026 के जरिए किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने तथा उन्हें कृषि योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देने पर बल दिया जाएगा। रबी महाअभियान के तहत संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, मिट्टी की जांच, प्राकृतिक एवं जैविक खेती और कृषि कार्यों में ड्रोन तकनीक के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता के अनुरूप उर्वरकों का इस्तेमाल करने, पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियां अपनाने और वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने 63 मेधावी विद्यार्थियों और छह प्रधानाचार्यों को किया सम्मानित,बोले-मेधावी उत्तराखंड के स्तंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 63 मेधावी विद्यार्थियों तथा छह विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थी उत्तराखंड के उज्ज्वल भविष्य के आधार स्तंभ हैं।

मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में हाईस्कूल के 38 और इंटरमीडिएट के 25 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। हाईस्कूल परीक्षा में अक्षत गोपाल ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि इंटरमीडिएट में गीतिका पंत और सुशीला मेहंदीरत्ता ने 98-98 प्रतिशत अंक के साथ



संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर धामी ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ शिक्षकों तथा अभिभावकों के योगदान को दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2026 में प्रदेश का हाईस्कूल परीक्षाफल 92.10 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का 85.11 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को आधुनिक तकनीक, नवाचार और भारतीय जीवन मूल्यों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप राज्य में शिक्षा व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 500 विद्यालयों में वर्चुअल क्लासरूम और केंद्रीय स्टूडियो की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश में 189 अटल उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित किए गए हैं तथा सरकारी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की गई हैं। उन्होंने कहा कि नंदा गौरा योजना के तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली पात्र छात्राओं को 51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री बालाश्रय योजना के माध्यम से अनाथ बच्चों की निःशुल्क शिक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखंड के पूर्ण साक्षर राज्य बनने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के साथ स्वास्थ्य जागरूकता तथा जीवनोपयोगी कौशल को बढ़ावा देने की जरूरत है। समारोह में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक सविता कपूर, सचिव शिक्षा ज्योति यादव, अपर सचिव शिक्षा नमामि बंसल और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

चमोली की कीवी पहली बार दिल्ली की मंडी में, 200 कुंतल की खेप रवाना

गोपेश्वर। चमोली की कीवी अब दिल्ली के बड़े बाजार में अपनी जगह बनाने की ओर बढ़ चली है। जिले से पहली बार 200 कुंतल कीवी दिल्ली की आजादपुर मंडी भेजी गई है। इससे स्थानीय काश्तकारों को अपनी उपज के विपणन के लिए बड़े बाजार तक पहुंच बनाने का अवसर मिलेगा। अब तक स्थानीय स्तर पर बिक्री पर निर्भर रहने वाले किसानों के लिए यह पहल नए खरीदारों तक पहुंचने की राह खोल सकती है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने विकास भवन परिसर से कीवी की खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले में मिशन कीवी के तहत उत्पादन बढ़ाने के साथ अब उपज को बड़े बाजारों तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे किसानों को बेहतर विपणन के अवसर उपलब्ध कराने और पहाड़ी क्षेत्रों में बागवानी को आजीविका का मजबूत माध्यम बनाने की उम्मीद है। चमोली जिले में मिशन कीवी के तहत करीब 800 काश्तकार 62 हेक्टेयर भूमि पर कीवी का उत्पादन कर रहे हैं। इस वर्ष जिले में 500 कुंतल से अधिक कीवी पैदा हुई है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063